CMYK

खबरें छुपाता नही, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

हल्द्वानी, मंगलवार 26 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 365 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत — पेज 2



मीराबाई चानू व देवरिया ने जीते गोल्ड — खेल टाइम्स



नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू किया — सम्पादकीय



भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर — पेज 12

# सार्वजनिक नहीं होगी पीएम मोदी की डीयू की डिग्री

## दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश पलटा, विश्वविद्यालय बाध्य नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैचलर डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) का आदेश पलट दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की याचिका पर अपना फैसला सुनाया।

कोर्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री दिखाने के लिए बाध्य नहीं है। दरअसल सीआईसी ने 2016 में एक आरटीआई एक्टिविस्ट की याचिका पर दिल्ली यूनिवर्सिटी को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। पीएम मोदी ने भी इसी साल परीक्षा पास की थी। आरटीआई एक्टिविस्ट की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने दलील दी कि जो जानकारी मांगी गई है, वह हर विश्वविद्यालय सार्वजनिक करता है। इसे अक्सर नोटिस बोर्ड पर, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर और कई बार अखबारों में भी छापा जाता है। इधर, डीयू की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा और कहा कि महज जिज्ञासा को आरटीआई के जरिए सूचना मांगने का आधार नहीं मान सकते हैं। ये मामला 2016 में शुरू हुआ था, जब आरटीआई कार्यकर्ता नीरज कुमार ने डीयू से 1978 में बीए पास करने वाले सभी छात्रों का नाम, रोल नंबर, अंक और पास-फेल का ब्योरा मांगा था। उस साल पीएम मोदी के भी बीए पास करने का जिक्र है। डीयू ने इसे व्यक्तिगत जानकारी बताते हुए सूचना देने से मना कर दिया था। हालांकि सीआईसी ने इसको लेकर कहा था कि यह जानकारी सार्वजनिक की जाए, क्योंकि विश्वविद्यालय एक सार्वजनिक संस्था है और डिग्री का ब्योरा सार्वजनिक दस्तावेज माना जाता है। डीयू ने इस आदेश को 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी और कहा कि छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी (भरोसे में रखी गई गोपनीय जानकारी) के तहत आती है, जिसे किसी अजनबी को नहीं दिया जा सकता।



■ आरटीआई कार्यकर्ता नीरज कुमार ने मांगा था रिकॉर्ड

## हम आतंकवादी और उनके आकाओं को छोड़ते नहीं: प्रधानमंत्री

■ जवानों ने पाक में 22 मिनट में खेल कर दिया
■ दुनिया ने देखा बदला कैसे लिया

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा कि आज हम आतंकवादी और उनके आकाओं को छोड़ते नहीं है। चाहे वे कहीं भी छिपे हों। खोडलधाम ग्राउंड में जनसभा में उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान में तय किए लक्ष्य पर आतंकवादियों की नाभि में वार किया। पीएम ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम का बदला कैसे लिया। 22 मिनट में सब कुछ साफ कर दिया।

गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है। सुदर्शनधारी ने भारत को सेना के पराक्रम इच्छाशक्ति का प्रतीक बनाया। चरखाधारी ने आत्मनिर्भर बनाया है। पीएम 25 और 26 अगस्त को गुजरात दौरे पर हैं। वे शाम 5 बजे अहमदाबाद पहुंचे और नरोडा से निकोल तक करीब 3 किमी लंबा रोड शो किया। उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों को अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यपाल देवव्रत आचार्य समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने 5477 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत की। साबरमती से कटोसन रोड ट्रेन और कार लोडेड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने संबोधन में कहा कि हमारे गुजरात में बहुत से पशुपालक हैं।

## छात्रों पर लाठीचार्ज बर्बरता और शर्मनाक: राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ SSC अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज करना डरपोक सरकार की पहचान

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्मचारी चयन आयोग- एसएससी की परीक्षा में गड़बड़ी किए जाने का विरोध कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज को शर्मनाक करार देते हुए सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर यह अन्याय तथा बर्बरता है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

राहुल गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज- शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- रोज़गार और न्याय। मिली क्या। लाठियां। उन्होंने कहा कि साफ़ है कि मोदी सरकार को न देश के युवाओं की चिंता है और न ही उनके भविष्य की। क्यों हो, ये सरकार जनता के वोटों से नहीं, वोट चुराकर सत्ता में आई है। पहले वोट चुराएंगे फिर परीक्षा चुराएंगे फिर नौकरियां चुराएंगे फिर आपका हक़ और आवाज़ दोनों कुचल देंगे! युवाओं, किसानों, गरीबों, बहुजनों और अल्पसंख्यकों - आपका वोट इन्हें चाहिए नहीं, इसलिए आपकी मांगे कभी इनकी प्राथमिकता नहीं होंगी। प्रियंका ने कहा कि एसएससी छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग अमानवीय और शर्मनाक है।

### यूएपीए मामले में सलीम खान की जमानत बरकरार

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा 'अल-हिंद' संगठन से संबंधों के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपी सलीम खान को जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ का तर्क है कि चूंकि अल-हिंद का यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन के रूप में नाम नहीं है इसलिए इसकी बैठकों में भाग लेना ही अधिनियम के तहत कोई अपराध नहीं माना जाएगा।

### दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता की सिक्योरिटी वापस ली गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी गई जेड प्लस सिक्योरिटी सोमवार को हटा ली गई। 4 दिन पहले उन पर हमले के बाद यह सिक्योरिटी दी गई थी। यह फैसला वापस क्यों लिया गया, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अब फिर से उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। इधर सीएम रेखा पर हमले के मामले में रविवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी राजेश भाई खीमजीभाई सकरिया के सहयोगी तहसीन सैयद को अरेस्ट किया गया है। दिल्ली सीएम आवास में 20 अगस्त की सुबह जनसुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता पर हमला हुआ था। शिकायतकर्ता बनकर पहुंचे राजेश ने सीएम को कागज देते समय उनका हाथ खींचा था। हमले में रेखा के हाथ-कंधे, सिर पर चोटें आईं थीं।

### दिल्ली मेट्रो के किराए में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सोमवार से मेट्रो का किराया बढ़ा दिया है। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली मेट्रो सेवाओं के यात्री किराए में बदलाव किया गया है। सामान्य लाइनों पर एक रुपये से चार रुपये और एयरपोर्ट लाइन पर पांच रुपये तक की वृद्धि की गई है। इस इजाफे के बाद शून्य से दो किलोमीटर के बीच की छोटी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब 11 रुपये देने होंगे। इस बढ़ोतरी से पहले न्यूनतम किराया 10 रुपये था। लेकिन 32 किलोमीटर से ज्यादा की सबसे लंबी दूरी तय करने वालों को 64 रुपये देने होंगे। मेट्रो रेल सेवा किराए में बढ़ोतरी 2004 में, उसके बाद 2005 और 2009 में हुई थी। साल 2017 में भी मई और अक्टूबर में किराए में संशोधन हुआ था।

### यमुनोत्री हाईवे लैंडस्लाइड से बंद

**नई दिल्ली।** उधर उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने बाढ़ के हालात हैं।

# दिव्यांगों का मजाक उड़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## पांच कॉमेडियंस को अपने यूट्यूब चैनलों पर माफी जारी करने का निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को समय रैना सहित पांच हास्य कलाकारों को दिव्यांगजनों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाने पर अपने यूट्यूब चैनलों और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माफ़ी जारी करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश एसएमए क्योर फाउंडेशन की एक याचिका पर दिया। इस याचिका में समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के आपत्तिजनक चुटकुलों को चिन्हित किया गया था। संगठन ने अदालत से हास्य के नाम पर दिव्यांगजनों का मज़ाक उड़ाने से रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी मांगे थे। पीठ ने कहा कि हालांकि इन हास्य कलाकारों ने खेद व्यक्त किया है, लेकिन माफ़ी की मात्रा उससे हुए नुकसान के अनुरूप होनी चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पश्चाताप की मात्रा, अपमान की मात्रा से ज्यादा होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि वह अगली सुनवाई में हास्य कलाकारों को दिए जाने वाले दंड पर फैसला करेगी। भारत के महान्यायवादी, आर. वेंकटरमणी ने अदालत को सूचित किया कि ऐसी चिंताओं के समाधान के लिए मसौदा दिशा-निर्देश, रिकॉर्ड में रखे जाएंगे, साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हास्य पर 'पूरी तरह से रोक' लगाना संभव नहीं है। अदालत ने कहा कि हास्य जीवन का एक अभिन्न अंग है, लेकिन यह गरिमा की कीमत पर नहीं आ सकता। जब हास्य सामुदायिक स्तर पर संवेदनशीलता का उल्लंघन करता है, तो यह समस्या की बात है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि प्रभावशाली लोगों को याद रखना चाहिए कि वे अपने बोलने की क्षमता का व्यवसाईकरण कर रहे हैं, और इसका इस्तेमाल भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने हास्य कलाकारों से कहा कि वे अपने मंचों का उपयोग विकलांगता अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भी करें। इस मामले की सुनवाई यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी के इंडियाज़ गॉट लेटेंट विवाद में उनके खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को एक साथ करने के लिए दायर याचिकाओं के साथ हुई। न्यायालय ने दोहराया कि यह मुद्दा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से कहीं आगे जाता है, क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिव्यांगजनों के सम्मान का अधिकार शामिल है।

### चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने के आरोप में चुनाव आयोग की ओर से दर्ज कराई गई दो एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और वकील सुमीर सोढ़ी की इस दलील पर गौर किया कि चुनाव विशेषज्ञ की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के बावजूद एफआईआर दर्ज की गई हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि नोटिस जारी करें। इस बीच कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज में लोकनीति के सह-निदेशक संजय ने अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

# बुलंदशहर में कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, नौ मरे, 42 घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के अरनिया क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार नौ श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि 42 अन्य घायल हो गए जिनमें दो की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़ जिले के सीमावर्ती घटाला गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर रात करीब सवा दो बजे तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली कासगंज जिले के सोरो थाना क्षेत्र के रफयादपुर गांव से लगभग 60 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी। यह समूह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में गोगामेड़ी मंदिर में धार्मिक यात्रा के लिए जा रहा था। घटाला गांव के पास पहुंचे, तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने वाहन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे श्रद्धालु अलग-अलग दिशाओं में गिर गए। इस हादसे में करीब 42 लोग घायल हो गए, जबकि नौ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने घायलों को कैलाश खुर्जा, सीएचसी जटिया व सीएचसी मुनि अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा, जिसमें गम्भीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

वर्तमान में 10 घायलों का मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ व 10 घायलों का जिला अस्पताल बुलन्दशहर तथा अन्य 22 घायलों का कैलाश अस्पताल खुर्जा में इलाज चल रहा है। घायलों में दो की स्थिति गम्भीर बनी हुई है एवं अन्य सभी घायलों की स्थिति सामान्य है। घटना करने वाला ट्रक संध्या पत्नी संदीप निवासी फरीदाबाद हरियाणा के नाम पर पंजीकृत है, जिसको कब्जे पुलिस में लिया जा चुका है, जो कि धान की भूसी लादकर जा रहा था। मृतकों में ट्रैक्टर चालक ईयू बाबू (40), रामबेटी (65),चांदनी (12), घनीराम (50), मोक्षी (40), शिवांश (06) योगेश (50), सोरेन सिंह (45) और विनोद (45) शामिल हैं। उपचार के दौरान नेम सिंह की मृत्यु हो गई।



### बुलंदशहर हादसे से सीएम योगी दुखी पीड़ित परिजनों को मिलेगी मदद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में सोमवार को हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है जबकि घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। योगी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये व हर घायल को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों का उपचार सरकार के खर्चे पर किया जाएगा।

# फैसले की गलत व्याख्या से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ गठबंधन प्रत्याशी रेड्डी पर शाह की टिप्पणी, रिटायर्ड 18 जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया
■ गृहमंत्री ने कहा था- सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट न होता, तो नक्सलवाद खत्म हो गया होता

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी पर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी की रिटायर्ड जजों ने आलोचना की है। शाह ने रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है, जिसे पूर्व जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कहा कि उपराष्ट्रपति पद का सम्मान करना ही बुद्धिमानी होगी।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के समूह में पूर्व जज जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर और जस्टिस जे चेलमेश्वर समेत 18 जज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सलवा जुडूम फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद को अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है। किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए। दरअसल अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में कहा था, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सुदर्शन रेड्डी वही व्यक्ति हैं जिन्होंने नक्सलवाद की मदद की। उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला सुनाया। अगर सलवा जुडूम पर फैसला नहीं आता, तो नक्सली चरमपंथ 2020 तक खत्म हो गया होता। गृह मंत्री अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। रिटायर्ड जजों के समूह ने बयान जारी कर कहा एक उच्च राजनीतिक पदाधिकारी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पूर्वाग्रहपूर्ण गलत व्याख्या से जजों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंच सकता है। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एके पटनायक, जस्टिस अभय ओका, जस्टिस गोपाल गौड़ा, जस्टिस विक्रमजीत सेन, जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर, जस्टिस जे. चेलमेश्वर, सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े और प्रो. मोहन गोपाल शामिल हैं। बीते चार दिनों में अमित शाह विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी और उनके सलवा जुडूम पर दिए जजमेंट को लेकर 2 बयान दे चुके हैं।

# गौतम गंभीर को राहत नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से दिल्ली हाईकोर्ट का इन्कार

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर, उनकी संस्था (गंभीर फाउंडेशन) और परिवारजनों के खिलाफ चल रही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को रोकने से इन्कार कर दिया।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने गौतम गंभीर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत 29 अगस्त को इस मामले को विस्तार से सुनेगी। बता दें कि गौतम गंभीर ने एफआईआर को रद्द करने और 9 अप्रैल को दिए गए उस आदेश को वापस लेने की अपील की थी, जिसमें ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक को हटा दिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान जब गौतम गंभीर के वकील ने उनके राजनीतिक और क्रिकेट करियर का जिक्र किया, तो अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि आप बार-बार नाम और पहचान गिनवा रहे हैं, जैसे यह अदालत में कोई असर करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता के अधिकार की लड़ाई आगे बढ़ाते रहना होगा: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन की चल रही 'वोटर अधिकार यात्रा' को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और मतदाताओं के अधिकार के लिए हमें अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते जाना है। खड़गे ने यहां कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत झारखंड, ओडिशा, पंजाब और उत्तराखंड के नवनियुक्त पार्टी पर्यवेक्षकों की बैठक में कहा कि मतदाताओं के अधिकारों के लिए पार्टी को अपनी लड़ाई आगे बढ़ाते रहने के साथ ही लोगों को संदेश देते रहना होगा। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत, पूर्व मुख्यमंत्री गुंडू राव, मंत्री धर्म सिंह, जिला अध्यक्ष के पद पर रहे हैं।

# जवानों ने आतंकियों को कर्म देखकर मारा

**जोधपुर, वार्ता**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के जोधपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के आतंकियों को हमारे जवानों ने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। इस ऑपरेशन में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और तय किए टारगेट पर सटीक हमला किया है।

रक्षा मंत्री ने इस ऑपरेशन को नए भारत की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन सिंदूर की सबसे बड़ी विशेषता थी कि आक्रमण के लिए जो टारगेट तय किया था, हमारी सेना ने उसी लक्ष्य पर सटीक हमला किया। मैं तो यहां तक कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं को सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से पूरा समर्थन मिला। जोधपुर में रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है, जबकि रक्षा से सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

**■ पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था: राजनाथ**

# शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत

**शाह टाइमस ब्यूरो**



अमौसी हवाई अड्डे पर सीएम योगी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व शुक्ला के पिता व माता तथा अन्य ने अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत किया।

**लखनऊ।** अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का सोमवार को उनके गृह नगर लखनऊ में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एक्सओम मिशन-4 के सदस्य शुभांशु सोमवार सुबह अमौसी हवाई अड्डा पहुंचे, जहां उनका स्वागत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया।

लखनऊ एयरपोर्ट से सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस तक हजारों छात्र छात्राएं और अन्य अन्तरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 'शुक्स' की स्वागत यात्रा में शामिल हुए। आसमान की तरफ लहराते झंडे, पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों से 39 वर्षीय अन्तरिक्ष यात्री का अभूतपूर्व स्वागत देखने लायक था। शुभांशु सीएमएस के छात्र रहे हैं। समारोह की शुरुआत एयरपोर्ट से हुई, जहां सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन के नेतृत्व में छात्रों ने बैंड प्रस्तुति दी और अपने गौरवशाली पूर्व छात्र का माल्यार्पण किया। इसके बाद खुले वाहन पर निकलने वाली शोभायात्रा शहर की सड़कों से गुजरी, उनके पीछे हजारों की उल्लसित भीड़ 'जय हिन्द और जय जगत' के नारे लगाती चल रही थी। जी-20 चौराहे पर तो स्वागत समारोह का दृश्य बेहद रोमांचक हो गया, जब हजारों लोगों की तालियों के बीच शुमांशु विनम्रता से हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। भव्य शोभायात्रा का समापन सी. एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन शाखा पर हुआ। जहां 3000 की संख्या में बच्चों ने परेड निकालकर उनका स्वागत किया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला भी बच्चों का अभिवादन स्वीकार करते नजर आए। परेड कार्यक्रम के बाद शुभांशु शुक्ला ने स्कूल के बाहर प्लांटेशन भी किया। सीएमएस आडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रो. गीता किंगडन ने अपना स्वागत उद्बोधन दिया। प्रो-गांधी किंगडन ने कहा कि शुभांशु की उपलब्धि केवल स्कूल की नहीं बल्कि हर भारतीय की है। उन्होंने सचमुच विद्यालय के आदर्श वाक्य 'जय जगत' की भावना को साकार किया है। हमें उन पर असीम गर्व है और हम उनके गगनयान मिशन समेत समस्त अन्तरिक्ष कार्यक्रमों की अभूतपूर्व सफलता की कामना करते हैं। इसके बाद स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गानों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान शुभांशु शुक्ला और उनके पिता शंभु दयाल शुक्ला, माता आशा शुक्ला, पत्नी कामना मिश्रा का प्रो गीता किंगडन, संस्थापिका भारती गांधी ने मंच पर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए पहुंचे यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अपनी जन्मभूमि लखनऊ आगमन पर वायु सेवा के जांबाज़ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। उत्तर प्रदेश के लिए आज अतिविशेष और महत्वपूर्ण दिन है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला ने जिस प्रकार से हमारे देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। अंतरिक्ष में भारत की ताकत के प्रतीक के रूप में हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया

# गायब रूसी मां और बच्चे को लेकर अनुरोध पत्र भेजें

**नई दिल्ली, वार्ता**



उच्चतम न्यायालय ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह गायब हुई एक रूसी महिला और उसके बच्चे का पता लगाने के लिए रूसी दूतावास को प्राथमिकी और संबंधित दस्तावेजों के साथ एक नया अनुरोध पत्र भेजे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने रूस को भारत के साथ हस्ताक्षरित कानूनी सहायता संधि का उल्लेख करते हुए कहा कि रूसी दूतावास को अपने द्विपक्षीय दायित्वों की याद दिलानी चाहिए। इस संधि में कहा गया है कि दोनों पक्षों को आपराधिक मामलों में यथासंभव व्यापक कानूनी सहायता देनी चाहिए। न्यायालय ने अपर सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास राजनयिक माध्यमों का सक्रिय रूप से उपयोग करे। विदित हो कि इस घटना में एक रूसी महिला अपने भारतीय पति के साथ चल रहे अपने पांच साल के बच्चे की कस्टडी विवाद के बीच कथित तौर पर बच्चे के साथ भारत से चली गई थी।

### भूस्वामियों को झुग्गी झोपड़ियों के पुनर्विकास का पहला अधिकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि महाराष्ट्र झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र अधिनियम, 1971 के तहत अधिसूचित भूमि के पुनर्विकास का पहला अधिकार भूस्वामी को है और राज्य ऐसी जमीन के अधिग्रहण के लिए तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक भूस्वामी का अधिकार खत्म न कर दिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुंबई के कुर्ला में अधिग्रहण से संबंधित एक विवाद का निपटारा करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि एसआरए को भूस्वामी को झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास योजना के लिए प्रस्ताव करते हुए नोटिस जारी करना आवश्यक है।

### 'एस्ट्रोनॉमी' पर नहीं 'एस्ट्रोलॉजी' पर विश्वास करती है भाजपा : सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को उनके अंतरिक्ष अभियान की सफलता पर बधाई देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तंज कसा और कहा कि भाजपा 'एस्ट्रोनामी (खगोल विज्ञान) के बजाय एस्ट्रोलाजी यानी ज्योतिष विज्ञान पर विश्वास करती है।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यादव ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि बीजेपी वाले कह रहे हैं कि पहले अंतरिक्ष यात्री भगवान हनुमान जी थे। हमारे सभी भगवान ही अंतरिक्ष में रहते हैं। भाजपा हर बात का श्रेय लेने की कोशिश करती है, लेकिन दुख इस बात का है कि शुभांशु भाजपा के सदस्य नहीं है।

# एक भी मतदाता का शपथ-पत्र मूल रूप में प्राप्त नहीं हुआ : यूपी चुनाव आयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में वर्ष 2022 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में 18,000 वोट हटाए या काटे जाने के समाजवादी पार्टी के आरोपों पर राज्य निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर स्पष्टीकरण जारी किया है। आयोग का कहना है कि एक भी शपथ पत्र मूल रूप में नहीं मिला है, स्कैन की गईं कॉपियां जरूर मिलीं हैं, जिनमें से कुछ की जांच पूरी हो चुकी है और कुछ की जारी है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्य निर्वाचन आयोग ने सपा मीडिया सेल की एक पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा कि 18 हजार शपथ पत्रों के साथ की गई शिकायत का जो उल्लेख बार बार किया जा रहा है, उसके संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि एक भी मतदाता का शपथ पत्र मूलरूप में प्राप्त नहीं हुआ है। ईमेल के माध्यम से समाजवादी पार्टी द्वारा जो शिकायत की गई है उसमें लगभग 3919 अलग अलग नाम के व्यक्तियों के शपथ पत्रों की स्कैन कॉपी अवश्य प्राप्त हुई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने लिखा कि शिकायत 33 जिलों के 74 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित है। 5 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित शिकायत की जांच पूर्ण हो चुकी है और एक्स के माध्यम से आम जनता के समक्ष जांच के निष्कर्ष को प्रस्तुत भी किया जा चुका है।

सोमवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सपा के मीडिया सेल द्वारा लिखा गया- 2022 का पूरा विधानसभा चुनाव, सभी उपचुनाव भाजपा सत्ता की मिलीभगत, इशारे पर लूटे गए और धृतराष्ट्र की भांति चुनाव आयोग भाजपाई बेइमानी के मूक समर्थन में बेइमानियों में संलिप्त रहा।

**■ सपा की शिकायतों पर दिया स्पष्टीकरण**

### नवंबर-22 में बने शपथ पत्र, मर चुके उससे पहले

अभी तक जिन पांच विधानसभा क्षेत्रों की जांच सम्पन्न हुई है, उनमें यह पाया गया है के ऐसे कतिपय व्यक्तियों के नाम से माह नवम्बर 2022 में शपथ पत्र बने हैं, जिनकी मृत्यु वर्ष 2022 से कई साल पूर्व हो चुकी थी। कतिपय व्यक्तियों ने अपने नाम से बने शपथ पत्र की स्कैन कॉपी को दिखाने पर ऐसा कोई भी शपथ पत्र देने से स्पष्ट इन्कार कर दिया है। कानूनन गलत साक्ष्य दिया जाना एक अपराध माना जाता है।



**सेंसेक्स** 81635.91
**निफ्टी** 24967.75



**सोना रु.** 100345
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 116533
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी तेजी



**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी और ऑटो कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी लौट आई।

पिछले कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 329.06 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त में 81,635.91 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 97.65 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 24,967.75 अंक पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर में जबरदस्त लिवाली के कारण सुबह से ही बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 194.21 अंक की बढ़त के साथ 81,501.06 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इस दौरान यह नीचे 81,364.86 अंक और ऊपर 81,799.06 अंक तक गया। निफ्टी-50 सूचकांक भी 79.05 अंक ऊपर 24,949.15 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,894.35 अंक और उच्चतम स्तर 25,021.55 अंक रहा। एनएसई में निफ्टी आईटी सूचकांक 2.37 फीसदी चढ़ा। रियलिटी, धातु, ऑटो, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंकों, वित्तीय सेवाओं और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 3.03 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। टीसीएस में 2.85 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.55 और टेक मलहद्रा में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा मोटर्स, सनफार्मा, मारुति सुजुकी, टाइटन, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। सबसे अधिक 0.76 प्रतिशत की गिरावट बीईएल के शेयर में रही। एशियन पेंट्स का शेयर 0.39 फीसदी, भारती एयरटेल का 0.38 और आईसीआईसीआई बैंक का 0.21 प्रतिशत फिसल गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक में 0. 37 फीसदी की तेजी रही। मझौली कंपनियों में निवेशकों की लिवाली कम रही और छोटी कंपनियों में वे बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक में 0.04 प्रतिशत गिर गया। एशियाई शेयर बाजारों में तेजी रही। जापान का निक्केई 0.41 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.94 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.51 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई सूचकांक 0.13 फीसदी ऊपर था।

### चांदी1.16 लाख प्रति किलो सोना 1,00,345 प्रति 10 ग्राम

**मुंबई।** सोमवार को चांदी ने ऑलटाइम हाई बनाया है। आज एक किलो चांदी की कीमत 2,627 रुपए महंगी होकर 1,16,533 रुपए हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोने का भाव 987 रुपए चढ़कर 1,00,345 रुपए पर पहुंच गया है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200, एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रुपये थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,31,000 रही। मार्केट एक्सपर्ट केडिया कमोडिटी के अनुसार 2025 के आखिर तक एक किलो चांदी की कीमत 1.30 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। मनीकंट्रोल का अनुमान है कि चांदी में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कीमत 1,46,000 प्रति किलोग्राम तक जा सकती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है और आने वाले वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। श्री मल्होत्रा ने यहां उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन 'फिबैक' के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश ने स्वतंत्रता के बाद काफी प्रगति की है। हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बुनियादी ढांचा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा प्रशासन, वित्त आदि क्षेत्रों में प्रगति की है। उन्होंने कोरोना महामारी, अमेरिका द्वारा लगाये गए आयात शुल्क और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा, हभारतीय अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ी है। यह मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की उपलब्धियां अभूतपूर्व हैं। हम आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि राजकोषीय घाटा 9.2 प्रतिशत से घटकर चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। सेवा क्षेत्र के निर्यात में जारी मजबूती के कारण चालू खाते का घाटा पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी के 0.6 प्रतिशत पर रहा था। देश का विद. ेशी मुद्रा भंडार 15 अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह में 695 अरब डॉलर था जो 11 महीने के माल आयात बिल के भुगतान के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रिजर्व बैंक तीन बातों पर फोकस कर रहा है। पहला, वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना।

# उम्मीद: सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेगा: उमर

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को उम्मीद जतायी कि उच्चतम न्यायालय जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अभी तक कोई फैसला नहीं ले पायी है, लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि कम से कम सुप्रीम कोर्ट तो ऐसा करेगा।

श्री अब्दुल्ला जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की तारीख पूर्व निर्धारित तिथि से पहले करने से उच्चतम न्यायालय के इनकार पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। श्री अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि हम यह भी चाहते हैं कि इस फैसले में और देरी न हो। हम 10 महीने से ज्यादा समय से सरकार में हैं, और पहले दिन से ही हम राज्य के दर्जे के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रिमंडल का पहला फैसला राज्य का दर्जा देने की मांग वाला एक प्रस्ताव पारित करना था, जिसे बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार मोदी जी से मिला तो सबसे पहले मैंने कैबिनेट का प्रस्ताव उनके हाथों में थमा दिया। हम इंतज़ार कर रहे हैं, लेकिन हमें अपने इंतज़ार का कोई फ़ायदा नहीं मिला है। उच्चतम न्यायालय 10 अक्टूबर से पहले मामले की सुनवाई के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम थोड़ा और इंतज़ार करेंगे। लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि जहां केंद्र सरकार ने यह फैसला नहीं लिया है, कम से कम उच्चतम न्यायालय तो ज़रूर लेगा।

बिकाऊ है।


एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# पहचान छिपाकर भावनाओं से खेलोगे ,तो जेल जाओगे: सीएम

## ऑपरेशन कालनेमि: अब तक 4000 सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चलाया जा रहा ऑपरेशन कालनेमि प्रदेशभर में बड़ी सफलता हासिल कर रहा है। यह व्यापक अभियान उन असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कस रहा है, जो अपनी पहचान छिपाकर सनातन संस्कृति की आड़ में ठगी और धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने का कार्य कर रहे थे।



मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन ने अब तक प्रदेश में 4000 से अधिक लोगों का सत्यापन किया है, जिनमें से 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई साबित करती है कि धामी सरकार देवभूमि के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप से कोई समझौता नहीं करेगी। इस अभियान का असर सबसे अधिक उन जिलों में देखा जा रहा है, जहां बाहरी तत्वों की सक्रियता की सूचना मिली थी। हरिद्वार जिले में 2301 लोगों का सत्यापन और 162 गिरफ्तारियां, देहरादून में 865 सत्यापन और 113 गिरफ्तारियां, जबकि उधम सिंह नगर में 167 सत्यापन और 17 गिरफ्तारियां की गई हैं। इसके अलावा प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अभियान लगातार जारी है। मुख्यमंत्री धामी की इस सख्त कार्यशैली ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देवभूमि में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, पहचान छिपाकर ठगी या धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। देहरादून में इस अभियान के तहत एक बांग्लादेशी नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया है, जो यहां पर अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था।

# राज्य रजत जयंती पर दो दिवसीय विशेष सत्र होगा आयोजित

## थराली में धराली की तर्ज पर विशेष पुनर्वास पैकेज दिया जाएगा: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में राज्य के आपदा प्रबंधन, प्रशास. निक सुधार और स्थानीय स्तर पर सेवा वितरण को प्रभावी बनाने को लेकर कई अहम निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि थराली क्षेत्र को भी धराली की तर्ज पर विशेष राहत और पुनर्वास पैकेज प्रदान किया जाए।

जोशीमठ में भी राहत और पुनर्निर्माण के कार्यों को शीघ्रता से आरंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा की रजत जयंती के अवसर पर आगामी नवंबर माह में दो दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

प्रशासनिक सुगमता के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी और बीडीओ के कार्यालय एक ही छत के नीचे एकीकृत रूप से स्थापित किए जाएँगे, जिससे जनता को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुँच मिल सके।

इसके साथ ही, ग्राम सभा स्तर पर सप्ताह में एक दिन पंचायत भवन में पंचायत सचिव, ग्राम विकास अधिकारी, आशा और आँगनबाड़ी कार्यकर्त्री की उपस्थिति रोस्टर के अनुसार अनिवार्य की जाएगी, ताकि ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही सभी आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध हो सकें।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, अपर पुलिस महानिदेशक ए. पी अंशुमन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते और अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने ली कार्बन क्रेडिट के सम्बन्ध में बैठक

## प्रदेश में पर्यावरण विभाग होगा कार्बन क्रेडिट के लिए नोडल विभाग: आनन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में कार्बन क्रेडिट के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के लिए कार्बन क्रेडिट आय के नए स्रोत के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सभी विभागों द्वारा कार्बन क्रेडिट की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश में पर्यावरण विभाग कार्बन क्रेडिट के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि कार्बन क्रेडिट उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य, जिसका अधिकतम भूभाग वन से आच्छादित है, के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास के भी नए अवसर पैदा करता है। उत्तराखण्ड के किसान और स्थानीय समुदाय कार्बन क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि वन, कृषि और सहकारिता विभाग विभाग में कार्बन क्रेडिट की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने सहकारिता विभाग को अपने अंतर्गत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को इसमें शामिल कर कार्बन क्रेडिट्स की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को कार्बन क्रेडिट और ग्रीन क्रेडिट की दिशा में शीघ्र तेजी से कार्य किए जाने की बात कही। उन्होंने कृषि विभाग एवं दुग्ध विकास विभाग को भी कार्बन क्रेडिट पर कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय समुदायों की सहभागिता से जैव विविधता की रक्षा होगी एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा।

पर्वतीय क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के नए अवसर के साथ ही किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर भी मिलेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, विनोद कुमार सुमन, सी. रविशंकर, श्रीधर बाबू अद्दांकी, अपर सचिव विनीत कुमार एवं हिमांशु खुराना सहित नाबार्ड के प्रतिनिधि सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में 112 सड़कें अवरुद्ध: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय में यूआरआरडीए के अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बरसात से बाधित सड़कों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने कहा कि बरसात के कारण बंद हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर युद्धस्तर पर खोलने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़क मार्गों एवं पुलों का पुनर्निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था शीघ्र सुचारू हो सके। उन्होंने कहा कि अलर्ट मोड पर रहते हुए नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।



अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि भारी वर्षा के चलते प्रदेश में इस समय कुल 112 सड़कें अवरुद्ध हैं। इनमें गढ़वाल मंडल में 85 और कुमाऊं मंडल में 27 सड़कें बाधित हैं। साथ ही कुमाऊं क्षेत्र के पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला में 01 पुल बह गया है, जबकि गढ़वाल क्षेत्र में 06 पुल बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन मार्गों एवं पुलों की बहाली के लिए कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बैठक में यूआरआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक रोहिला, मुख्य अभियंता संजय कुमार पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# ड्यूटी के दौरान नौगांव बीडीओ हुए चोटिल

**उत्तरकाशी ( शाह टाइम्स )।** यमुनोत्री धाम के मुख्य पड़ाव स्यानाचट्टी में बीते 21 अगस्त को बनी अस्थाई झील के दौरान ड्यूटी दे रहे बीडिओ नौगांव चोटिल हो गए हैं । सोमवार को सिलाई बैंड के पास खंड विकास अधिकारी नौगांव प्रकाश पंवार पैदल चल रहें थे अचानक पहाड़ी से पत्थर आये है । गनिमत रहा कि पत्थर छोटे थे जिससे बड़ा हादसा टल गया। चोटिल हुए खंड विकास अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव में डॉक्टरों ने उनके कंधे पर और पांव में चोट बताई जहां से उन्हें जिला अस्पताल उत्तरकाशी के लिए रेफर कर दिया है ।

सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं




सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं









# सालम क्रांति के नायकों को नमन

## 'भारत छोड़ो आंदोलन' की मशाल जलाने वालों को याद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सालम पट्टी में देश की आजादी में अपनी जान गंवाकर अमूल्य योगदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भारत छोड़ो आंदोलन की मशाल जलाने वाले सालम क्रांति के अमर शहीद नर सिंह धानक और टीका सिंह कन्याल को नमन किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र देश भक्ति के नारों से गूंज उठा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरस्वती देवी की अध्यक्षता और प्रताप राम के संचालन में हुए कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जैंती, सर्वोदय इंटर कॉलेज जैंती और अल्मोड़ा लोक नृत्य केंद्र के कलाकारों ने देश भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इसके बाद वक्ताओं ने आजादी की लड़ाई का इतिहास बताया। कहा कि सालम से ही भारत छोड़ो आंदोलन की गूंज उठी थी। अंग्रेजों के खिलाफ सालम की धरती के वीर सपूतों ने विद्रोह का बिगुल फूंका था। लेकिन ब्रिटिस सैनिकों ने निहत्थे सेनानियों पर गोलियां बरसा दीं। इसमें नर सिंह धानक और टीका सिंह कन्याल शहीद हो गए। इसके बाद शहीद स्मारक धामदेव में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के समय लोगों की आंखों में दुख और शहीदों के प्रति सम्मान साफ दिखाई दिया। शहीद दिवस पर धामदेव में प्रशासन की ओर से बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। शिविर से करीब 770 लोग लाभान्वित हुए। लोगों के योजनाओं के आवेदन पत्र, जानकारी, निस्तारण, दवाएं, उपकरण दिए गए। इसके अलावा गुरु गोरखनाथ बाबा ने 'सालम के शहीद' पुस्तक का विमा.चन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुं. जवाल, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, एसडीएम संजय कुमार, दीवान सिंह भैसोड़ा, प्रशान्त सिंह भैसोड़ा, पूरन सिंह बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य सुनीता देवी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरव पांडे, रमेश बहुगुणा, विक्रम बगडवाल, बालम कफकोटी, भुवन गहरवाल, दीवान सतवाल, ले शिव. राज सिंह बिष्ट, विनीत बोरा, रमेश कांडपाल आदि मौजूद रहे।



# पुलिस मुठभेड़ के बाद दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी अंतर्गत खरमासा क्षेत्र में रविवार देर शाम अचार फैक्ट्री की ओर भाग रहे दो संदिग्ध बदमाशों को पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा भी तमंचा और कारतूस सहित दबोच लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान काव्य शर्मा पुत्र स्व. सुनील कुमार शर्मा निवासी ढकिया और राघव मिश्रा उर्फ निखिल पुत्र राजेश मिश्रा निवासी सुभाष नगर के रूप में हुई है। पूछताछ में बदमाशों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने माना कि 21 अगस्त को पूर्व ग्राम प्रधान श्याम सिंह (ढकिया) पर काव्य शर्मा ने गोली चलाई थी, जिसका कारण पुरानी रंजिश थी। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार बदमाशों का आपराधिक इतिहास लंबा है। काव्य शर्मा का भाई कार्तिक शर्मा फरवरी 2024 में थाना आईटीआई क्षेत्र के दो. हरे हत्याकांड में जेल भेजा जा चुका है। खुद काव्य शर्मा भी पूर्व में हत्या के प्रयास समेत कई संगीन मामलों में आरोपी रह चुका है। यही नहीं, उसका सगा मामा भी हत्या के प्रयास के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस का कहना है कि पूरा खानदान अपराधों की लंबी फेहरिस्त में दर्ज है। फिलहाल दोनों बदमाशों को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ की जा रही है।



## एक नजर

### नारायण नगर में बारिश से नाली ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** नारायणदेव वार्ड के सैंज टू में भीषण बारिश से नाली ध्वस्त हो गई है। नाली टूटने से अब सारा पानी लोगो के घरों तक पहुंच रहा है। लोगों ने जल्द नाली निर्माण किए जाने की मांग को लेकर डीएम दरबार में गुहार लगाई है। सोमवार को डीएम दरबार में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि बारिश का पानी लोगो के घरों तक भर जा रहा है। क्षेत्र में नाली पूरी तरह से टूट चुकी है। लोग रात रात भर जागने को मजबूर है। वार्ड में जानमाल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने अपनी मांग को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। जिसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए समस्या का समाधान करने की मांग की गई। वही मांग पूरी न होने पर आने वाले दिनों में आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता योगेश पुना देवकी देवी, ऊषा देवी, आरती, नीमा उपाध्याय, गीता देवी, गीता, बसंती, माधवी व हेमा पांडे मौजूद रहे।

### आपदा प्रबंधन और विकास कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आपदा प्रबंधन, विकास योजनाओं और लंबित परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने सौराग पुल परियोजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए वेबकोस को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मलबा हटाने, आपदा राहत राशि 24 घंटे में देने, बैडमिंटन कोर्ट की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के शीघ्र निस्तारण पर भी खास जोर दिया। पशुपालन विभाग को बर्ड फ्लू पर निगरानी, शिक्षा विभाग को भारी बारिश में स्कूलों के अवकाश, और स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही एंबुलेंस, डाक्टर और स्वास्थ्य डेस्क की तत्परता सुनिश्चित करने को कहा गया।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा उपजिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि उत्तराखंड में भारतीय किसान यूनियन के नेताओं पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जाए। साथ ही नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जाने का विरोध भी कांग्रेस जनों द्वारा किया गया। इस दौरान मनोज जोशी एडवोकेट, उमेश जोशी एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, अब्दुल कादिर, रवि ढींगरा, पूजा सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

### उ. ग्रामीण बैंक ने किया शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित तीन माह के केवाईसी सैचुरेशन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तराखंड ग्रामीण बैंक, शाखा प्रतापपुर द्वारा ग्राम चांदपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरबीआई देहरादून से एलडीओ रजनीश सैनी, नाबार्ड डीडीएम राजीव प्रियदर्शनी, एलडीएम ऊधमसिंहनगर चिराग पटेल, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय से ऑपरेशन हेड राजेंद्र अरोड़ा, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक प्रतापपुर की शाखा प्रबंधक रचना सागर, ग्राम प्रधान कमलेश कुमार, ब्लॉक काशीपुर से सीआरपी श्रीमती बबीता, बैंक सीएसपी एवं बैंक सखी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि री-केवाईसी से न केवल खाते सक्रिय बने रहते हैं बल्कि सरकारी योजनाओं के लाभ एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) भी समय पर ग्राहकों तक पहुंचते हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। अंत में शाखा प्रबंधक रचना सागर ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

### उपचार के दौरान बच्ची की मौत, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बीमारी से पीड़ित चार वर्षीय बच्ची की अस्पताल में मौत हो गई। बच्ची के परिवार वालों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। समाचार लिखे जाने तक घटना की तहरीर नहीं दी गई थी। कचनाल गाजी गड्ढा कॉलोनी निवासी विकास कुमार ने अपनी चार वर्षीय पुत्री को रामनगर रोड स्थित वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था जिसकी बीती रात्रि मौत हो गई। बच्ची के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। बाद में परिवार वाले बच्ची का शव लेकर अपने घर चले गए।

### मां नंदाष्टमी मेला 2025 की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** मां नंदाष्टमी मेला 2025 को सफल और भव्य बनाने को लेकर जिलाधिकारी आशीष भटगाई की अध्यक्षता में कोट भ्रामरी मंदिर परिसर में बैठक आयोजित हुई। डीएम ने विभागों को निर्देश दिए कि वे मेले में शासकीय योजनाओं की जानकारी दें और ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने बिजली, पानी, सफाई, सुरक्षा, शेड, लाइटिंग और सीसीओवी कैमरे की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। ठत्ओ को ग्वालदम-बागेश्वर मार्ग को गड्ढामुक्त करने के निर्देश मिले। मेले को प्लास्टिक मुक्त रखने का निर्णय लिया गया है। यह तीन दिवसीय मेला 29 से 31 अगस्त तक आयोजित होगा, जिसमें दूरदराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। बैठक में राज्य मंत्री शिव सिंह विष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, विधायक सुरेश गड़िया, मेला अध्यक्ष किशन सिंह बोरा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 'दि फाउंटेन' रेस्टोरेंट की भव्य ओपनिंग

## हल्द्वानी में बेहतरीन वेज-नॉनवेज व्यंजनों के लिए नया ठिकाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तेजी से विकसित हो रहे हल्द्वानी शहर को एक और बेहतरीन रेस्टोरेंट की सौगात मिली है। बरेली रोड स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के सामने सोमवार को 'दि फाउंटेन' रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में शहर की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। रेस्टोरेंट के स्वामी फिरोज़ हुसैन की मां असगरी बेगम ने फीता काटकर रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन किया। 'दि फाउंटेन' रेस्टोरेंट को आधुनिक और आकर्षक डिजाइन के साथ तैयार किया गया है, जहां वेज और नॉनवेज दोनों प्रकार के लज़ीज़ व्यंजन परोसे जाएंगे। रेस्टोरेंट मालिक फिरोज़ हुसैन ने बताया कि यहां अनुभवी और ट्रेंड शेफ्स की टीम खाना तैयार करेगी, जिससे ग्राहकों को स्वाद और गुणवत्ता दोनों का बेहतरीन अनुभव मिलेगा।

रेस्टोरेंट में पारिवारिक भोजन से लेकर छोटे-बड़े कार्यक्रमों और पार्टियों के लिए भी बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। रेस्टोरेंट की ओप. निंग पर पूर्व पार्षद शाकिर हुसैन, अब्दुल कवि, सुहेल सिद्दीकी, शकील अहमद, लईक अहमद, जावेद, अनम, फरीद अहमद समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# अल्मोड़ा के ध्रुव रावत ने जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** केमरून में आयोजित इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में अल्मोड़ा के ध्रुव रावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए युगल में स्वर्ण और मिश्रित में कांस्य पदक झटका। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। उत्तराखंड स्टेट बैडमिंटन के सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि फाइनल में ध्रुव रावत की जोड़ी ने जापान की जोड़ी को 21-13 व 21-14 से सीधे सेटों में हराकर युगल वर्ग का खिताब जीत लिया। वहीं मिश्रित युगल में ध्रुव रावत ने अपनी जोड़ीदार मनीषा के साथ खेलते हुए कांस्य पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि पर संघ की अध्यक्ष डा. अलकनंदा अशोक, कोच डीके सेन, राम अवतार, सुरेश कर्नाटक, अतुल जोशी, गोकुल सिंह मेहता, राकेश जायसवाल, डा. संतोष बिष्ट, संजय नज्जोंन, विजय प्रताप सिंह, डीके जोशी, जगनमोहन सिंह फर्त्याल, शेखर लखचौरा, प्रतीक महरा, हेम पांडे, जयमित्र बिष्ट, डा. जेसी दुर्गापाल, डीएसओ महिशी आर्या, अरुण बंग्याल आदि ने खुशी जताई है।




### विलुप्त होती संस्कृति को बचाने के होंगे प्रयास

**अल्मोड़ा।** नगर के एक होटल में गोल्ज्यू महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक के दौरान महोत्सव का भव्य बनाने को लेकर चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव में उत्तराखंड के साथ अन्य राज्यों की भी संस्कृति दिखने को मिलेगी। वरिष्ठ रंगकर्मी अमरनाथ नेगी की अध्यक्षता और तारा चंद्र जोशी के संचालन में रविवार शाम हुई बैठक में महोत्सव के आयोजन के लिए सुझाव लिए गए। इस दौरान सचिव प्रकाश बिष्ट ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा। बताया कि आयोजन 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक मल्ला महल में होगा। महोत्सव में अधिक अधिक युवाओं और महिलाओं को जोड़ा जाएगा। महोत्सव के माध्यम से विलुप्त होती संस्कृति को बचाने के प्रयास किए जाएंगे।

# बीईओ कार्यालय में शिक्षकों का धरना

## माध्यमिक विद्यालयों में प्राधानाचार्यों की सीधी भर्ती पर आक्रोश बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले के माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यो की सीधी भर्ती के खिलाफ शिक्षकों का रोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को जिले के 11 विकासखंडों के शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ धरना देकर जमकर नारेबाजी की। जल्द सीधी भर्ती को निरस्त करने की मांग उठाई।

दरअसल, लंबे समय से शिक्षक संगठन प्राधानाचार्यो की सीधी भर्ती का विरोध कर रहे है। मामले को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षक संगठनों ने अपना विरोध जताया है। शिक्षकों ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि शिक्षकों को पदोन्नति नहीं दी जा रही है, जबकि प्रधानाचार्यों के पदों के लिए सीधी भर्ती निकाली जा रही है। राजकीय शिक्षक संघ ने सरकार से जल्द समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों ने सोमवार को अपने-अपने ब्लाकों के बीईओ कार्यालयों में धरना दिया। लगातार शिक्षकों के कार्यबहिष्कार से विद्यालयों में भी शिक्षण कार्य प्रभावित रहा। हालांकि इधर अतिथि शिक्षिकों के भरोसे कक्षाएं संचालित हुई। यहां राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल, जिला मंत्री राजू मेहरा, जिला उपाध्यक्ष मदन भंडारी, महिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी जोशी, संयुक्त मंत्री प्रकाश भट्ट, संयुक्त मंत्री महिला राधा लसपाल नबियाल, संगठन मंत्री जीवन नेगी, संगठन मंत्री महिला लता वर्मा, आय व्यय निरीक्षक चंदन रावत, ब्लॉक अध्यक्ष हवालबाग डा. गोविंद रावत, ब्लॉक मंत्री खुशहाल महर, ब्लॉक अध्यक्ष धौलादेवी त्रिभुवन बिष्ट, ब्लॉक मंत्री नितेश कांडपाल, ब्लॉक अध्यक्ष लमगड़ा गिरीश पांडे, दीपक बिष्ट, ललित तिवारी, वीरेंद्र सिजवाली, भारत जोशी, पंकज भट्ट, डा. शिवराज बिष्ट, रमेश राम, मान सिंह रावत आदि मौजूद रहे।



# पैरामिलिट्री के बलिदानियों को भी मिले शहीद का दर्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण संगठन की सोमवार को नगर के निजी होटल सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सदस्यों ने अब तक समस्याओं का निदान नहीं होने पर नाराजगी जताई। पैरामिलिट्री कल्याण बोर्ड की स्थापना, वन रैंक वन पेंशन आदि की मांग की। सोमवार को हुई बैठक में सदस्यों न कहा कि लंबे समय से पूर्व पैरामिलिट्री सदस्यों की ओर से समस्याओं के निराकरण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक समस्याओं का निदान नहीं हो सका है। इससे सदस्यों में काफी नाराजगी है। कुमाऊं मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह नेगी ने कहा कि पैरामिलिट्री फोर्स के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। सदस्यों ने पैरामिलिट्री को सिविल रूल से बाहर कर पृथक नियम बनाने, सीजीएचएस की सुविधा उपलब्ध करवाने, आवासीय स्कूल, विशेष पेंशन देने तथा पैरामिलिट्री को भी शहीद का दर्जा देने आदि की मांग की। यहां जिलाध्यक्ष तारा दत्त शर्मा, उपाध्यक्ष किशोर सिंह अधिकारी, सचिव दीवान सिंह बोरा, कोषाध्यक्ष किशन सिंह खनी, केबी पांडे, हर्षवर्धन चौधरी, हीरा सिंह रावत, चतुर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।




# आदि बद्री धाम में महा आठयों की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** सुदूर पिंडर घाटी के बदियाकोट ग्राम पंचायत स्थित मां आदि बद्री भगवती माता के पावन धाम में नंदा उप जात यात्रा महा आठयों पर्व की धूम मची हुई है। आज मैय्या की पूजा के लिए पवित्र जल और ब्रह्मकमल लेने लिए 15 सदस्यीय धामियों और उनके सहयोगियों का दल सुंदरढूँगा ग्लेशियर स्थित अति पवित्र नंदकुण्ड के लिए रवाना हो गया है। श्रद्धालुओं ने इस दल को ढोल नगाड़ों के साथ विदा कियास जलयात्री आज शाम सोराग गांव में विश्राम करेंगे। यहां से वह कल प्रात: आगे की यात्रा आरंभ करेंगे। मंदिर में पूजार्थियों का तांता लगा हुआ है। सुबह शाम जागर के गीतों के गायन में देव डांगर अवतरित होकर जहां लोगों को आशीर्वाद दे रहे हैं वहीं उनके सवालों का भी समाधान कर रहे हैं। मंदिर में हो रही सुबह शाम की महा आरती देखते ही बन रही है। नंद कुंड की पवित्र यात्रा पर जाने वालों में पुष्कर सिंह दानू माँ भगवती धामी, बलवंत दानू बारह बदकोटी धामी, धर्मेन्द्र दानू भूमियाल धामी, राजेन्द्र दानू विरंग दानू धामी, हीरा सिंह दानू गोलू धामी, हरीश दानू महाकाली धामी, खिलाफ सिंह दानू कुंड वाण देवता धामी, धन सिंह दानू, दीवान दानू देवता धामी (किलपारा), केदार सिंह दानू मुस दानू धामी, वीरेंद्र सिंह दानू, गुरु धामी, हुकम सिंह दानू, जीव दानू (भुजीयण धामी) वाछम और उनके सहयोगी शामिल हैं। मुख्य धामी मंगल सिंह दानू और देव सिंह दानू ने प्रसाद बांटा। वहां कमेटी के संरक्षक हुकुम दानू, अध्यक्ष भरत पाल सिंह दानू, उपाध्यक्ष खीम सिंह दानू, कोषाध्यक्ष शिव सिंह दानू, व्यवस्थापक दिवान सिंह दानू, विधायक सुरेश गढ़िया के निजी सचिव धर्मेंद्र दानू, केदार सिंह दानू, पूरन चंद्र जोशी समेत क्षेत्र के ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्य आदि थे।



# सनेती कौतिक 2 सितंबर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** ऐतिहासिक, पौराणिक व धार्मिक रूप से प्रसिद्ध मां नंदा सुनंदा देवी मंदिर सनेती कौतिक की तैयारियों को लेकर अंतिम बैठक सोमवार को मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। ताकि दो सितंबर से 5 सितंबर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों के लिए जिम्मेदारियों सौंपी गई। यहां आयोजित बैठक में मेला कमेटी के संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने कहा कि यहां तीन सालों में एक बार मेला आयोजित होता है। इस लिए मेले को शांति पूर्ण तरीके के संपन्न करवाना है। मेले को दिव्य व भव्य बनाने के लिए सभी की भागीदारी अहम है। बैठक में चर्चा करते हुए बताया कि दो सितंबर को स्थानीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा खेल कूद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 3 सितंबर को विद्यालयों के बच्चों द्बारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 4 सितंबर के दिन में कलश यात्रा के साथ मंदिर में देवी प्राण प्रतिष्ठान, व रात्रि में भव्य आरती पूजा, के साथ स्टार नाइट दर्शन फर्स्वाण, माया उपाध्याय, राकेश खनवाल, कुंदन कोरंगा आदि अपनी प्रस्तुति से लोगों का मनोरंजन करेंगे। वहीं 5 सितंबर दिन में लोक गायक गोबिंद दिगारी, खुशी जोशी, पूरन राठौर, व सांस्कृतिक विभागों की टीमें मेलार्थियों का मनोरंजन करेंगी। वही शाम की पाली में माता का प्रतिमा विसर्जन के साथ मेले का सामान होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले की सुरक्षा के लिए पुलिस बल का पूर्ण सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर धन सिंह बाफिला, कुंदन रेखौला, कुंजर बाफिला, सुंदर बाफिला, रमेश बाफिला, पुष्कर, तिलक, राजेंद्र, विक्रम आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# भाविप ने शिक्षाविद एवं मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** खड़कपुर देवीपुरा स्थित एक रिसॉर्ट में भारत विकास परिषद देवभूमि शाखा इकाई के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का शुभारंभ शाखा अध्यक्षा डॉ. शिखा चौहान, खटीमा शाखा अध्यक्ष नीरज कुमार समेत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं की एक से एक सुंदर प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं इस अवसर पर संस्था द्वारा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विषयों में पारंगत शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षाविदों में में राधेहरि डिग्री कालेज के भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, आईएमटी कालेज डीन ऐकेडमिक डॉ. मनीष अग्रवाल, ज्ञानार्थी मीडिया एकेडमी डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा उदयराज हिंदू इंटर कालेज जीव विज्ञान रसायन कौशलेश गुप्ता, रसायन प्रवक्ता पंकज कुमार अग्रवाल समर स्टडी स्कूल प्रधानाचार्य अनुज भाटिया डॉ. आर सी शर्मा, विमल गुड़िया मानिक गुप्ता समेत अतिथियों व मेधावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि क्षेत्र विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ संगीतकार बाबा सुभाग सिंह, कल्पना खन्ना तथा शुभम तिलक धारी ने भी अपनी संगीतमय वाणी से शानदार गीतों की प्रस्तुति दी। संचालन सेवा संयोजिका दीपिका अग्रवाल ने किया। इस अवसर सचिव अनुजा अग्रवाल, एकता बंसल, दीप्ति गुप्ता, डॉ. शुनेश चौहान, प्रांतीय संयोजक नीरज कुमार, राजकीय कन्या इंटर कालेज प्रधानाचार्या गीता जयसवाल, दलजीत सिंह खिनडा, नीरज वर्मा, मुकेश गोयल, दीप मेहरोत्रा, सचिन पैगिया, प्रखर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुनील शर्मा, विकल्प गुड़िया, अर्चना सिंह, रुचि कांडपाल, शिल्पी चतुर्वेदी समेत अतिथि एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।




**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र गौरव तिवारी व पुत्रवधु हिना तिवारी (पत्नी गौरव तिवारी) को मेरे व मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने और गलत संगत के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मोहन चन्द्र तिवारी**
पुत्र स्व. श्री हरी दत्त तिवारी
निवासी: वार्ड-56, सरस्वती विहार, मानपुर पश्चिम, देवलचौड़, हल्द्वानी (नैनीताल)

**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शाहिदीन अहमद को मेरे व मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने और गलत संगत के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**शाह अहमद**
पुत्र श्री अली जान
निवासी- वार्ड नं. 5, खेड़ा, रुद्रपुर (उधमसिंह नगर)

# जलभराव से जनता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** मंडलसेरा दक्षिणी वार्ड में बारिश का सीजन शुरू होते ही यहां के लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। अब जलभराव की समस्या बढ़ते बढ़ते यहां के लिए बनी बाईपास सड़क लोगो के लिए जी जा जाल बनते जा रहे है। कांडा धार के सारा पानी सड़क से होकर गुजर रहा है। अपनी दो प्रमुख समस्याओं को लेकर यहां रहने वाले दर्जनों लोग सोमवार को डीएम कोट पहुंचे। उन्होंने यहां प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग पूरी करने की बात कही। जिसके पश्चात उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने बताया कि मंडलसेरा दक्षिणी वार्ड में कुंती गधेरा और ढुंगाड़ नाले का सारा पानी आर्मी कैंटीन से विवेकानंद स्कूल तक चारों ओर फैल रहा है। सड़क पूरी तरह से नाले में तब्दील हो चुकी है। सड़क से आने जानने वाले स्कूली बच्चों, बुजुर्ग जनों, महिलाओं, व अन्य लोगों को आवाजाही करने में काफी परेशानियों हो रही है। जबकि उनके द्वारा कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। इसके अलावा लोगों ने 17 अगस्त को सड़क में धरना-प्रदर्शन, चक्का जाम किया गया। जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद लोग सड़क से उठे थे। लेकिन उसके बाबजूद आज तक वहां कोई देखने नहीं पहुंचा। उन्होंने शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग की। मांग पूरी न होने उसने वाले दिनों में उग्र आंदोलन, आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर भैरव दत्त पांडे, गोपाल सिंह, नंनद सिंह, मेहरबान सिंह, सोनू मलडा, किशन सिंह, नारायण सिंह, आनंद सिंह, केवलानंद जोशी, दिनेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 472 ग्राम चरस बरामद, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। एक बार फिर पुलिस ने 472 ग्राम चरस के साथ एक और युवक को गिरफ्तार किया है। न्यायालय के आदेश के बाद उसे भी अल्मोड़ा जेल भेज दिया है।

एसपी चंद्रशेखर घोड़के ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में मामले का खुला. सा करते हुए बताया कि एसओजी की टीम रविवार शाम गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को 19 वर्षीय अभिषेक कनवाल पुत्र हीरा सिंह कनवाल निवासी उडेरा, बसेत निवासी युवक की मानीखेत कपकोट के पास चें. कंग की। चेकिंग के दौरान उसके पास से 472 ग्राम चरस बरामद हुई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर कोतवाली में लाए। उसके खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। आरोपी ने अभी इंटर की परीक्षा पास की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन आदि शामिल थे। एसपी ने बताया कि पकड़ी गई चरस की कीमत डेढ़ लाख है। पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। एसपी ने बताया कि पुलिस जिले के नाबालिग व वयस्क बच्चों को नशे से दूर रहने का अनुरोध करती आ रही है। पुलिस अब तक 20 से अधिक नाबालिग बच्चों की काउंस. लिंग कर चुकी है। उन्होंने जनपद वासियों से कहा कि किसी के बच्चे यदि गलती से नशे के गिरफ्त में आ गए हैं तो वे बेझिझक पुलिस को बता सकते है। ताकि समय पर बच्चों की काउंसलिंग हो सके।




**कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, हल्द्वानी-नैनीताल।**

**विज्ञप्ति**

**महिला कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड**

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एंव सरंक्षण) अधिनियम 2000 एवं के तहत जनपद नैनीताल में 06 से 18 वर्ष तक के 25 बच्चों हेतु नवीन राजकीय खुला बाल आश्रय गृह के संचालन हेतु किराये के भवन (Minimum Carpet Area Of 2000 Sq.Ft Including A Kitchen, Two Bathrooms And Two Toilets.) की आवश्यकता है। अत: इच्छुक भवन स्वामी दो दिवस के भीतर कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी निकट जी.जी.आई.सी. कालाढूंगी रोड हल्द्वानी नैनीताल में सम्पूर्ण विवरण के साथ आवेदन प्रस्तुत करें।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी, नैनीताल।**

# 'पायलट' ने लूटी आबरू

## युवती से बनाए सम्बंध और लाखों रुपये भी ठग लिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फर्जी पायलट बनकर एक युवक ने फेसबुक के जरिए एक युवती से दोस्ती की और फिर युवती को अपने जाल में फंसाकर शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। इतना ही नही युवक ने युवती से 20 लाख भी ठग लिए। पीड़िता को सब ठगी और धोखे का एहसास हुआ तो उसने पुलिस से शिकायत की लेकिन जब पुलिस से कोई मदद नही मिली तो उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली पीड़िता ने न्यायालय द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी को दिए गये अपने शिकायती पत्र में सिद्धार्थ ग्रोवर पुत्र दलीप (कथित पायलट स्पाइस जेट एयरलाइंस), दलीप, तनीषा पुत्री दलीप, स्वेता ग्रोवर पत्नी दलीप और मनीष पुत्र दलीप निवासीगण सेक्टर 7 ग्रोवर विला चंडीगढ़ पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह गुड़गांव स्थित एक कंपनी में नौकरी करती थी। पीड़िता ने बताया अप्रैल 2024 में फेसबुक के माध्यम से उसकी सिद्धार्थ नामक व्यक्ति से जान पहचान हुई, और सिद्धार्थ ने खुद को स्पाइस जेट एयरलाइंस का पायलट बताया। जिसके बाद फेसबुक से हुई दोस्ती बढ़ गयी, और फिर दोनों की मुलाकात हुई। नजदीकियां बढ़ी और एक दिन सिद्धार्थ ने युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रख दिया, और सिद्धार्थ के पिता दलीप, मां स्वेता और बहन तनीषा ने फोन पर युवती के घरवालों से शादी की बात की। जिसके बाद 2 दिसम्बर 2024 शादी की तारीख तय हो गई। बताया जा रहा इसबीच सिद्धार्थ ने युवती को झांसे में लेकर हल्द्वानी में एक बैंक खाता खुलवा दिया, जो युवती के नाम पर था। जिसके बाद युवती ने बैंक का एटीएम भी सिद्धार्थ को दे दिया। आरोप है कि कुछ दिनों बाद सिद्धार्थ ने प्रॉपर्टी खरीदने की बात कही और कहा अभी उसके पास पूरे रुपये नहीं है। उसने जोर देकर पीड़िता से बैंक लोन अप्लाई करा दिया और लोन के रुपयों को उस खाते में ट्रांसफर करा लिए जिसका एटीएम उसके पास था। फर्जी पायलट के बहकावें में आकर पीड़िता ने18 लाख रुपए का पर्सनल लिया और उसे दे दिया। पैसे मिलने ने बाद सिद्धार्थ और उसके परिवार का रवैया अचानक बदल गया। शादी की तारीख नजदीक आने पर भी बात ही बंद कर दी। इस पर उन्हें शक हुआ। पता किया तो सामने आया कि सिद्धार्थ पहले से ही शादीशुदा है और यह गिरोह ऐसे ही लोगों को फंसाता है। आरोप है कि शादी के वादे की आड़ में सिद्धार्थ ने कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाए। अब आरोपी धमका रहे हैं। पीड़िता अपनी शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंची लेकिन पुलिस ने कोई मदद नही की। पुलिस की मदद ना मिलने से मायूस पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय मे आदेश के बाद पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु दी।

## सट्टे की खाईबाड़ी एक धरा

**हल्द्वानी।** सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए बनभूलपुरा पुलिस ने एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां व 5340 रूपये की नगदी बरामद हुई। जानकारी के अनुसार प्रभारी थाना बनभूलपुरा प्रभारी थाना सुशील जोशी के नेतृत्व में एसआई नीरज चौहान मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। जैसे ही टीम बड़ी रोड इंदिरानगर को छोटी रोड बरसाती नाले के पास पहुंची तो एक युवक सट्टे की खाईबाड़ी करता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए सटोरिये ने अपना नाम मो. खालिद पुत्र मो. तय्यब निवासी दुर्गा मंदिर के पास बनभूलपुरा बताया। सटोरिये के पास से सट्टे की पर्चियां, पैन व 5340 रूपये की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने सटोरिये के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# शिक्षकों ने किया धरना प्रदर्शन

**प्रधानाचार्य पदों पर पदोन्नति और स्थानांतरण प्रक्रिया समेत कई मुद्दों पर जताया रोष 27 अगस्त को नरेंद्रनगर में धरना देने की घोषणा, समझौते का पालन न करने पर सरकार को घेरा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजकीय शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने सोमवार को अपने-अपने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालयों में धरना-प्रदर्शन कर सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने की मांग उठाई। इस दौरान शिक्षकों ने ज्ञापन भेजकर स्पष्ट किया कि उनकी प्रमुख मांगों में प्रधानाचार्य पदों पर शत प्रतिशत पदोन्नति, स्थानांतरण प्रक्रिया का शीघ्र आरंभ और अन्य शिक्षा हित से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। जिलाध्यक्ष दिलवर रावत और मंत्री डॉ. बुद्धि प्रसाद भट्ट ने बताया कि पूर्व निर्धारित चाकडाउन हड़ताल के बाद अब शिक्षकों ने बीईओ कार्यालयों में धरना देकर अपनी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है, जिसके चलते शिक्षक मध्य शैक्षणिक सत्र और बारिश के मौसम में भी मजबूर होकर आंदोलन करने को बाध्य हुए हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में सरकार और शिक्षक संघ के बीच हुए समझौते को भी लागू नहीं किया गया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को सभी शिक्षक आकस्मिक अवकाश लेकर नरेंद्रनगर में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में भाग लेंगे। प्रतापनगर में ब्लॉक अध्यक्ष नीरज पैन्यूली के नेतृत्व में शिक्षकों ने बीईओ पूनम चौहान के माध्यम से निदेशक माध्यमिक शिक्षा को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर लवजीत बधानी, कमलनयन रतूड़ी, कुलदीप चौहान, प्रमिला रावत, सुमन डोभाल, रेणुका रावत, विजयपाल रावत, बलवीर चौहान, विनोद सेंसवाल, देशबंधु भट्ट और गिरीश पैन्यूली सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। वहीं चंबा ब्लॉक में मंडलीय संरक्षक रविंद्र राणा, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कोठियाल, मंत्री सुरेश शाह, उदयवीर राणा, हितेंद्र पंवार, सुनील असवाल, सरिता नौटियाल, अमरजीत, देवेश्वरी राणा, विजय गुसाईं, कृष्ण बहादुर सिंह, राकेश बधानी, महावीर डंगवाल, भगवान सिंह, विजय बहुगुणा, विनोद नौटियाल, हर्षपति आर्य और रानी पयाल ने बीईओ कार्यालय के बाहर धरना दिया।

# हरियाणा से भागी तीन लड़कियों को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घर से नाराज होकर नैनीताल घूमने निकली तीन नाबालिग युवतियां हल्द्वानी पहुंच गयी और जेब में जब घूमने को पैसे नही तो उन्होंने सोने की चेन बेचने का प्रयास किया। तभी तीनों नाबालिग युवती पकडी गयी। पुलिस ने युवतियों से पूछताछ की तो वह हरियाणा की निकली। जिसके पास पुलिस ने हरियाणा पुलिस से संपर्क कर युवतियों के परिजनों की खोजबीन की और उन्हें सूचना दी। सोमवार को हरियाणा पुलिस व परिजन हल्द्वानी पहुंचे और पुलिस ने उन्हें उनके सुपुर्द कर दिया। उद्र जानकारी देते हुए मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि बीते 24 अगस्त को सेंट्रल तिराहे पर तैनात होमगार्ड ने सूचना दी गई कि 3 संदिग्ध बालिकाएं सोने की चेन बेचने का प्रयास कर रही हैं, उन्हें कुछ लोगों ने पकड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों मुखानी थाने ले आई। तीनों लड़कियां गुड़गांव हरियाणा की रहने वाली 16 और 17 साल की थीं। पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि घरवालों से नाराज होकर वह तीनों घूमने निकल पड़ी थीं। तीनों की गुमशुदगी थाना सेक्टर-5 गुरुग्राम, हरियाणा में दर्ज थी। पुलिस ने लड़कियों के परिजनों को इसकी सूचना दी। 25 अगस्त को लड़कियों के परिजन और हरियाणा पुलिस शहर पहुंची और तीनों को अपने साथ ले गई।

# सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाएः आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने सोमवार को हल्द्वानी शहर के क्षतिग्रस्त मार्गों का लोक निर्माण विभाग, ब्रिडकुल और जल संस्थान के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ क्षतिग्रस्त मार्गों को जल्द से जल्द ठीक करने के निर्देश दिये। आयुक्त रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल में सड़क मरम्मत के लिए डामरीकरण का कार्य नहीं हो सकता है, इसलिए वैकल्पिक तरीकों से सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने कुमाऊं मंडल



के सभी जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में सड़कें क्षतिग्रस्त है, उनकी मॉनिटरिंग की जाए और प्राथमिकता के साथ सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। साथ ही वर्षाकाल समाप्त होने के बाद स्थायी रूप से सड़क को दुरुस्त करे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने काठगोदाम नवनिर्मित रोडवेज बस स्टेशन के समीप सड़क, देवलचौड़ चौराहा मार्ग एवं टीपी नगर सड़क का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। काठगोदाम रोडवेज के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि नवनिर्मित रोडवेज बस स्टेशन से पानी आने और सड़क पर पेयजल लाइन लीकेज के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इस पर आयुक्त ने जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता को तत्काल लीकेज ठीक करने और नवनिर्मित रोडवेज के कार्यदायी संस्थान को स्टेशन से आने वाले पानी को ड्रेनेज सिस्टम में परिवर्तित करने के निर्देश दिये। देवलचौड़ और टीपी नगर मार्गों के निरीक्षण के दौरान लोनिवि के अधिकारियों ने बताया कि उक्त मार्गों को जल्द गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। आयुक्त ने अधिका. रियों से कहा कि शहर में जहां भी सड़कें क्षतिग्रस्त है, लोनिवि एवं संबंधित अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करें और वर्षाकाल में वैकल्पिक तरीकों से मरम्मत सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान विशाल सक्सेना, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रत्युष कुमार सहित ब्रिडकुल के अधिकारी मौजूद रहे।

# दुर्घटना के आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तीन सप्ताह पूर्व बाजार से पैदल घर को जा रही एक युवती को एक ऑटो चालक ने टक्कर मार दी। सड़क हादसे में युवती गंभीर रुप से घायल हो गयी। टक्कर मारने के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। आनन फानन में युवती को सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां से हालत नाजुक होने पर उसे ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया। वही पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार मूलरूप से नौड़ा चापड़ भुजान अल्मोड़ा निवासी मदन मोहन जोशी ऊंचापुल देव विहार में परिवार के साथ रहते हैं। मदन मोहन जोशी ने मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपते हुए कहा कि बीते दो अगस्त की रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास उनकी बेटी हिमांशी बाजार से पैदल ही रोजाना की तरह इसी रास्ते से घर को आ रही थी। तभी तेज रफ्तार एक ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई और घटना को अंजाम देने के बाद ऑटो चालक ऑटो लेकर फरार हो गया। जिससे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गयाजहां पर हालत नाजुक होने पर हिमांशी को एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। मुखानी पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी।

# उपनल कर्मियों को पछासं का समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में बीते कई दिनों से वेतन और स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे उपनल कर्मचारियों को परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) ने भी धरना स्थल पहुंचकर अपना समर्थन देते हुए उपनल कर्मचारियों की मांगों को जायज़ बताया। इस दौरान पछास के सदस्य महेश ने कहा कि वें उपनल कर्मचारियों के छह माह से लंबित वेतन और स्थायी पद सृजन की मांगों का पूर्ण समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा यह शर्मनाक है कि प्रदेश की सरकार छह महीने से वेतन नहीं दे रही और अब कर्मचारियों को बाहर करने की साजिश कर रही है। महेश ने कहा कि हल्द्वानी जैसे महंगे शहर में बिना वेतन जीवनयापन असंभव है। किराए, राशन और बच्चों की पढ़ाई तक



सबकुछ वेतन पर निर्भर हैं, और सरकार की चुप्पी उसकी संवे. दनहीनता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सुशीला तिवारी अस्पताल कुमाऊं का प्रमुख सरकारी अस्पताल है, जहां मरीजों और कर्मचारियों दोनों के हित में सुविधाएं बढ़नी चाहिए थीं। लेकिन इसके उलट यहां की रीढ़ कहे जाने वाले संविदा कर्मचारियों को वेतन से वंचित कर और पद खत्म करने की बात कर सरकार ने असंवेदनशीलता का परिचय दिया है। उन्होंने सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के सभी उपनल कर्मचारियों का छह माह से लंबित वेतन तुरंत जारी करने और सभी उपनल कर्मचारियों के लिए स्थायी पद सृजित कर नियमित नियुक्ति प्रदान करने की मांग की है।

# नगर निगम की अव्यवस्थाओं पर फूटा आक्रोश, ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम की सफाई व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर सोमवार को पहाड़ी आर्मी कार्याकर्ताओं ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पहाड़ी आर्मी के महानगर अध्यक्ष फौजी भुवन पांडे व महामंत्री विनोद सिंह शाही ने संयुक्त रूप से कहा कि पूरे नगर क्षेत्र में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, नालियों से बदबू आ रही है और बारिश के चलते गंदा पानी कॉलोनियों में घुस रहा है। उन्होंने नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था को पूरी तरह विफल करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन स्वच्छ भारत अभियान का मज़ाक बना रहा है। सफाईकर्मी नियमित रूप से गायब रहते हैं, सड़कों में बड़े-बड़े गड्डे हैं और जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं रात के समय कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं, जिससे जनता भय के साये में जीने को मजबूर है। उन्होंने चेतावनी दी अगर 7 दिनों के भीतर वार्डों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो नगर निगम कार्यालय के बाहर अनिश्चितकाल. ीन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगे। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र कांडपाल, हरेंद्र राणा, नारायण सिंह बर्गली, मदन फर्त्याल, विजय भंडारी, गंगा सिंह चिलवाल, भगवंत सिंह राणा, गोकुल मेहरा, दीपक गोस्वामी, पवन सिंह ज्याला, इंदर बिष्ट शामिल रहे।

# बागजाला में धरना आठवें दिन भी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजस्व गांव घोषित किए जाने समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बागजाला गांव में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना आठवें दिन भी जारी रहा। धरने में मौजूद किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि वन विभाग गांव में दमन की नीति अपना रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार जहां एक ओर स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण को बढ़ावा दे रही है, वहीं वन विभाग ने बागजाला के एक ग्रामीण के शौचालय को तोड़ दिया। जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय पार्षद मदन मोहन चमोली ने धरने को समर्थन देते हुए कहा कि पतनशील, फासीवादी राजनीति के खिलाफ जन आंदोलन की संस्कृति ही बदलाव की वाहक बनेगी। पुष्कर दुबड़िया ने कहा



कि बिंदुखत्ता जैसा क्षेत्र जनता के संघर्ष से बना है, और बागजाला भी जनसंघर्ष और सामूहिक एकता से ही अपने अधिकार प्राप्त कर सकता है। धरने में हरीश भंडारी, विमला देवी, वेद प्रकाश, हरदित्ता सिंह, चन्दन सिंह मटियाली, भगवती गोस्वामी, दीपा देवी, हबीब अहमद, डा. कैलाश पाण्डेय, सुलेमान मलिक, महेंद्र आर्य, हेमा देवी, शांति देवी, मुकेश कुमार, नसीम, श्याम सिंह, महजबी, हरक सिंह बिष्ट, कृष्ण कुमार, ऋषि मटियाली, गोपाल राम, दिव्या, हीरा देवी आदि मौजूद रहे।

# एसटीएच में चोरः तीमारदार का बैग उड़ाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में बेटे की देखभाल में जुटे एक पिता का बैग चोरों ने उड़ा लिया। बैग में 25 हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज थे। वारदात के बाद चोरों ने अस्पताल परिसर में बने मंदिर में माथा भी टेका, और वहीं उनकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गरमपानी खैरना निवासी श्याम सिंह का बेटा तनुज रावत गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। 22 अगस्त को तनुज को ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। श्याम सिंह अपने साथ बेटे के इलाज के लिए जरूरी दस्तावेज और 25 हजार रुपये नकद लेकर आए थे, जो उन्होंने एक बैग में रखे थे। शनिवार रात वह वार्ड में सो गए। सुबह करीब 5 बजे दो संदिग्ध युवक वार्ड में दाखिल हुए और बैग चोरी कर फरार हो गए। जब श्याम सिंह की नींद खुली, तो बैग गायब देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही मेडिकल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। वीडियो में दो युवक बैग ले जाते हुए दिखाई दिए, जिनमें से एक मंदिर में शीश नवाते नजर आया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रचारात्मक शैक्षणिक दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड आईटी ने सोमवार को क्षेत्रीय शिक्षण संस्थानों में एक प्रचारात्मक शैक्षणिक दौरा आयोजित किया।

इस दौरान विश्वविद्यालय की टीम ने एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर कनिया रामनगर, एसआईएमटी एवं आईएमटी काशीपुर, एससी गुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी काशीपुर तथा ड्रोन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुद्रपुर का भ्रमण किया। टीम ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर साइंस के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों जैसे एमसीए, एमएससी (आईटी), एमएससी (सीएस), बीसीए आदि के



साथ-साथ वोकेशनल स्टडीज के प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों की जानकारी दी और उनके व्यावसायिक लाभ पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त स्वयं प्लेटफार्म पर उपलब्ध डिजिटल फॉरेंसिक और वेब टेक्नोलॉजी जैसे ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से जुड़ने के लिए भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विद्यार्थियों के लिए स्वयं पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन पाठ्यक्रम निशुल्क उपलब्ध है। यह भारत सरकार का एक ऑनलाइन शिक्षा मंच है। इस दौरान डा. एस गुणवंत, ललिता, हिमानी, डा. बलविंदर सिंह, डा. आनंद पटवाल, मयंक पांडे, शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब अलकनंदा वैली अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

**श्रीनगर।** रोटरी क्लब अलकनंदा वैली उत्तराखंड का पंचम अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रविप्रकाश, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन विकाश गर्ग और क्जीक्यूटिव सेक्रेटरी रोटेरियन पंकज पांडे द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव मनोज कंडवाल ने 2024-25 की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस मौके पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में प्रथम आने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा वर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन सुनील बिजल्वान को इस वर्ष 2025-26 के दायित्व निर्वहन के कॉलर धारण करवाया गया।

# गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को, शुभ योगों में होगी मूर्ति स्थापना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रथम पूज्य, मांगलिक कार्यों के अधिष्ठाता, विघ्नहर्ता और बुद्धि के दाता भगवान श्रीगणेश इस वर्ष 27 अगस्त बुधवार को हस्त नक्षत्र सर्वार्थसिद्ध योग और प्रीति योग के विशेष संयोग में भक्तों के घर-घर विराजमान होंगे। गणेश उत्सव का समापन 6 सितंबर, शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय के अनुसार पुराणों में भगवान गणेश का जन्म भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को, मध्यान्ह काल में स्वाति नक्षत्र में माना गया है। इस बार चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश का प्रिय वार बुधवार है, साथ ही हस्त नक्षत्र, सर्वार्थसिद्ध और प्रीति योग का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। ऐसे में इस दिन मध्यान्ह काल में मूर्ति स्थापना करना अत्यंत शुभ और फलदायक रहेगा। पौराणिक ग्रंथ पद्मपुराण के अनुसार, महर्षि वेदव्यास महाभारत की कथा को शीघ्र लिपिबद्ध करवाना चाहते थे, किंतु उन्हें कोई उपयुक्त लेखक नहीं मिल रहा था। ब्रह्मा जी की सलाह पर उन्होंने भगवान गणेश से प्रार्थना की, जिन्होंने एक शर्त पर यह कार्य स्वीकार किया व्यास जी को बिना रुके कथा सुनानी होगी। गणेश जी ने दस दिनों में संपूर्ण कथा को लिपिबद्ध कर दिया, जिसके बाद वेदव्यास ने उन्हें ससम्मान विदा किया। तभी से गणेश उत्सव की दस दिवसीय स्थापना परंपरा की शुरुआत मानी जाती है। हालांकि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अब कई लोग तीन, पांच या सात दिन की भी स्थापना करते हैं।

# अवैध खनन मामले पर सरकार से मांगा तीन सप्ताह में जवाब

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने जिला खनन अधिकारी ऊधमसिंह नगर के द्वारा काशीपुर के एक किसान के ऊपर अवैध खनन करने के एवज में उनके ऊपर लगाए गए 1 करोड़ 91 लाख के जुर्माने को माफ करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूतह्न सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने जुर्माने की रकम वसूलने के आदेश पर रोक लगाते हुए सरकार से तीन सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई पर सचिव खनन व न्याय सचिव कोर्ट में विडिओ कक्र्फ्रेंस के माध्यम से पेश हुए। मामले के अनुसार काशीपुर के ग्राम दभोडा के किसान दूनी चंद ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा है कि उनकी भूमि कोसी नदी के किनारे स्थित है। खनन विभाग ने बिना उनका पक्ष सुने ही उनको अवैध खनन का नोटिस दे



दिया साथ मे अवैध खनन करने को लेकर उनके ऊपर पेनल्टी 1 करोड़ 91 लाख लगा दी जबकि उनके द्वारा कोई खनन कार्य किया ही नहीं गया। जब इसकी शिकायत उनके द्वारा कमिश्नर कुमायूं व सरकार से की गई तो उनकी शिकायत निरस्त कर दी गयी। इससे क्षुबध होकर उनके द्वारा उच्च न्यायलय में याचिका दायर की। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान जब अधिकारी खनन की परिभाषा तक नहीं बता पाए। उसपर खण्डपीठ ने सोमवार को सचिव खनन व न्याय सचिव को कोर्ट में वीडियो कोंनफेस के माध्यम से तलब किया था।

## कोर्ट ने हादसों पर भी की सुनवाई

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट में नैनीताल जिले में काठगोदाम से लाल. कुआं तक नेशनल हाइवे के चौड़ीकरण के बाद काठगोदाम, लालकुआं, गौरापडाव तथा तीनपानी में बनाए गए हाईवे के बेतरतीब कट के चलते हुए हादसों की बढ़ती दुर्घटनाओं का स्वतरू संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूतह्न सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद जिला. धिकारी नैनीताल, आईजी यातायात सहित नेशनल हाईवे के डायरेटर प्रोजेट मैनेजर रुद्रपुर को व्यद्गिगत रूप से कोर्ट में अगली तिथि तक तक पेश होकर एकसप्लेन रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार चोरगलिया निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भुवन चंद्र पोखरिया व लालकुआं के ग्रामीणों ने मुखय न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा था कि नैनीताल जिले के काठगोदाम से लालकुआं तक सडक चौड़ीकरण के दौरान काठगोदाम, लालकुआं, गौरापडाव तथा तीनपानी में बनाए गए बेतरतीब कट के कारण पिछले ह्ल माह में ङ्क्षङ्घ लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी जबकि इन बेतरीब बने कटो के चलते दर्जनों लोग गंभीर घायल हो चुके हैं जिनका बाहरी हक्क्स्पिटलों में ईलाज चल रहा है। याचिका में उच्च न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि एनएच अक्क्थरिटी से सडक दुर्घटना में जान गवाने वालों और दुर्घटना में घायल लोगों को मुआवजा दिलाने की प्रार्थना की है जिसपर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कहा कि एनएच निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार ही होना चाहिए था। एनएच में ऐसी कया खामियां आ गयी जिसकी वजय से दुर्घटनाएं हो रही हैं। अगर दुर्घटनाएं हो रही हैं। तो उसकी जांच कराई जाए तथा ओवर स्पीड को रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं।

# फलदार पौधों का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की महानगर इकाई द्वारा सोमवार को गुरुनानक मार्केट स्थित प्रदेश कार्यालय में फलदार पौधों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद डा. आशुतोष पंत को उनके पर्यावरण संरक्षण में योगदान के



लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के तहत आमजन को अमरूद, आंवला, तेजपत्ता, नींबू सहित विभिन्न फलदार पौधों का निशुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि पेड़ लगाना पर्याप्त नहीं, उनका संरक्षण व पालन भी आवश्यक है। पर्यावरणविद डा. आशुतोष पंत ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण को बचाने का सबसे सशक्त उपाय वृक्षारोपण और वृक्षों का संरक्षण है। यदि हम प्रकृति से प्रेम करेंगे, तो वह भी हमें संजीवनी देगी। इस दौरान अजय कृष्ण गोयल, अनिल खंडेलवाल, गोपाल भट्ट, राजकुमार केसरवानी, आफताब हुसैन, पंकज सुयाल, रवि गुप्ता, आफताब आलम, प्रेम परिहार, उमेश बेलवाल, जेड वारसी, घनश्याम बिष्ट, बालम बर्गली, किरण बोरा, अशोक मोंगिया, रजत पंत, संतोष गौड़ आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कार की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक मय वाहन के वहां से फरार हो गया । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 3 ट्रांजिट कैंप निवासी 79 वर्ष के मनोरंजन सरकार पूजा पाठ का काम करते थे और किसान थे। बीती शाम वह अपने वाहन से दिनेशपुर से रुद्रपुर आ रहे थे कि जाफरपुर पेट्रोल पंप के पास वह किसी काम से वाहन खड़ा कर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान वाहन संख्या यूपी 21 सीडी 6830 ने उन्हें टक्कर मार दी।

उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक मय वाहन के मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बस व ट्रैक्टर ट्रॉली में हुई जोरदार भिड़ंत

- **हादसे में दर्जन भर के करीब यात्री घायल, कई गंभीर**
- **घटना के बाद बस चालक मौके से हो गया फरार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** ऊधम सिंह नगर जिले के जसपुर में आज सोमवार सुबह हरिद्वार से लखीमपुर खीरी जा रही एक बस ने गेहूं से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में दर्जनभर के करीब यात्री घायल हो गए। घायल यात्रियों को जसपुर के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज सोमवार तड़के जसपुर के ग्राम गूलरगोजी निवासी नईम अहमद ने पुलिस को सूचना दी कि जसपुर में फीका नदी के पुल के पास एक बस ने ट्रैक्टर ट्राली के पीछे से हाइवे पर टक्कर मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस उपनिरीक्षक केसी आर्य, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह मैहर, अब्दुल मलिक, प्रविंद्र सिंह, हेमचंद्र फुलारा तथा होमगार्ड निर्मलजीत सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। जहां बस संख्या UP31AT7743 ने ट्रैक्टर ट्रॉली में आपस में टकराए हुए पाए गए।

बस में करीब 60 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। घटना के बाद बस का चालक मौके से चला गया। ट्रैक्टर ट्राली का 44 वर्षीय चालक सलीम अहमद पुत्र अमीर हुसैन निवासी निवार मंडी जसपुर मौके पर मौजूद था।

ट्रैक्टर ट्राली में गेहूं लदा हुआ था। ट्रैक्टर ट्राली चालक के साथ अकरम पुत्र असलम निवासी हसनपुर थाना रेहड़ जिला बिजनौर था। मौके पर उपस्थित सवारी तथा ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक द्वारा बताया कि बस चालक द्वारा ट्रैक्टर ट्राली के पीछे टक्कर मार दी।

बस हरिद्वार से लखीमपुर खीरी जा रही थी और ट्रैक्टर HR 01AJ 9389 मय ट्रॉली हसनपुर से काशीपुर जा रहा था। दुर्घटना में बस में सवार 50 वर्षीय मनोज पुत्र रामा, 65 वर्षीय बाबूराम पुत्र रामलाल, 30 वर्षीय शालू पत्नी जयकिशन, 35 वर्षीय मीना पत्नी भजनलाल, 45 वर्षीय मुन्नी पत्नी रामप्रीत, 52 वर्षीय भुनना उर्फ रामप्रीत पुत्र जौहरी, 75 वर्षीय प्रहलाद पत्नी मुरली, 82 वर्षीय मुरली पुत्र रामलाल, 48 वर्षीय सुघर पुत्र रतीराम तथा 35 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र मुरली निवासीगण ग्राम झंडीराज थाना निघासन जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जसपुर के सरकारी अस्पताल जसपुर लाया गया। घायलों में मुन्नी पत्नी रामप्रीत के सिर व मुंह में तथा मनोज पुत्र रामा के मुंह में गंभीर चोट लगी है, जिन्हें इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# जंगलात टीम ने पकड़ी सात गिल्टों से भरी पिकअप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बन्नाखेड़ा जंगलात टीम ने केशोवाला मार्ग पर सेमल के सात गिल्टों से भरी पिकअप पकड़ी।

बन्नाखेड़ा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर कपिल ने बताया कि रविवार देर शाम बन्नाखेड़ा रेंज के बीट अधिकारी ज्ञान सिंह वन कर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। इस बीच केशोवाला मार्ग पर सेमल के गिल्टों को से भरी पिकअप को रोकने की कोशिश की। चालक तेजी से वाहन को ले गया। पीछा करने पर सड़क किनारे पिकअप को खड़ी करके चालक फरार हो गया। जंगलात टीम ने पिकअप को कब्जे में ले लिया। जंगलात टीम ने पिकअप से सेमल के सात गिल्टे बरामद किए हैं। जबकि बन्नाखेड़ा रेंज के बीट अधिकारी ज्ञान सिंह ने सेमल से लदी पिकअप वाहन को सीज कर दिया है। जंगलात टीम ने पिकअप चालक तस्कर की तलाश शुरू कर दी है। रेंजर ने बरामद सेमल के गिल्टों की कीमत करीब पचास हजार रुपये बताई है।



# डीएम ने दिए दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया ने 16 जून 2025 को दानपुर के पास रोड किनारे काशीपुर रोड थाना रूद्रपुर में वाहन हाइड्रा नं. यूके 06-बीजे-5266 का चालक नाम पता अज्ञात द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही से चलाकर वादी के ऑटो नं0 यूके-06-टीए-5595 में टक्कर मारकर वादी व वाहन में बैठी अन्य 01 सवारी का घायल हो जाना तथा ऑटो का क्षतिग्रस्त हो जाना व 24 जून 2025 को किच्छा बाईपास रोड बीएचएल के पास रुद्रपुर में ऑचल दुग्ध बोलेरो नं. यूके-06 टीए-7856 का नाम पता अज्ञात अभि. अज्ञात द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही से चलाकर वादी के पुत्र रेहान अहमद की मा. सा. नं. यूपी-24 एसी-3140 में में टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल कर देना उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने सम्बन्धी दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु उप जिला मस्ट्रिेट रुद्रपुर को जांच अधिकारी नामित किया है।

उन्होंने उप जिला मजिस्ट्रेट को घटनाओं के सम्पूर्ण पहलुओं की विस्तृत जांच करते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश है।

जांच अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रपुर मनीष बिष्ट ने कहा है कि उक्त घटनाओं/प्रकरणों के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति जानक. ारी रखता हो या कथन करना चाहता है तो वह विज्ञप्ति जारी होने के एक सप्ताह के भीतर साक्ष्य सहित अपना कथन उप जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा कार्यालय की ई-मेल आईडी sdmrudrapur4@gmail.com पर भी उपलब्ध करा सकते है।

# नशा कर देता है परिवार का नाशः अंसारी

- **सिविल जज ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशानुसार फैज- ए- आम इंटर कॉलेज जसपुर में नशा उन्मूलन पर एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जसपुर न्यायिक कोर्ट की सिविल जज जहांआरा अंसारी मौजूद रहीं। शिविर की अध्यक्षता कालेज के प्रधानाचार्य रईस अहमद ने की तथा संचालन पीएलबी डा.बीएस गौतम ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए सिविल जज जहांआरा अंसारी ने छात्र/छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए बताया कि नशे की लत लग जाना हमारे जीवन में बहुत ही घातक बीमारी है जिसको भी यह लत लग जाए छोड़ना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे की शुरुआत बीड़ी एवं सिगरेट से होती है। हमें किसी के भी बहकावे एवं लालच में आकर बीड़ी सिगरेट नहीं पीनी है। यदि ऐसा करते हैं तो यहीं से नशे की शुरुआत हो जाती है और वह बड़े नशे का रूप ले लेती है। शराब, गांजा, स्नैक, नशे के कैप्सूल, नशे के इंजेक्शन आदि मनुष्य के लिए खतरनाक साबित होते हैं। अधिक नशे के सेवन से मृत्यु तक हो जाती है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक आक्रामकता वाला नशा हिंसात्मक कृतियों को जन्म दे सकता है। अंतर निर्मित स्वास्थ्य स्थितियों का बिगड़ना कुछ पदार्थ के नशे में अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियां बिगड़ सकती हैं, जैसे हृदय संबंधी समस्याएं तथा मानसिक स्वास्थ्य स्थितियां आदि। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि नशा परिवार का नाश करता है। इसलिए हमें नशे से दूर रहना है। उन्होंने कहा कि नशा आपको अपनी किताबों से करता है।

अंत में कॉलेज के प्रधानाचार्य रईस अहमद ने सिविल जज जहांआरा अंसारी को शील्ड देकर सम्मानित किया।

शिविर में पैनल अधिवक्ता राजवीर सिंह, अजहरुद्दीन, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार शर्मा, पीएलबी टीम में वीर सिंह गौतम, मुनेश, लता, संगीता रानी, सोनू कुमार, आदेश कुमार, जाहिद हुसैन, शबनम अंजुम, शमशेर अहमद, शाहनवाज अहमद, डॉक्टर आजाद अहमद, मोहम्मद आरिफ, जुनैद अनवर, मैहर, अंजुम मोहम्मद शोएब तथा प्रबंध समिति में अनीस अहमद अध्यक्ष, मोहम्मद कमर सिद्दीकी उपाध्यक्ष, मोहम्मद अशरफ तस्लीम प्रबंधक, जाहिद हुसैन सेक्रेटरी, मोहम्मद राशिद जॉइंट सेक्रेटरी, जाकिर हुसैन सदस्य, मोहम्मद मोहसिन, सीए शराफत हुसैन, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद मोहसिन एडवोकेट आदि लोगों ने भाग लिया।

# अवैध शस्त्र के साथ एक आरोपी को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर के निर्देशानुसार, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर के नेतृत्व मे रम्पुरा चौकी पुलिस द्वारा गत रात्रि में मुखबिर की सूचना पर पुराना टायल मार्ट से आगे पेड के पास प्रीत विहार से अभियुक्त जैकी कोली पुत्र देवकी कोली निवासी चौरासी घंटा मंदिर के पास रम्पुरा कोतवाली रुद्रपुर उधम सिंह नगर मूल पता ग्राम बिल्सी थाना बिल्सी जिला बदायू उ.प्र. के कब्जे से एक अदद नाजायज पोनिया अवैध देशी शस्त्र बरामद कर गिरफ्तार किया गया गिरप्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाने में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पुलिस टीम में उ.नि. प्रदीप को. हली प्रभारी चौकी रम्पुरा, का. महेश राम शामिल थे।

# अवैध वसूली से परेशान कलेक्ट्रेट में गरजे टैक्सी चालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** रोडवेज के सामने गांधी पार्क गेट के पास रोजगार करने वाले बड़ी संख्या में निजी टैक्सी चालकों ने एकत्र होकर फर्जी यूनियन के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए आज कलैक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा। ज्ञात हो कि इस सन्दर्भ में उन्होंने रविवार को कोतवाली में सीओ से मुलाकात कर शिकायती पत्र सौंपा था।

चालकों का आरोप है कि प्रशासन ने अस्थाई रूप से रोडवेज के सामने गांधी पार्क की चाहरद. ीवारी के पास टैक्सी स्टैंड बनाया है। लेकिन कुछ दबंग युवक वहां पहुंचे और टैक्सी चालकों से जबरन ग्यारह-ग्यारह सौ रुपये की पर्चियां काटनी शुरू कर दीं। टैक्सी चालकों के मुताबिक, पूछताछ में पता चला कि युवकों ने बंद कमरे में ऊधमसिंह टैक्सी वेलफेयर एसोसिएशन नाम से संगठन बना लिया है और जबरन वसूली करने लगे हैं। आरोप है कि अवैध वसूली करने वाले न सिर्फ रूद्रपुर वरन किच्छा, नानकमता, सितारगंज, बनबसा व खटीमा आदि क्षेत्रें में भी जबरन वसूली कर रहे हैं। टैक्सी चालको ने कहा कि इनकी यूनियन की गहरी छानबीन की जाये और जबरन वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। उनका आरोप है कि विरोध करने पर चालकों को वसूली करने वालों द्वारा अपना पुराना आपराधिक बताकर धमकाया भी जा रहा है। चालकों के मुताबिक युवक सम्भतया सीमावर्ती यूपी के रहने वाले हैं और शहर में आकर अवैध रूप से पैसे वसूल रहे हैं। टैक्सी चालकों ने बताया कि अधिकांश लोग बैंक से लोन लेकर टैक्सी का संचालन कर रहे हैं और परिवार की आजीविका उसी पर निर्भर है। ऐसे में अवैध वसूली उनके लिए बड़ा संकट है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में बलविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, विनोद सिंह, कशिश सिंह, धर्मेंद्र यादव, हरजीत सिंह, गोपाल सिंह, राम सिंह, ओमप्रकाश सिंह आदि टैक्सी चालक मौजूद रहे।

# आरएएन किड्स में डांस टैलेंट हंट 'झंकार' 2025-26 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन किड्स में डांस टैलेंट हंट का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर निधि राय एवं विद्यालय की एडवाइजर रेखा कर्नाटक द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। विद्यालय की हैड मिस्ट्रेस गरिमा घई ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस आयोजन को चार ग्रुप में बांटा गया।




चारों ग्रुपों के विजेता रहे- प्रथम ग्रुप (सीड ग्रुप) से 1st-मिशिका ठुकराल, 2nd - दिवनूर और आरना बठला, 3तक - जियांशी बोरा, द्वितीय ग्रुप से (सैप्लिंग ग्रुप) 1st - हितांशी अरोरा, 2nd - सानवी बग्गा और यशश्वी आहूजा, 3तक -मिष्टी कक्कर, तृतीय ग्रुप (बड ग्रुप) से 1st - अनायरा तनेजा और हुनर अरोरा, 2nd - परिधि और जपलीन, 3तक - आद्विक और लक्षिता, कॉन्सोलेशन प्राइज- गौरवी, चतुर्थ ग्रुप (फ्लावर ग्रुप) से 1st - गौरिशी पन्त और शेर्लिन, 2nd - विहानी ठुकराल और पैव्लीन कौर, 3तक - मान्या और प्रिशा, कॉन्सोलेशन प्राइज- नवन्या अरोरा और गुन्ताज। विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर निधि राय ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी विज. ेताओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र दिए गए।

कार्यक्रम को सभी माता-पिता ने बहुत सराहा। कार्यक्रम में भावना भनोत आदि उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिवारों के साथ नहीं होगा अन्यायः विकास शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने रविवार को श्री श्याम होम्स कॉलोनी का दौरा कर ध्वस्तीकरण के नोटिस से परेशान परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने प्रभावित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। महापौर ने मौके पर ही एसडीएम से दूरभाष पर वार्ता कर पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए और कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो यह मामला सीधे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में भी लाया जाएगा।

महापौर शर्मा को पीड़ितों ने उन्हें बताया कि उन्होंने कॉलोनाइजर से प्लाट खरीदकर दाखिल-खारिज और रजिस्ट्री कराई, यहां तक कि बैंकों से लोन लेकर मकान भी बनाए। अब अचानक आठ मकानों को ध्वस्त करने का नोटिस जारी कर दिया गया है, जिससे उनका भविष्य संकट में पड़ गया है। पीड़ितों ने कहा कि यह जमीन विवाद असल में विक्रेता और दावा करने वाले व्यक्ति के बीच का है, मगर इसमें निर्दोष परिवारों को फंसा दिया गया है। परिवारों ने कहा कि बैंक ने सभी दस्तावेजों की जांच कर ऋण स्वीकृत किया था और उन्होंने नियमानुसार घर बनाए हैं। ऐसे में न्यायालय के आदेश पर मकान ध्वस्तीकरण का नोटिस मिलना सरासर अन्याय है। महापौर ने दूरभाष पर एसडीएम से वार्ता कर पीड़ितों को न्याय दिलाने को कहा। एसडीएम ने महापौर को बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और प्रशासन न्यायालय के सामने वास्तविक स्थिति रखकर पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। महापौर ने पीड़ितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

# मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर चल रहा आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। आंदोलन के आठवें दिन सोमवार को सैकड़ों शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

राजकीय शिक्षक संघ के बैनरतले विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को शिक्षकों का कार्यबहिष्कार जारी रहा। आंदोलन के तहत खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षकों ने सामूहिक आकस्मिक अवकाश लेकर धरना दिया और जोरदार नारेबाजी की। धरना स्थल पर शिक्षकों ने अपनी 34 सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। प्रमुख मांगों में पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करना, प्रधानाचार्य विभागीय सीधी भर्ती को निरस्त करना, पूर्व चयन वेतनमान और प्रोन्नति वेतनमान स्वीकृत होने पर एक वेतनवृद्धि देना, तदर्थ शिक्षकों को तदर्थ सेवा का लाभ देते हुए चयन वेतनमान का आदेश जारी करना, अंतरमंडलीय शेष शिक्षकों का स्थानांतरण करना तथा प्रारंभिक शिक्षा से समायोजित शिक्षकों को चयन प्रोन्नति में शामिल करना शिक्षकों ने इन मांगों को लेकर निदेशक माध्यमिक शिक्षा को ज्ञापन भी प्रेषित किया। शिक्षक नेताओं का कहना था कि जब तक उनकी सभी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती, आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा।

इस दौरान योगेन्द्र सिंह चौधरी, भरत सिंह, दीपक सिंह, संतोष पन्त, सुधा राठी, राणकुमार बुधोलिया, ग्रीश शर्मा, दीपमाला चौधरी, डा. वीना पाठक, राकेश श्रीवास्तव, दुष्यन्त चौहान, देवकी नन्दन जुकारिया, शमशेर पाल, हीना मलिक, नेत्रपाल सिंह, ज्योति शुक्ला, शालनी शर्मा, मुकेश चौधरी, एमएस माधुर, प्रेम चन्द्र आदि थे।

## एक नजर

# ट्रेन की चपेट मे आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीलीभीत से खटीमा की तरफ आ रही डेमो ट्रेन की चपेट मे आने से अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई। ट्रेन से टकराने के कारण शरीर के अंग कट कर बिखर गए, जिन्हें एकत्र करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हाउस खटीमा भेज दिया।

सोमवार सुबह समय लगभग 9:40 पर पीलीभीत से खटीमा डेमो ट्रेन जैसे ही भिलेया रेलवे संख्या 21 सी के पास पहुंची और अचानक ट्रेन हादसा हो गया। हादसे के समय खेत में धान की फसल की निराई कर रहे किसान व ग्रामीणों ने हादसे के विषय में रेलवे गेट मैन को और स्थानीय पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद मौके पर सत्रहमील चौकी इंचार्ज ललीत सिंह बिष्ट ने पुलिस टीम तथा ग्रामीणों के सहयोग से मृतक के शरीर को एकत्रित कर रेलवे ट्रैक से हटाया और म्रतक की शनाख्त करने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। चौकी इंचार्ज ने पंचनामा भर कर मृतक के शरीर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

# फरजाना बेगम को मिली अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** फरजाना बेगम को अल्पसंख्यक आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया अल्पसंख्यक आयोग का उपाध्यक्ष मनाए जाने पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जगह-जगह मिष्ठान वितरण किया। फरजाना बेगम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद करते हुए भाजपा का सबका साथ सबका विकास।

फरजाना बेगम ने कहा कि वह सीएम पुष्कर सिंह धामी की विशेष रूप से आभारी हैं, जिनके नेतृत्व में उत्तराखंड में धार्मिक समरसता, सामाजिक भाईचारा और सम्मान की भावना को निरंतर बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की सोचख्र 'विकास सबका, सम्मान हर एक का प्रदेश के सामाजिक ताने-बाने को और अधिक मजबूत बना रही है। यह सोच उत्तराखंड को सौहार्दपूर्ण और समावेशी समाज की ओर अग्रसर कर रही है।

# राहुल रावत का मेडिकल कालेज में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** स.भ.सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में प्रयोगशाला सहायक के पद पर तैनात मदन रावत के सुपुत्र राहुल रावत का चयन नीट परीक्षा पास कर एमबीबीएस हेतु हुआ है। राहुल को उत्तराखण्ड कैडर में प्रथम वरीयता सूची में 262 कम पर सामान्य श्रेणी से राजकीय मेडिकल कालेज, अल्मोड़ा में एमबीबीएस हेतु दाखिला मिला है। मूल रूप से बागेश्वर जिले के कुलाऊं गांव निवासी राहुल बचपन से ही प्रतिभावान एवं मेधावी रहे हैं। अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय और गरूड़ से की, उसके पश्चात जवाहर नवोदय विद्यालय सिमार, (बागेश्वर) से इण्टर किया। नीट परीक्षा की तैयारी के लिए राहुल ने स्वंय अध्ययन को प्राथमिकता दी एवं बिना कोचिंग का सहारा लिए इस सफलता को अर्जित किया। उनकी इस सफलता से पूरे गांव व आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर है व बधाई देने वाले घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं। वहीं राहुल ने इस सफलता का पूरा श्रेय अपने दादा-दादी व माता-पिता को दिया है। साथ ही पढ़ाई के उपरान्त लोगों की निस्वार्थ सेवा करने का वचन भी लिया।

# तमंचा सहित एक बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उधम सिंह नगर एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर बाजपुर सीओ विभव सैनी के नेतृत्व में बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी द्वारा बाजपुर में अवैध शस्त्रों के विरुद्ध और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान के तहत दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल मय पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान बाजपुर रोड अंडरपास के पास से शातिर बदमाश आकाश पुत्र रामचंद्र निवासी चकरपुर बाजपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने शातिर बदमाश आकाश के पास से 12 बोर का एक तमंचा मय 12 बोर का एक जिंदा कारतूस, बरामद कर लिया है। दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल ने बताया कि शातिर बदमाश आकाश पूर्व में भी चोरी आदि कई अपराध में चार बार जेल जा चुका है। पुलिस टीम में दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल, एसआई सुनील कुमार, कांस्टेबल विजय पाल, कैलाश पांडे, नरेंद्र सिंह शामिल रहे।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम गोबरा निवासी दर्शन सिंह ने अपनी भतीजी के ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दर्शन सिंह ने बताया कि उनकी भतीजी कुलवंत कौर का विवाह केलाखेड़ा के ग्राम शिवपुरी में हुआ था। और विवाह के कुछ ही दिन बाद से ही पति मनवीर सिंह, ससुर पूरन सिंह, सास सुखवंत कौर उर्फ शुक्को और जेठ गुरबीर सिंह द्वारा अतिरिक्त दहेज और नाजायज पैसों की मांग की जाने लगी। दर्शन सिंह का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर सभी लोग एक राय होकर कुलवंत कौर को लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर देते थे। इस मामले को लेकर कई बार पंचायत भी हुई और बेरिया चौकी में शिकायत के बाद कानूनी कार्रवाई भी की गई। हर बार आरोपित माफी मांग लेते और भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन देते, लेकिन इसके बावजूद अत्याचार जारी रहे। पीड़िता के चाचा ने बताया कि उनके स्वर्गीय भाई की संतानें केवल आठ बेटियां हैं, कोई पुत्र नहीं है। इसी कारण ससुराल पक्ष ने उनकी भतीजी को और अधिक प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

# राजकीय शिक्षक संघ का आंदोलन जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर चल रहा आंदोलन अब उग्र होने लगा है। आंदोलन के आठवें दिन सोमवार को सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना ,प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत हीरा सिंह राणा,गिरीश तिवारी गिर्दा के गीतों से हुई।धरना स्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल ने कहा ने कहा कि जब तक प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया पर रोक नहीं लगती।तब तक सभी स्तरों की पदोन्नति सूची निर्गत नहीं होती,स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरु नहीं होती और सभी प्रकार की वेतन विसंगति ठीक नहीं की जाती आंदोलन जारी रहेगा।वक्ताओं ने मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल गोबिंद राम जायसवाल के रवैए के प्रति आक्रोशित हो उन्हें तत्काल स्थानांतरित किए जाने की मांग भी की।वक्ताओं ने क्लस्टर स्कूल योजना को सरकारी शिक्षा का निजीकरण बताते हुए इसको भी रोकने की मांग की।इस अवसर पर नवेंदु मठपाल,ब्लाक अध्यक्ष संजीव कुमार, मंत्री अनिल कड़ाकोटी,

शैलेन्द्र जोशी,नरेंद्र पटवाल, डॉ नंदन बिष्ट,जसी राम आर्य,राकेश ध्यानी,रमेश चंद्र, बालकृष्ण चंद्र संजीव कुमार प्रदीप कुमार आशीष भारती रमेश चंद्र सत्यवली ,महेंद्र आर्या, जया बाफिला,इकबाल हुसैन,गीता विनोद ,रेखा रानी, ममता बलोदी ,रेखा शर्मा, रमेश बिष्ट,दिनेश रावत,ललित पाठक, जीवन चंद्र पांडे, हेमलता गोस्वामी, जीत पाल कठायत मनीषा सक्सेना,नवीन जोशी, भावना जोशी,मीनाक्षी नेगी, दीप्ति तिवारी, ललित धामी, बुधानी, प्रभात सक्सेना, लोकेश रावत आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# थमने का नाम नहीं ले रहा नगर पालिका परिषद का विवाद

- पांच सभासदों ने दिया इस्तीफा
- नाराज सभासदों ने अधिशासी अधिकारी के माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर पालिका परिषद टनकपुर में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार नाराज पांच सभासदों ने अपने पद से सामूहिक इस्तीफा अधिशासी अधिकारी के माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर को भेजा है।

सोमवार को मंडलायुक्त को भेजे गए ज्ञापन में इस्तीफा देने वाले वार्ड चार के सभासद वकील अहमद, वार्ड 7 के चर्चित शर्मा, वार्ड 3 के सभासद दिलदार अहमद, वार्ड 8 की सभासद आशा भट्ट तथा वार्ड 9 की सभासद बबीता वर्मा ने बताया कि छह माह बीत जाने के बाद भी पालिका प्रशासन टनकपुर की ओर से कोई भी विकास कार्य नहीं कराए गए है। पालिका प्रशासन की आपसी लड़ाई का खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। साथ ही जिस जनता ने हमको चुनकर पालिका बोर्ड का मेंबर बनाया है उनको भी हम सही जवाब नहीं दे पा रहे हैं। सभासदों ने बताया कि उनके प्रस्ताव दर्ज नहीं किया जा रहे हैं जो प्रस्ताव दर्ज किया भी जा रहे हैं उनके अपनी भाषा अपने शब्दों में लिखकर मूल स्वरूप को बदल दिया जाता है।

पांचों सदस्य द्वारा लिखित पत्र देने के बाद भी बैठक नहीं बुलाई जाती बल्कि बैठक को टालने के लिए आवश्यक रूप से उनके पत्र को निदेशालय भेज दिया जाता है। कहा कि जनता ने उन्हें अपने वार्ड में सफाई पद प्रकाश, विकास कार्य आदि के लिए बोट देकर भेजा था जनता को उनसे उम्मीद है और वार्ड का विकास और वार्ड के लोगों के मूल अधिकार की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है, लेकिन बहुत कोशिश करने के बाद भी नगरपालिका मे आपसी विवाद के चलते विकास कार्य और जनता के हित के कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

सभासदों ने कहा कि नगर पालिका का स्टाफ में कई लोगों की कार्यशाली और व्यवहार बहुत खराब है। नगर के समस्त विभागों के अधिकारी उनके द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समाधान करते हैं, लेकिन नगरपालिका के स्टाफ के कुछ लोग ना तो उनका सम्मान करते हैं और ना ही उन्हें कोई जवाब देते हैं। वरिष्ठ सहायक तो हमेशा हर बात का उल्टा जवाब देते हैं। साफ कह देते हैं कौन हो तुम मुझसे कोई बात करने का यह सूचना मांगना तुम्हारा कोई अधिकार नहीं है। सभासदों ने कहा कि इस तानाशाही से तंग आकर ही हम सभी अपने पद से इस्तीफा देने को मजबूर हुए हैं।

## विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष को चेक सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने सोमवार को अपने कार्यालय पर जनतादर्शन कार्यक्रम मे आमजन से रूबरू होकर उनकी समस्या को सुन तत्काल सम्बंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर निराकरण करवाया। वहीं मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता चेक भी सौंपे, जिसमे चेक पाने वालों में लम्बाखेड़ा, रमपुरा, भूतबंगला, खेड़ा, संजयनगर खेड़ा, आवास विकास, छतरपुर, बंगाली कॉलोनी, शिवनगर, जाफरपुर, बिंदुखेड़ा, आजादनगर फाजलपुर जैसे क्षेत्रों के 130 से अधिक लोगों को आर्थिक सहायता चेक सौंपे गए। विधायक शिव अरोरा ने कहा समय-समय पर उनके द्वारा विधानसभा रुद्रपुर के अलग-अलग क्षेत्र के जरूरतमंद लोगो को आर्थिक सहायता चौक बांटते आ रहे हैं।

## एक नजर

## लायंस क्लब का स्वास्थ्य शिविर सात सितंबर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर।** लायंस क्लब टनकपुर आगामी माह सितम्बर में तहसील पूर्णागिरि क्षेत्र टनकपुर में एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा, जिसमे बाल रोग, किडनी एवं स्पाइन पेन विशेषज्ञ, नागरिकों बच्चों व महिलाओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे उचित परामर्श देंगे एवं आवश्यक दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध करायी जाएंगी। साथ ही शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, की जांच भी निशुल्क रखी गई है। यह जानकारी लायंस क्लब टनकपुर के अध्यक्ष लायन अनुराग अग्रवाल ने दी है। उन्होंने कहा कि आगामी माह 7 सितंबर दिन रविवार को पंचमुखी महादेव धर्मशाला टनकपुर में प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निशुल्क किडनी एवं बाल रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि मेडिकल सुविधा का लाभ लेने वाले नागरिकों को 20 रुपये पंजीकरण शुल्क रखा गया है। कहा कि चिकित्सा शिविर का लाभ लेने वाले लाभार्थी अपना पंजीकरण जय मेडिकल स्टोर (चड्डा मेडिकल) टनकपुर अथवा संजय अग्रवाल मगन बिहारी एंड संस में करा सकते हैं। श्री अग्रवाल ने क्षेत्र की सम्मानित जनता से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। इस मौके पर सचिन लायन गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन दीपक जैन, कार्यक्रम सहसंयोजक लायन दीपक छतवाल, कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल मौजूद रहे।

# डीएम ने किया देवत गांव का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** देवत गांव में हाल ही में पत्थर गिरने की घटना से उत्पन्न संकट के मद्देनजर आज सोमवार प्रात: जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि लगातार हो रही वर्षा के कारण पहाड़ियों से चट्टानों के गिरने का खतरा बढ़ गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रभावित परिवारों को रात्रि में ही सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया।

उन्होंने कहा कि वर्षाकाल को देखते हुए ग्रामीणों के लिए स्थायी आवास व्यवस्था आवश्यक है। अस्थायी तौर पर प्रेशियस अकादमी भवन में उनके लिए रहने की व्यवस्था की गई है।

यहां ग्रामीणों को चारपाई, गद्दे, रजाई, बिस्तर, विद्युत, पेयजल और सामुदायिक रसोई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जिला प्रशासन लगातार संपर्क बनाए हुए है और ग्रामीणों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गांव के ऊपरी क्षेत्र की पहाड़ियों में कई लूज बोल्डर अटके हुए हैं, जो किसी भी समय खिसक कर गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए भूवैज्ञानिकों की टीम द्वारा शीघ्र ही भूगर्भीय सर्वेक्षण कराया जाएगा।

# मानवता के महत्वपूर्ण कार्यों को मौलाना इरफान उल हक ने की प्रेस वार्ता

- संगठन द्वारा गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा, गरीब परिवारों को राशन तथा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाएगा
- नशे के खिलाफ अभियान चलाकर किया जाएगा जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अलयाज तुल गौसिया इस्लाम नगर में 1500 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर तंजीम उलमाए अलहे सुन्नत खटीमा के तत्वावधान में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मदरसा गौसिया के प्रबंधक मौलाना इरफान उल हक कादरी ने बताया कि पांच सितंबर 2025 को मोहसिने इंसा. नियत हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलेह वसल्लम के पैदाईश के 1500 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक तारीखी और यादगारी जश्न मनाने के लिए रिवायती कार्यक्रम से हटकर मानवता के लिए कुछ महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के 15 गरीब परिवारों को साल भर का राशन दिया जाएगा, 15 गरीब बच्चों को गोद लेकर नि:शुल्क बेहतर शिक्षा प्रदान की जाएगी।

नगर क्षेत्र में 15 स्वास्थ्य शिविर लगाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवा दिया जाएगा, नगर क्षेत्र में 15 सीरत कॉन्फ्रेंस किए जाएंगे, संगठन की तरफ से नगर क्षेत्र में नशे के विरुद्ध व तालीमी बेदारी अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 31 अगस्त 2025 को आयाजी मैरिज हॉल में एक नि:शुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बरेली, पीलीभीत और खटीमा के लगभग 25 अनुभवी चिकित्सकों की एक टीम द्वारा में आए मरीजों का उपचार किया जाएगा तथा नि:शुल्क दवाई वितरण की जाएगी।

इस अवसर पर मुफ्ती सईद अनवर, इरशादी साहिब, मुफ्ती मुहाफिज रजा मिस्बाही, मुफ्ती मुकीम साहब, हाफिज शराफत, हाफिज अब्दुल बासित साहब, हाफिज जफरुद्दीन साहब, हाफिज इरशाद मुशाहिदी, मौलाना अदिल फैयाजी, मौलाना जावेद, मौलाना मुखिया, मौलाना अमानुल हक कादरी तथा मौलाना रजी आदि मौजूद रहे।

# जेसीज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने की राष्ट्रपति भवन की यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली की एक दिवसीय शैक्षिक यात्रा आयोजित की गई। इसमें उन्होंने राष्ट्रपति भवन के विभिन्न हाल, संग्रहालय तथा अमृत उद्यान का भ्रमण किया।

बच्चों ने दरबार हाल, अशोक हाल, बैंक्वेट हाल, गिफ्ट हाल, रसोई संग्रहालय एवं राष्ट्रपति भवन का संग्रहालय देखा। जहां उन्हें राष्ट्रपति भवन के इतिहास और संस्कृति के विषय में जानने का अवसर मिला। उन्होंने उस भव्य हाल को देखा जहां सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं और भव्य भोजन कक्ष भी देखा जहां देश-विदेश के विशिष्ट अतिथियों का समागम होता है। संग्रहालय के माधयम से उत्कृष्ट कलाकृतियां, प्राचीन फर्नीचर एवं ऐतिहासिक खजाने को देखने का अवसर मिला जो भारत की समृध विरासत की कहानियां कहते हैं। उन्होंने 15 एकड़ में फैले अमृत उद्यान का भी भ्रमण किया जो चार लाख से भी अधिक रंग-बिरंगे फूलों वाले पौधाों तथा पेड़ों से सुशोभित है। उन्होंने बच्चों की शिक्षा एवं मनोरंजन के लिए बनाई गई बाल वाटिका का भी भ्रमण किया।

विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह एक अविस्मरणीय अनुभव था जिसने भारत के समृध इतिहास और संस्ख्रति से परिचित कराया। विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबन्धन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर, निदेशक सुधांशु पंत एवं समस्त अनुभाग प्रमुखों का आभार व्यक्त किया जिनके अटूट सहयोग से यह शैक्षिक भ्रमण संभव हुआ। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को प्रायोगिक रूप से सीखने का अनुभव प्रदान करते हैं, जो कि आजीवन स्मृति-पटल पर अमिट रहते हैं।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय फेंसिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रुद्रपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय फेंसिंग चैंपियनशिप 2025-26 का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के तत्वावधान में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में फॉइल, सेबर और एपे वर्गों में रोमांचक मुकाबले हुए, जिनमें उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से आए 124 से अधिक फेंसर्स ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकज शुक्ला, विशिष्ट अतिथि भारत भूषण, सोनू चुघ तथा भूपेश दुम्का उपस्थित रहे। साथ ही सुरजीत सिंह ग्रोवर, अध्यक्ष फेंसिंग एसोसिएशन उत्तराखण्ड तथा देवेन्द्र सिंह बिष्ट सेक्रेटरी - फेंसिंग एसोसिएशन, उत्तराखंड ने भी प्रतियोगिता की गरिमा बढ़ाई। डीपीएस रुद्रपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया। इसमें वंशिका चिलाना-रजत (U-17 कैडेट एपे) एवं कांस्य (U-20 जूनियर), मन्नत कौर कांस्य (U-17 कैडेट फॉइल), हरबानी कौर ख्र चौथा स्थान (U-17 कैडेट फॉइल), कुशाग्र गुसांई-रजत (U-17 कैडेट सेबर) एवं स्वर्ण (U-14 सब जूनियर), गुंजन राजप्रोहत- रजत (U-14 सब जूनियर सेबर), पंखुरी शुक्ला स्वर्ण (U-14 सब जूनियर सेबर), वैष्णवी जिमिवाल कांस्य (U-14 सब जूनियर फॉइल), पार्थ बिस्वास कांस्य (U-14 सब जूनियर एपे), परी शर्मा स्वर्ण (सीनियर एपे), सार्थक जैन स्वर्ण (U-14 सब जूनियर), अर्पिता शर्मा स्वर्ण (कैडेट) एवं रजत (जूनियर व सीनियर), निहारिका कांस्य (जूनियर व सीनियर), वेदांश राठौर कांस्य (जूनियर), मुकुल चुराया कांस्य (सीनियर व जूनियर), इवेलिन - कांस्य (U-14 सब जूनियर एपे) हैं।

विद्यालय के खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर सभी को बधाई दी गई। अध्यक्ष फेंसिंग एसोसिएशन उत्तराखण्ड सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि डीपीएस रुद्रपुर के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

हमारे बच्चों का यह जज्बा और उपलब्धि अनुशासन, परिश्रम और उत्कृष्टता का प्रतीक है। मैं सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

# प्राथमिक विद्यालय बड़ालू में बच्चों को बांटी पुस्तकें

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** सर्वोदय सेवा दल एवं समाजसेवी मधुलक्ष्मी जोशी के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय बड़ालू में बाल साहित्य की पुस्तकें एवं लेखन सामाग्री वितरित की गई। सर्वोदय सेवा दल के अध्यक्ष दीपक जोशी ने कहा कि बच्चों के लिए बाल साहित्य बहुत जरूरी है। इससे उनकी कल्पनाओं को नया आयाम मिलता है। बाल साहित्य बच्चों को संस्कारित करता है।

मोबाइल नहीं पुस्तक दो अभियान के संयोजक इंजी. ललित शौर्य ने कहा कि पुस्तकें बच्चों को नई राह दिखाती हैं। मोबाइल के दौर में पुस्तकें ही हमारी सच्ची साथी हैं। युवा समाजसेवी अमनदीप चंद ने बच्चों के लिए इस सराहनीय पहल का स्वागत किया। उन्होंने सर्वोदय सेवा दल एवं का धन्यवाद व्यक्त किया।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पुष्पलता उपाध्याय ने सभी आगंतकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शौर्य द्वारा लिखी पुस्तकों बाल तरंग, परियों का संदेश, स्वच्छता के सिपाही, गुलदार दगड़िया, जंगल हम बचाएंगे की प्रशंसा की।

इस अवसर पर समाजसेवी जयप्रकाश देवलाल, अमनदीप चंद, सूरज जोशी, पीयूष जोशी, पारस चंद, चंद्रशेखर जोशी, सुभाष ततराड़ी, सुनीता देवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश जोशी ने किया।

# सीट बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राजकीय पीजी कॉलेज में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर में विभिन्न विषयों में सीट बढ़ाने की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन जारी है। तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी ने रविवार व सोमवार को आंदोलनकारी छात्रों का हाल-चाल जाना तथा उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें सभी आंदोलनकारियों का स्वास्थ्य एकदम फिट था। छात्रों की मांगों में स्नातक स्तर पर संचालित विषयों में 500 छात्रों के लिए सीट बढ़ाई जाए। इसी प्रकार एमएससी व एमए कक्षाओं में 120 सीटों की बढ़ोतरी की मांग की जा रही है। इसके अलावा एमए में शिक्षा शास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास विषय की कक्षाएं इसी सत्र से संचालित की जानी चाहिए। महाविद्यालय में लंबे समय से लाइब्रेरीयन की नियुक्ति न होने से छात्रों को हो रही दिक्कतों का उल्लेख किया गया। तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी का कहना था कि यहां आंदोलनकारियों में अध्यनरत छात्र कम, पूर्व छात्र अधिक सक्रिय हैं। जो भी विषय महाविद्यालय में संचालित किए जा रहे हैं। उनमें अभी कई सीटे खाली पड़ी हुई हैं। जिसमें छात्रों ने प्रवेश ही नहीं लिया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि उनकी मांगों को पूरा करने के लिए के महाविद्यालय स्तर से पत्राचार किया जा चुका है।

# चोरी के मोबाइल समेत चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** कोतवाली पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले का खुलासा कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा दिया है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 4 निवासी सबाब खां पुत्र निसार खां द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना टनकपुर में मुकदमा दर्ज कर अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी के घर में घुसकर पांच मोबाईल फोन चोरी किए जाने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति चम्पावत द्वारा उक्त घटना का अनावरण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना टनकपुर को निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी वंदना वर्मा टनकपुर के प्रवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना टनकपुर द्वारा उक्त घटना के अनावरण हेतु थाना टनकपुर से पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा सोमवार को रेलवे क्रोसिंग अण्डर पास रेलवे पटरी टनकपुर में घटना कारित करने वाले अभियुक्त आकाश पुत्र स्व. दिनेश निवासी ग्राम औरंगाबाद थाना कोतवाली जिला लखिमपुर उत्तर प्रदेशको चोरी के पांच मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को मय बरामद माल के न्यायालय रिमाण्ड हेतु पेश कराया जा रहा है। पुलिस टीम में चेतन सिंह रावत प्रभारी निरीक्षक थाना टनकपुर, तेज कुमार प्रभारी चौकी मनिहारगोठ , हे. का. कमल कुमार, विनोद यादव शामिल रहे।

# साइबर अपराध और ट्रैफिक नियमों से छात्र-छात्राओं को कराया अवगत



- दोराहा इंचार्ज ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम में दी छात्र-छात्राओं को जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार साइबर अपराध, ट्रैफिक नियमों का पालन करने के बारे में चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल ने दोराहा मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक छात्रों को साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं और उससे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सबसे पहले 'डिजिटल अरेस्ट' के बारे में बताया गया। दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल ने समझाया कि कैसे कुछ साइबर अपराधी खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर फर्जी गिरफ्तारी नोटिस या कॉल के जरिए डराने-धमकाने की कोशिश करते हैं, और इस तरह लोगों से पैसे ऐंठते हैं। कर्मचारियों को ऐसे मामलों में घबराने के बजाय तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी गई। इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सतर्क रहने के महत्व पर चर्चा की गई। वहीं चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल ने बताया कि कई गेमिंग ऐप्स के जरिए बच्चों और युवाओं को लत लगने के साथ-साथ आर्थिक नुकसान और आपराधिक गतिविधियों में फंसाने के मामले सामने आए हैं। कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, ग्रूमिंग और साइबर स्लेवरी जैसी गंभीर समस्याओं पर भी जानकारी दी गई। इस के अलावा छात्र-छात्राओं को टू व्हीलर नहीं चलाने और ट्रैफिक के नियमों का पालन करने के बारे में भी जागरूक किया गया।

# दीपक पाठक को मनाने का दौर लगातार जारी

- पूर्व कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल और लोहाघाट के पूर्व विधायक पूरन सिंह पर फर्तयाल पहुंचे आवास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता दीपक पाठक को मनाने का दौर लगातार जारी है। रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल और लोहाघाट के पूर्व विधायक पूरन सिंह पर फर्तयाल भी दीप पाठक से मिले। उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष को निष्ठावान कार्यकर्ता बताते हुए प्रदेश संगठन से वार्ता करने की बात कही है।

पूर्व काबीना मंत्री चुफाल ने कहा कि पंचायत चुनाव के दौरान यह सब गतिविधियां सामने आई हैं, जिनका संज्ञान लेते हुए हाई कमान से वार्ता की जाएगी।

दीप पाठक से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्तयाल ने कहा कि दीप पाठक जैसे पार्टी के प्रति वफादार नेता रहे हैं इनका इस्तीफा किसी भी कीमत में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। दीप पाठक द्वारा पार्टी के लिए लगातार संघर्ष किया गया है जो कभी अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा 2027 में तीसरी बार सरकार सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही आएगी, इसलिए हम सभी को विचार के साथ मजबूती से खड़ा रहना है और उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया जो भी जिले में पंचायत चुनाव में घटनाक्रम हुए हैं जिससे कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं उन्हें शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा।

इस अवसर पर उर्मिला चंद, विद्या जुकारिया, हंसा जोशी, मनोज तिवारी, किरण,रवि प्रजापति, अनीता यादव, मधु शर्मा, धर्मपाल आर्या, नरेंद्र,मनोज आर्य, मोहित, भुप्पी साही, पुष्कर चंद, आमबाग ग्राम प्रधान, छीनी गोठ ग्रामप्रधान, फागपुर छेत्र पंचायत सदस्य सहित पूर्व तथा वर्तमान जनप्रतिनिधि ,भाजपा नेता,एवं भारी संख्या में दीप पाठक के समर्थक मौजूद रहे।

# पानी की टंकी का निर्माण कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आमडंडा डिपो में पानी की टंकी निर्माण के लिये मोहल्ला भरतपुरी, दुर्गापुरी, टेड़ा रोड पम्पापुरी के लोगों ने नगरपालिका सभासद नवीन सुनेजा और सभासद सचिन कुमार आर्या के नेतृत्व मे जल संस्थान का घेराव कर आमडंडा में पानी की टंकी निर्माण जल्द कराने की मांग की। उन्होंने एक ज्ञापन जल सस्थान के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार गंगवार को दिया।सभासद नवीन सुनेजा ने कहा की 6 महीने पहले जल सस्थान, वन विभाग और नगर पालिका द्वारा 6 महीने पहले सयुक्त निरीक्षण कर जगह चिंन्हित कर ली गई थी लेकिन आज तक उस पर कार्यवाही नहीं की गई है इस कारण एक हजार परिवार प्रभावित हो रहे है जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।सभासद सचिन आर्य ने कहा की जल्द पानी की टंकी का निर्माण नही हुआ तो मोहल्लेवासी उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होंगी।जल सस्थान के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार गंगवार ने बताया कि अधिकारियों के साथ जमीन देखी गई है।जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा।इस दौरान राज्य आंदोलनकारी शीला भंडारी, पूर्व सभासद माया रावत,मुन्नी उपाध्याय राजमती देवी, जयंती रावत, गीता, दीपा, सुमन रमोला, पुष्पा देवी, जसवंत सिंह बिष्ट,रतन सिंह भाकुनी ,नारायण सिंह, मुकुंद सिंह डंगवाल, अमर बोरा, जीवेंदर सिंह बिष्ट,हरी दत्त रेखाड़ी, राधा बल्लभ पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# करंट लगने से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र के भवानीपुर खुलवे इलाके में रहने वाली लक्ष्मी रावत पत्नी गोविंद सिंह रावत उम्र 34 साल सोमवार दोपहर घर में बिजली के प्लक में पंखे का तार लगा रही थी। तभी अचानक महिला के हाथ में करंट लग गया और उसकी चीख निकल गई। इसके बाद मौके पर परिजन पहुंचे और महिला की हालत गंभीर होने के बाद उसे उपचार के लिए तुरंत रामनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद महिला के परिजनों में जहां एक और कोहराम मच गया तो वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर सलमान ने बताया कि महिला के हाथ में करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मृतक महिला के पति गोविंद सिंह रावत ने बताया कि सोमवार दोपहर के समय वह खेत पर काम कर रहा था। वह मजदूरी करने का काम करता है। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चों ने करंट लगने की सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी पंखे का पिलक लगा रही थी, जिससे उसको करंट लगने से मौत हो गई है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि पुलिस ने सरकारी अस्पताल में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# झंडा पूजन कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आदर्श रामलीला समिति भवानीगंज में होने वाली इस वर्ष की रामलीला शुरू होने से पहले सोमवार को रंगमंच पर झंडा पूजन कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ।रामलीला समिति के मंत्री राजीव अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का मंचन 1 सितंबर से शुरू किया जाएगा और 15 सितंबर तक आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष रामलीला मंचन का 52 वा वर्ष है और रामलीला मंचन को लेकर कलाकारों द्वारा तालीम भी वर्तमान में जारी है। अपने-अपने अभिनव को लेकर कलाकार कड़ी मेहनत के साथ जुटे हुए हैं तो वही रामलीला मंचन शुरू होने को लेकर समिति पदाधिकारी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दिए। इस दौरान समिति अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, सुनील कुमार, किशोर चंद्रा, मुनेश चंद्र, कृष्ण कुमार शर्मा, चंद्रसेन कश्यप, ओम प्रकाश आर्यवंशी, किशोरकश्यप, मनोज कुमार, मयंक रौत, गौरव बिष्ट , सुशील जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

# अच्छे इलाज के साथ बेहतर संवाद भी ज़रूरी

## शिकायतें मिलने के बाद डीएम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में लगातार मिल रही अव्यवस्थाओं की शिकायत के बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह सोमवार को हरकत में आई। उन्होंने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी को अस्पताल में कई अव्यवस्थाएं मिलीं जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ और पीएमएस को तत्काल अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम वंदना सिंह ने कहा कि इलाज के साथ संवाद का तरीका भी बेहतर होना चाहिए क्योंकि सही कमयुनिकेशन से मरीजों की आधी समस्याएं स्वतरू दूर हो जाती हैं। डीएम ने कहा कि मरीजों को रैफर



करने की प्रवृति कम करें और यथासंभव इलाज यहीं मुहैया कराएं। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्हें अस्पताल में सीटी स्कैन, एटीएम हेल्थ मशीन समेत कई उपकरण खराब हालत में मिले जिस पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द उपकरण ठीक करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिक. ारी ने खराब मशीनों और ढांचागत व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि जो भी मशीन खराब है उसकी मेंटेनेंस एएमसी के माध्यम से तत्काल कराई जाए साथ ही जिन नई मशीनों की जरूरत है उनकी डिमांड भेजी जाए। जिलाधिकारी ने पुरुष और महिला दोनों अस्पतालों का निरीक्षण करते हुए ओपीडी, सीनियर सिटीजन रूम, सीटी स्कैन तथा एकस रे, अल्ट्रासाउंड, आईसीयू, हढी वार्ड, जिरियाट्रिक वार्ड, चिल्ड्रन वार्ड, बर्न वार्ड तथा जर्नल वार्ड, एनबीएसयू और लेबर रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में पानी टपकने की समस्या पर छत की चादर बदलने और महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन की कमी पर शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डा. द्रौपदी गर्बियाल, डा. अनिरुद्ध गंगोला तथा एसडीएम नवाजिश खलीक मौजूद रहे।

### ...पढ़ाई तो आप सबने बराबर की है

**नैनीताल।** निरीक्षण के दौरान डीएम वंदना सिंह ने चिकित्सकों से कहा कि आप और हल्द्वानी के डाक्टरों में कोई फर्क नहीं है। फर्क सिर्फ यही है कि आप मरीजों को रैफर कर देते हैं और वहां उनका इलाज हो जाता है जबकि पढ़ाई आप सभी ने बराबर की है।

### शीघ्र मांगे प्रस्ताव, समाधान का भरोसा दिलाया

नैनीताल। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने डीएम वंदना सिंह को बताया कि अस्पताल में पीडियाट्रिशन, ऑर्थो सर्जन और ईएमओ समेत कई पदों की आवश्यकता है जिसके चलते काम करने में दिक्कत होती हैं। बताया कि ओटी टेक्नीशियन का पद खाली है, कुछ एक्सरे मशीनें और स्कैनर खराब हैं जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएं ताकि समस्या का समाधान हो सके।

## आठवें दिन भी हड़ताल पर रहे शिक्षक

**नैनीताल।** राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली के शिक्षक सोमवार को आठवें दिन भी चौक डाउन हड़ताल पर रहे। बता दें कि लंबे समय से पदोन्नति न होने, स्थानांतरण न होने और प्रधानाचार्य की भर्ती पदोन्नति से न होने के कारण यह आंदोलन चलाया जा रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी के आह्वान पर शिक्षक आंदोलनरत हैं। इसी क्रम में शिक्षकों ने सोमवार को खंड शिक्षा कार्यालय भीमताल में राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली के शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर के एन कर्नाटक, चंद्रशेखर जोशी, दीप्ति निखुर्पा, प्रदीप सैनी, रेखा पलड़िया, भूपाल सिंह मेहता, सीमा जोशी, अर्जुन सिंह तथा विनीता लोहनी ने खंड कार्यालय भीमताल में आंदोलन का समर्थन किया। राजकीय शिक्षक संघ मंगोली की शाखा अध्यक्ष विनीता लोहनी और शाखा मंत्री अर्जुन सिंह ने कहा कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाएंगी, आंदोलन जारी रहेगा।

## एक नजर

### किसानों को सताया बेघर होने का डर

**कालाढूंगी।** ग्राम सभा विद रामपुर चकलुआ के किसान समाजसेवी किशोर देऊपा के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत से मिले। क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन देते हुए बताया कि सन 1992 से यह लोग विद रामपुर में काबिज हैं। किंतु कुछ समय से तहसील प्रशासन इन किसानों की जमीन पर एक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर खोलने के लिए सर्वे कर रहा है। किसानों को डर है कि यदि सरकार उनकी जमीन ले लेती है तो वह बेघर और भूमि हीन हो जाएंगे। विधायक बंशीधर भगत ने तुरंत कार्रवाई कर एसडीएम कालाढूंगी परितोष वर्मा से फोन पर उक्त सर्वे को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए तथा काबिज लोगों को सरकारी पट्टे दिलाने के लिए निर्देशित किया इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में मंगल सिंह मेहता, हयात सिंह बोरा,खुशाल सिंह, भुवन कुमार, संतोष सिंह, ललित सिंह, तारा दत्त आदि उपस्थित रहे।

### नाले में गिरी अनियंत्रित बोलेरो

**कालाढूंगी।** देर रात एक बोलेरो कार में पांच लोग हल्द्वानी से रामनगर की और जा रहे थे कि तभी हनुमान मंदिर के निकट तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाले में जा गिरी चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और लोगों को कार से बाहर निकाला। इसके साथ ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में सभी पांचों लोगों को बाहर निकलवाया। कालाढूंगी रामनगर मार्ग में सोमवार को तेज रफ्तार बलेरो कार का कहर देखने को मिला। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे 20 फिट नाले में जा गिरी इसके बाद राहगीरों व पुलिस की मदद से कार में सवार पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला साथ ही बताया जा रहा की कार की रफ्तार काफी ज्यादा थी। इससे चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार नाले में जा गिरी। इससे चीख-पुकार मच गई जिसमें सब पांचों लोगों को सकुशल बाहर निकल लिया गया जिसमें कोई जान हानि नहीं हुई है।

### 25 विद्यालय के शिक्षकों का धरना प्रदर्शन

**कालाढूंगी।** कोटाबाग सोमवार को कोटाबाग ब्लॉक के 25 विद्यालयों के करीब 250 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार और विभाग द्वारा शिक्षकों को धमकाने के बजाय यथाशीघ्र विद्यालयों में प्रधानाचार्य सीधी भर्ती को निरस्त करते हुए पदोन्नति से स्थाई प्रधानाचार्य व प्रवक्ता पदों पर प्रमोशन और अन्य जायज मांगू को हल करने की मांग की। धरना प्रदर्शन करने वालों में कोटाबाग ब्लॉक अध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ दिनेश, मंत्री गोविंद सिंह कार्की, पूर्व जिला मंत्री नमिता पाठक, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हेमलता जोशी, कुमाऊं मंडली उपाध्यक्ष कृष्णा बिष्ट, कुमाऊं मंडली संयुक्त मंत्री डा. ममता जोशी पाठक सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल।** भाजपाईयों के शिष्टमंडल ने नगर मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पालिका के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात की और नगर के मल्लीताल स्थित शेरवानी क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके जल्द से जल्द समाधान की मांग की। मामले को लेकर उन्हें ज्ञापन भी सौपा गया। ज्ञापन में शेरवानी क्षेत्र की चोक नालियों को जल्द खोलने, बलरामपुर होटल से लेकर चीना हाउस के जीर्ण शीर्ण मार्ग को दुरुस्त करने तथा क्षेत्र की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने की मांग की गयी। ज्ञापन देने वालों में चंद्र सिंह चमयाल, अरविन्द सिंह पडियार, आनंद सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, मीरा बिष्ट,हीरा पांडे, संजय साह, लक्ष्मण नेगी व गणेश सिंह राणा के हस्ताक्षर हैं।

### टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप

**नैनीताल।** भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की व मंडल कार्यालय मंत्री भारत सिंह मेहरा ने नगर पालिका के अधिशासी अधिक. ारी को ज्ञापन सौंपकर मां नंदा देवी महोत्सव से संबंधित टेंडर में हो रही अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पालिका प्रशासन की ओर से हाल में ही एक टेंडर प्रक्रिया आयोजित की गयी थी जिसमें टेंडर की राशि 70 लाख से घटाकर 55 लाख कर दी गयी है। आरोप लगाया है कि यह फैसला बिना पालिका बोर्ड की बैठक की सहमति के ही ले लिया गया है जोकि किसी भी दशा में न्याय संगत नहीं है। उन्होंने मामले में न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### कयाकिंग व तैराकी प्रतियोगिता 7 सितंबर को

**नैनीताल।** नैनीताल जलीय एवं साहसिक खेल संघ (नासा) की ओर से आगामी 7 सितंबर रविवार को वार्षिक कयाकिंग एवं तैराकी प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। बता दें प्रतियोगिता पांच श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं जिनमें 11 वर्ष से कक्षा 8 तक बालक/बालिका, कक्षा 9 से कक्षा 12 तक बालक/बालिका, आयु वर्ग 18 से 40 वर्ष (सर्वसाधारण) तथा 10 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों की श्रेणी शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के अंतर्गत कयाकिंग के साथ ही तैराकी की विभिन्न प्रतियोगिताएँ होंगी। तैराकी में प्रतिभागी ब्रेस्टस्ट्रोक, बटरफ्लाई, फ्री-स्टाइल और बैकस्ट्रोक जैसी शैलियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संघ के अध्यक्ष यशपाल सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी एवं टीमें अपना पंजीकरण गर्ग स्टोर मल्लीताल अथवा स्पाइसी अफेयर्स तल्लीताल में करा सकते हैं।

## विधायक निधि से इंटर कॉलेज को कुर्सियां दीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने सोमवार को नगर के प्रतिष्ठित बिशप शा इंटर कालेज को विधायक निधि से 94 कुर्सियां भेंट की। इससे पूर्व स्कूल परिवार की ओर से स्कूल की प्रबंधक नीलम दानी, प्रधानाचार्या बीना मैसी समेत सभी ने विधायक सरिता आर्या का स्वागत किया साथ ही स्कूल को भेंट की गयी कुर्सियों के लिए उनका विशेष आभार जताया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, विनोद कुमार, चंद्रशेखर गरवाल,चंद्रशेखर रिखाडी, संतोष साह समेत स्कूल के गुरुजन मौजूद थे।

# वीरेन डंगवाल और गिर्दा के व्यक्तित्व पर व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** युगमंच, जन संस्कृत मंच एवं नैनीताल समाचार द्वारा सीआरएसटी इंटर कालेज के सभागार में वीरेन डंगवाल एवं गिर्दा स्मृति समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में हिन्दी के अत्यन्त महत्वपूर्ण कवि वीरेन डंगवाल और उत्तराखण्ड हिमालय की अन्यतम प्रखर आवाज कवि, गीतकार व गायक सांस्कृतिक योद्धा गिरीश तिवारी गिर्दा की स्मृति में उनके सरोकारों पर व्याख्यान के साथ विभिन्न कवियों द्वारा काव्यपाठ भी उल्लेखनीय कार्यक्रम था। आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आशुतोष कुमार ने वीरेन और गिर्दा की उपस्थिति, विश्वदृष्टि तथा भूमिका और सरोकारों के सन्दर्भ में उनके सृजन कर्म को संपूर्णता में



समेटते हुए समान रूप से उन्हें उम्मीद और विश्वास की महत्वपूर्ण हस्ती बताते हुए कहा कि दोनों ने जनता, समाज के संघर्षों को सचेतन बौद्धिक हस्तक्षेप के साथ आग, आवेग और आवाज दी। प्रोफेसर आशुतोष ने वीरेन की वीरेनियत और गिर्दा की जनधर्मिता में नैनीताल की विराट उपस्थिति की भी अर्थपूर्ण व्याख्या की। उन्होंने कहा कि वीरेन का सौंदर्य बोध भी सरोकारों के स्तर पर उन्नत दर्जे का है और वैचारिक कसौटी पर भी जिसमें समाज की धड़कन, उम्मीद और भरोसा अक्षुण्ण बना रहता है। अंत में प्रोफेसर आशुतोष ने नैनीताल में गिर्दा की विरासत के लिए एक स्मारक बनाये जाने की आवश्यकता को आवश्यक बताया। प्रोफेसर आशुतोष ने नैनीताल शहर और बाहर से समारोह में शामिल विभिन्न कवियों ने काव्य पाठ किया। कवियों में अनिल कार्की, दीपक तिरुआ, कुमार मंगलम, भास्कर उप्रेती, सिद्धेश्वर सिंह, डीके शर्मा, डा. मनोज आर्य, बल्ली सिंह चीमा, स्वाति मेलकानी, मोहन सिंह रावत, नीरज पांगती, आलोक साह, आशुतोष कुमार, डा. शिव त्रिपाठी, हर्ष काफर, डा. भूपेन सिंह, डा. संदीप तिवारी, त्रिभुवन फर्त्याल, महेश बावड़ी, दिनेश उपाध्याय, प्रो. भूपेश कुमार सिंह और मदन मोहन चमोली शामिल थे। काव्य पाठ का स्तर अपेक्षा के अनुरूप उत्तरदायित्वपूर्ण रहा। समारोह के संचालन का कार्यभार त्रिभुवन फर्त्याल व नीरज पांगती ने किया। समारोह के केन्द्रक जनसंस्कृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जहूर आलम के अलावा इतिहासकार पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक समेत पद्मश्री अनूप साह आदि महत्वपूर्ण लोगों सहित शहर नैनीताल की बौद्धिक जनों की भारी उपस्थिति ने समारोह में विनोद पाण्डे, अदिती खुराना, गीता साह, जय जोशी, नवीन बेगाना, मनोज कुमार, हरीश राणा, गिरजा पाठक, दीपा पाठक, मनीषा और जस्सी राम आर्या को सार्थक और संवादपूर्ण बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मदन मोहन चमोली, राजीव लोचन साह व जहूर आलम की अहम भूमिका रही।

# क्वीन्स स्कूल ने जीती 12वीं इंटर-स्कूल शतरंज प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 12वीं इंटर-स्कूल शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। प्रतियोगिता में नैनीताल, हल्द्वानी, अल्मोड़ा और काशीपुर के अनेक नामी विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। रोमांचक मुकाबलों में क्वीन्स स्कूल हल्द्वानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम चैंपियनशिप अपने नाम की जबकि बिरला विद्या मंदिर नैनीताल द्वितीय और शेरवुड कॉलेज नैनीताल तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंडर 9 ओपन वर्ग में आनंद एकेडमी हल्द्वानी के लव्यांश मेहरा (5 अंक) प्रथम, सेंट जोसेफ नैनीताल के अचिन्त्य उपाध्याय (4 अंक) द्वितीय, बिरला विद्या मंदिर नैनीताल के मानविक माहेश्वरी (3 अंक) तृतीय रहे जबकि शेरवुड के समन्यु सिंह चौथे और दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी के प्रखर पंत पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में



होली विजड़म लोहाघाट की अन्वेष्का वर्मा (3.5 अंक) प्रथम और दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी की मानसवी बिष्ट द्वितीय स्थान पर रहीं। अंडर 11 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी के सक्षम दर्शन (5 अंक) प्रथम, आनंदा एकेडमी की सौमया मेहरा द्वितीय, शारदा पबलिक स्कूल अल्मोड़ा के भौमिक सिंह तृतीय, सेंट थेरेसा काठगोदाम के शिखर चौथे और क्वीन्स हल्द्वानी के स्नेह कुमार पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में क्वीन्स हल्द्वानी की लिरिशा भंडारी द्ध3 अंकऋ प्रथम, दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी की नैषा सिंह द्वितीय और क्वीन्स की प्रेक्षा चंद्रा तृतीय स्थान पर रहीं। इस वर्ग में शेरवुड कॉलेज नैनीताल की मानसवी बिष्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर रहीं। इसी तरह अंडर 13 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में डीपीएस हल्द्वानी के दिव्यांश (5 अंक) प्रथम, क्वीन्स हल्द्वानी के सुविग्य जैन द्वितीय, केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी के ऋषभ पांडे तृतीय जबकि क्वीन्स हल्द्वानी के वेदांत द्विवेदी चौथे और बिरला विद्या मंदिर के हृदय धामा पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में विजन वैली काशीपुर की तान्या पांडे (3.5 अंक) प्रथम, क्वीन्स हल्द्वानी की आरुषि द्वितीय और सानवाल स्कूल नैनीताल की हामना सिद्दीकी तृतीय स्थान पर रहीं। शहीद सैनिक नैनीताल की तृषिका भारद्वाज प्रॉमिसिंग प्लेयर घोषित की गईं। अंडर 15 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में सिंथिया हल्द्वानी के गर्वित पंत (4.5 अंक) प्रथम, समर स्टडी हॉल काशीपुर के प्रखर सकसेना (4.5 अंक) द्वितीय, बिरला विद्या मंदिर नैनीताल तृतीय, सेंट जोसेफ नैनीताल के तेजस कंवल (3.5 अंक) चौथे और आर्यमन बिरला के हिमांक नागदली (3.5 अंक) पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में बीरशेवा हल्द्वानी की प्रियंका पांडे (4 अंक) प्रथम, क्वीन्स हल्द्वानी की दिव्यांशी पोखरिया द्वितीय और क्वीन्स की आराध्या सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। इस वर्ग में लेकस भीमताल की राशी अधिकारी प्रॉमिसिंग प्लेयर घोषित की गई जबकि अंडर-18 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में क्वीन्स हल्द्वानी के धुवांश भट्ट (5 अंक) ने पहला स्थान प्राप्त किया। क्वीन्स हल्द्वानी के हर्षित पंत (4 अंक) द्वितीय, बीरशेवा हल्द्वानी के मयंक सिंह (3.5 अंक) तृतीय तथा बिरला विद्या मंदिर नैनीताल के शाश्वत आनंद (3 अंक) चतुर्थ और शेरवुड कॉलेज नैनीताल के आदित्य बहानी (3 अंक) पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में क्वीन्स हल्द्वानी की खुशी कनोजिया प्रथम और केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी की प्रियांशी बोरा द्वितीय स्थान पर रहीं। समारोह के समापन अवसर पर मुखय अतिथि नैनीताल की पालिक. ाध्य डा. सरस्वती खेतवाल ने विज. ेताओं को ट्राफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर अनिल कुमार, अमित कुमार, धीरेंद्र बिष्ट, विजय बहुगुणा, संदीप बिष्ट, विश्वकेतु वैद्य, ललित लामाकोटी और संतोष कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। प्रतियोगिता के संचालन में नीरज साह, दिव्यांशु तिवारी, तोषित तिवारी और ईश्वर दत्त तिवारी ने आर्बिटर की भूमिका निभाई। निर्णायकों और अतिथियों ने विजेताओं की खेल भावना तथा धैर्य और रणनीतिक सोच की सराहना की। अंत में प्रतियोगिता के आयोजक सचिव ईश्वर दत्त तिवारी ने सभी का आभार जताया।

# डा. शर्मा ने खेल को दिलाया नया मुकाम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के पूर्व खेल अधिकारी एवं एसोसिएट प्रोफेसर डा. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा ने खेल शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी के तहत अब उनका चयन 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिकस चैंपियनशिप जोकि चेन्नई में आगामी 5 से 9 नवम्बर 2025 को होगी। इस चैंपियनशिप में डा. शर्मा भारतीय दल में शामिल होंगे। वास्तव में देखा जाए तो यह कामयाबी न केवल कुमाऊँ विश्व. विद्यालय बल्कि पूरे उत्तराखण्ड और भारत के लिए गौरव का विषय है। बता दें कि डा.शर्मा के मार्गदर्शन में



कुमाऊं विश्वविद्यालय स्तर पर वुडबॉल, ड्रॉप रोबॉल, मिनी गोल्फ, सेपक टाकरा, पंनचक, सिलाट और क्वांकिडो जैसे नवीन खेलों की शुरुआत हुई जिनमें खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। सत्र 2024-25 डा. शर्मा की उपलबधियों से स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। इस अवधि में कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने उनके नेतृत्व में 178 पदक (42 स्वर्ण, 62 रजत और 74 कांस्य) अर्जित किए। इनमें वुडबॉल में स्वर्ण, मिनी गोल्फ में 18 पदक तथा ड्रॉप रोबॉल, पंचक सिलाट और क्वांकिडो से भी शानदार सफलता शामिल रही। महिला क्रिकेट टीम ने नॉर्थ ज़ोन में चौथा स्थान पाकर अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। एक खिलाड़ी के रूप में भी डा. शर्मा देश का गौरव हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गेटबॉल में भारत का प्रतिनिधित्व किया एवं थाईलैंड में मास्टर्स प्रतियोगिता में भाग लिया। वे राष्ट्रीय स्तर के सेपक तकरा खिलाड़ी और वेटरन्स टेनिस वॉलीबॉल स्वर्ण पदक विजेता भी रहे हैं। खेल लेखन में भी उनका विशिष्ट योगदान है। उनकी पुस्तकें खेल समाजशास्त्र, शारीरिक शिक्षा का इतिहास, बास्केटबॉल, ड्रॉप रोबॉल नियमावलीष और एनाटॉमी एंड फिजियोलॉजी विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक सि) हो रही हैं। डा. शर्मा ने कई प्रमुख संगठनात्मक भूमिकाएं निभाई है।

# बर्डफ्लू एक गंभीर संक्रामक रोग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पशु चिकित्सालय नैनीताल में सोमवार को बर्ड फ्लू को लेकर एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. हेमा राठौर ने की। इसमें शहर के चिकन एवं अंडा व्यवसाई शामिल हुए। डा. राठौर ने व्यापारियों से कहा कि बर्ड फ्लू एक गंभीर संक्रामक



रोग है जो लापरवाही बरतने पर इंसानों तक भी फैल सकता है। उन्होंने पोल्ट्री उत्पाद लाते समय पूरी सावधानी बरतने पर जोर दिया। कहा कि यदि किसी पोल्ट्री फार्म में मुर्गियों की असामान्य मृत्यु हो रही हो या वे बीमार दिखाई दें तो वहां से उत्पाद न खरीदें। बताया कि अगर किसी व्यापारी को पोल्ट्री उत्पाद संदिग्ध लगे तो उसे तत्काल अस्पताल में जांच के लिए लाया जाए। बैठक में व्यापारियों को यह सलाह भी दी गई कि पोल्ट्री उत्पादों को बेचते समय साफ सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिक. ारी ने कहा कि जिले में फिलहाल बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन सतर्कता ही बचाव का सबसे बेहतर उपाय है। जागरूकता कार्यक्रम के अंत में व्यापारियों ने भरोसा दिलाया कि वे पूरी सतर्कता बरतेंगे और किसी भी संदिग्ध स्थिति की जानकारी तुरंत पशु चिकित्सालय को देंगे।

# 'हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर'

## नैनीताल की 13 बुजुर्ग शख्सियतों का स्वागत सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा कैंट सभागार में हमारी संस्कृति हमारी पहचान एवं हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरिता आर्या, पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता एवं समाजसेवी दर्शन नेगी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



इस दौरान शहर के 13 बुजुर्गों महेश लाल शाह, डा. दिनेश अवस्थी, पान सिंह रौतेला, बिहारी लाल शाह, गोपाल सिंह बिष्ट, दुर्गा दास शाह, कामेश्वर प्रसाद काला, हरीश लाल शाह, श्याम सिंह बिष्ट, केपी शाह, घनश्याम सिंह बिष्ट, उमेश लाल शाह एवं आर. सिंह आनंद को प्रतीक चिन्ह एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सात नंबर टीम ने बारहमासा की आकर्षक प्रस्तुति दी, वहीं वैष्णो देवी ग्रुप ने कुमाऊं के तीज-त्योहारों पर विशेष प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शैली प्रतियोगिता में जया पालीवाल प्रथम, भावना रावत द्वितीय एवं वर्षा आर्या तृतीय स्थान पर रही। ज्योति चौधरी, अंजलि बिष्ट, हेमा पालीवाल एवं ममता तिवारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान जैसा आयोजन आने वाली पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का उत्तम माध्यम है।

विधायक सरिता आर्या ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि लेक सिटी वेलफेयर क्लब सालभर नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रहा है। पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने क्लब को भविष्य में प्रदेश का अग्रणी क्लब बनने की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी कीर्ति, दीपा पांडे एवं दीपा पांडे ने किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष आभा शाह, सचिव कविता त्रिपाठी, प्रगति जैन, गीता शाह, हेमा भट्ट, मंजू बिष्ट, रानी शाह, ज्योति दोदियाल, विनीता पांडे, रमा भट्ट, रमा तिवारी, कंचन जोशी, नीलम गुप्ता, सीमा सेठ, प्रेमा अधिकारी, सविता कुलौरा, दया कुंवर, नीरू शाह, मानसी गर्ग, तुसी शाह, मीनू बुधला, अमिता शाह, सरस्वती सिराला, भावना शाह, मधुमिता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मां का महोत्सव संस्कृति की अनूठी परंपरा

## नैनीताल में 1903 में हुआ था ऐतिहासिक मां नंदा देवी महोत्सव का आगाज़

**अफज़ल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** श्री नंदा देवी महोत्सव नैनीताल में 1903 से आरंभ हुआ तथा 1918 में स्थापित श्री राम सेवक सभा 1926 से श्री नंदा देवी महोत्सव का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष नैनीताल में श्री राम सेवक सभा द्वारा 28 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। उत्तराखंड की कुल देवी मां नंदा सुनंदा का महोत्सव धार्मिक मान्यता, सांस्कृतिक परंपराओं के साथ प्रकृति की महत्ता से भी जुड़ा हुआ है। मूर्ति निर्माण का आधार कदली जिसे हिंदी में केला कहा जाता है प्रकृति में बहुतायत से मिलता है तथा अपने आप में एक संपूर्ण भी है। नयना देवी मंदिर में विराजमान होने वाली कुमाऊं की अधिष्ठात्री देवी मां नंदा सुनंदा की मूर्ति का आधार ही कदली है जिसे लोक पारंपरिक कलाकारों द्वारा मूर्त रूप दिया जाता है और नंदाष्टमी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में मूर्ति की विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। केले के पेड़ में मां नंदा सुनंदा का



वास है केले का पेड़ बेहद पवित्र होता है जिसमें पौराणिक मान्यता अनुसार विष्णु, लक्ष्मी तथा श्रीगणेश का वास माना जाता है तथा कदली में देव गुरु बृहस्पति स्वयं विराजते है। यह प्राकृतिक तथा पारिस्थितिक रूप से गलनशील है तथा पानी के संपर्क में आते ही गल जाता है। कदली जिसे वैज्ञानिक नाम मूसा परडिसीएका के नाम से जाना जाता है तथा ऋषि दुर्वासा द्वारा बनाया गया। कदली सुख, समृद्धि, खुशहाली सहित मानवता को दर्शाता है। कदली काऽल पाचक, विटामिन, फाइबर, तथा पोटैशियम, एंटी ऑक्सीडेंट से युक्त होता है तथा वजन एवं मस्तिष्क के लिए लाभ प्रदान करता है। मां नंदा सुनंद कुमाऊं के चंद राजवंश से जुड़ी हुई हैं। पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार मां नंदा सुनंदा के पीछे जब भैसा पड़ गया था तो उनकी रक्षा केले के पेड़ ने की थी तथा केले की शुद्धता के कारण ही मां की मूर्तियों का निर्माण केले से किया जाता है। केले में ही नौ प्रकार की देवियों का स्वरूप भी माना जाता है तथा नवरात्र में नवपत्र भी इसी से बनाए जाते है तथा प्रसाद देने के काम भी आता है। इसकी शुद्धता के कारण ही दक्षिण में भोजन तथा अन्य खाद्य भी केले के पत्ते में दिया जाता है। 2025 में जो नैनीताल में महोत्सव 123 वा वर्ष है इसे उस वर्ष चोपड़ा गांव ज्योलिकोट से लाया जाएगा तथा उद्घाटन के दूसरे दिन कदली का नगर भ्रमण होगा जिसमें हर व्यक्ति महोत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। इसके लिए स्वच्छ पर्यावरण में केले के पेड़ का होना जरूरी है साथ ही जिस पेड़ को लाया जाता है उसपे केले के पेड़ में फल लगे नहीं होने चाहिए और उसकी पत्तियां भी कटी फटी नहीं होनी चाहिए। इसके बाद विधि विधान से कदली के वृक्ष की पूजा की जाती है तथा जहां से कदली लाई जाती है वह 21 पौधे जो यशपाल रावत द्वारा उपलब्ध कराए जाते है उन्हें वहां लगाया जाता है। प्रकृति के प्रति प्रेम उसके संरक्षण का संदेश देते मां का महोत्सव संस्कृति की अनूठी परंपरा है जिसमें हर नागरिक अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करता है। कदली की परंपरा मां के माध्यम से हम सबको प्रकृति के खजाने से जोड़ती है।

# विधायक भगत ने लगाया जनता दरबार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** विधायक बंशीधर भगत ने जनता दरबार लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं वही मौके पर ही मौजूद अधिक. ारियों को समस्या के समाधान के दिए निर्देश।सोमवार को कोटाबाग के ग्राम बजुनियाहल्दू में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने एक जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी इस दौरान सिंचाई, जल संस्थान, विद्युत विभाग, लोकनिर्माण



विभाग से जुड़ी दर्जनों समस्याओं को ग्रामीणों ने विधायक बंशीधर भगत के सम्मुख रखा जिस पर विद्यायक भगत द्वारा मौके पर मौजूद संबंधित विभाग से उक्त समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने के निर्देश दिए वही इस दौरान मुख्य समस्या कालाढूंगी से मुसाबनगर तक मुख्य मार्ग बार बार टूट जाता है। इसके समाधान किए विधायक ने लोकनिर्माण विभाग से कहा कि उक्त मार्ग को सीसी बनाए जाने के निर्देश दिए वही अन्य सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। जनता दरबार के बाद नवनिर्वाचित कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, बजुनिया हल्दू क्षेत्र पंचायत सदस्य मिनिता जोशी, प्रधान ममता गजरौला, प्रधान पति नवीन गजरौला का स्वागत किया गया। इस दौरान कालाढूंगी मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महामंत्री विनोद बुधलाकोटी, विनोद बधानी, कमल जोशी, मुकेश वर्मा, नवीन पंत सहित दर्जनों ग्रामीण सहित अधिकारी मौजूद रहे।

**खेल विशेष**

## शाकिब टी-20 में 500 विकेट और सात हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी

**नॉर्थ साउंड, वार्ता।** शाकिब अल हसन टी-20 में 500 से ज्यादा विकेट और 7000 से अधिक रन बनाने वाले टी-20 में दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। शाकिब ने यह उपलब्धि पेट्रियट्स बनाम पफ़ाल्कंस के सीपीएल 2025 मुकाबले के दौरान हासिल की। शाकिब को पारी के 15वें ओवर में पहली बार आक्रमण पर लगाया गया और उन्होंने इसी ओवर में मोहम्मद रिजवान को कैच कराकर टी-20 इतिहास में 500 विकेट लेने वाले पांचवें गें. दबाज बन गए। शाकिब ने अगले ओवर में दो और विकेट लेते हुए अपने आंकड़े को 502 तक पहुंचा दिया। शाकीब ने इस मैच में दो ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिए। इस उपलब्धि के साथ शाकिब टी-20 क्रिकेट में 500 या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा: मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को देश भर में खेल और फिटनेस के तीन दिवसीय जन आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा। डॉ. मांडविया ने पिछले सप्ताह इस वर्ष के राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को एक सच्चे जन आंदोलन में बदलने के आ]वान पर अमल करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, चंडीगढ़ और दिल्ली ने अपने संबंधित विभागों को तैयारियां शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए।

## असम और पश्चिम बंगाल की टीमें सुब्रतो कप के फाइनल में भिड़ेंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** असम और पश्चिम बंगाल की अंडर-17 जूनियर लड़कियों की टीमें बुधवार को 64वें सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगी। यहां पिंटो पार्क फुटबॉल मैदान में असम और पश्चिम बंगाल ने अपने-अपने सेमीमफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। असम बनाम केरल के पहले सेमीफाइनल में असम के बेतकुची हाई स्कूल ने अपार ऊर्जा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, केरल को 4-1 से हराया। असम की निलिना ब्रह्मा ने 9वें मिनट में पहला गोल किया। असम की स्टार मारी मिच ने (25वें, 35वें, 48वें मिनट) गोल किया।

# शार्वरी ने तीरंदाजी में जीता सोना

**तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप**

**● शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का अभियान समाप्त किया**



**कनाडा, वार्ता।** शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान समाप्त किया। शेंडे ने रविवार को खेले गए फाइनल में कोरिया गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त किम येवोन को हराया। उन्होंने 5-5 से बराबरी पर छूटे मैच के बाद शूट-ऑफ में अपना संयम बनाए रखते हुए 10-9 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने पहले ही दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त किम मिनजियोंग को 7-3 से हरा दिया था। इससे पहले 16 वर्षीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने (2011) और कोमलिका बारी ने (2021) में इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। शेंडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाया।

इस जीत के साथ ही वह महिला अंडर-18 रिकर्व वर्ग में केवल तीसरी भारतीय विश्व चैंपियन बनीं। 16 वर्षीय भारतीय तीरंदाज ने फाइनल जीतने के बाद कहा कि क्या मैं सचमुच विश्व चैंपियन हूं। हे भगवान, यह अद्भुत था। मैं बस यही सोच रही थी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करुंगी। एक तीर ही तय करेगा कि मैं विश्व चैंपियन बनूंगी या नहीं।

मेरे कोच मुझसे कह रहे थे कि आत्मविश्वास रखो, खुद पर विश्वास रखो, तुम चैंपियन बनोगे। इसी सप्ताह की शुरुआत में शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाने में भी मदद की। अंतिम दिन गाथा खडके और अगस्तय सिंह ने अंडर-18 मिश्रित रिकर्व वर्ग में चीनी ताइपे को हराकर एक और कांस्य पदक जीता। इन दो पदकों के साथ विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत के कुल पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत ने इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीते हैं।

## गोआला-रावत ने जीता कैमरून इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब

**याउंडे, वार्ता।** भारत के सूरज गोआला और ध्रुव रावत की जोड़ी ने कैमरून इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने ड्रॉ में अपना दबदबा बनाए रखा और साथ में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल सीरीज खिताब जीतने के दौरान एक भी गेम नहीं गंवाया। फाइनल में गोआला और रावत ने जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को 34 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 21-14 से हराया। इससे पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पहले राउंड में आसानी से जीत हासिल की। उन्होंने कैमरून के मिशेल हेनरी असेंबे और फेलिक्स मिशेल केमेने अटांगाना की जोड़ी पर 21-12, 21-6 से जीत के साथ शुरुआत की और फिर क्वार्टर फाइनल में यूएई के देव अय्यप्पन और धीरेन अय्यप्पन को 21-15, 21-10 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने हमवतन हरि भारती भास्करन पी और भारतसंजय एस की जोड़ी को 21-14, 21-15 से हराया। अनमोल खरब महिला एकल में उपविजेता रहीं, फाइनल में इंडोनेशिया की थलिता रामाधनी विर्यावान से 21-11, 21-19 से हार गईं।



मुरली श्रीशंकर



रोहित यादव

**● अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025**

# मुरली ने लंबी कूद व रोहित ने भाला फेंक का खिताब जीता

**● रोहित यादव ने 83.65 मी. के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, मुरली श्रीशंकर ने 8.06 मी. की छलांग लगाकर खिताब जीता**

**चेन्नई, वार्ता।** मुरली श्रीशंकर ने अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में लंबी कूद तथा रोहित यादव ने 83.65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मुरली श्रीशंकर ने रविवार को 8.06 मीटर की छलांग लगाकर लंबी कूद का खिताब जीता। उन्होंने इस सीजन में अपनी सभी स्पर्धाओं में जीत हासिल की। हालांकि वह अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पुरुषों की लंबी कूद के 8.27 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क से चूक गए। एस लोकेश (7.71 मीटर) और स्वामीनाथन आर (7.70 मीटर) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। 8.41 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले श्रीशंकर ने अपने करियर में पांच बार 8-27 मीटर की छलांग लगाई है। टोक्यो 25 के लिए अधिकांश क्वालीफिकेशन लवडो चूकने के बाद, श्रीशंकर के लिए रैंकिंग के माध्यम से आगामी वैश्विक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल हो सकता है। योग्य एथलीटों की अंतिम सूची 27 अगस्त को घोषित की जाएगी। वहीं पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में, रोहित यादव ने 83-65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सचिन यादव (83.20 मीटर) दूसरे और शिवम लोहाकारे (80.20 मीटर) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रोड टू टोक्यो 25 में 57वें स्थान पर रहे रोहित को विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए 85-50 मीटर के प्रवेश मानक को पार करना था। गत विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के टोक्यो में जगह पक्की होने के साथ, भारत से टोक्यो में कम से कम तीन थ्रोअर उतारने की उम्मीद है। सचिन यादव (22वें) और यश वीर सिंह (30वें) वर्तमान में कट-ऑफ रैंकिंग में हैं। यश वीर सिंह ने अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 76.22 मीटर की दूरी तय करके चौथा स्थान हासिल किया।

## संन्यास ले चुकी वैन नीकेर्क की द. अफ्रीकी टीम में हुई वापसी

**केपटाउन, वार्ता।** संन्यास ले चुकी दिग्गज व पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क की आगामी एकदिवसीय महिला विश्वकप से पहले द. अफ्रीका की 20 सदस्यीय टीम में वापसी हुई हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 2023 में संन्यास ले चुकी डेन वैन नीकेर्क ने सोमवार को अपने फैसले पर यू टर्न लेते हुए अपने सोशल मीडिया अकांउट पर एक बयान में लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसला को वापस ले लिया है। इस समय ने मुझे याद दिलाया है कि मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व करना कितना मिस किया है और मैं एक बार फिर उस अवसर को पाने के लिए अपना सबकुछ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।

# राजगीर में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी: हरमनप्रीत सिंह



**● राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है**

**राजगीर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले रही है,

टीम टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। यहां एशिया कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के बिहार के राजगीर पहुंचने पर हरमनप्रीत ने कहा कि हमने बिहार में पहले कभी नहीं खेला है और यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। यह खेल को समर्थन देने की सरकार की मंशा को दर्शाता है और हम पूरे टूर्नामेंट के दौरान यहां हॉकी प्रशंसकों के प्यार और समर्थन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने जकार्ता में आयोजित पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था, जहां 15 नए खिलाड़ियों वाली एक युवा टीम ने पोडियम पर स्थान हासिल करके अपने अभियान में जज्बा दिखाया था। हालांकि, इस बार विश्व कप क्वालीफिकेशन दांव पर होने के कारण हमारी सर्वश्रेष्ठ टीम यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी। इस बीच भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने बिहार में पहली बार खेलने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए बिहार आकर बहुत खुश हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि यहां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की मेजबानी हो रही है और हम अपने खेल से इस क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करना चाहते हैं इस टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारी ठोस रही है। हमारा दृष्टिकोण पेरिस ओलंपिक जैसा ही होगा। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश व चीनी ताइपे शामिल हैं।

# चानू व धर्मज्योति ने जीते स्वर्ण पदक



**● मीराबाई चानू को इस स्वर्ण पदक ने ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका दिया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू ने महिला वर्ग और धर्मज्योति देवघरिया ने पुरुष वर्ग में सोमवार को राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीते।

यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए मीराबाई चानू ने 193 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्वर्ण पदक ने उन्हें ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का भी मौका दिया। महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में भाग लेते हुए मीराबाई ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 84 किग्रा भार उठाया, जबकि इसी भार वर्ग में उनका पहला प्रयास असफल रहा था। इसके बाद उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 87 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई वैध भार नहीं उठा सकीं। क्लीन एंड जर्क में चानू ने 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की उसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 109 किग्रा भार उठाया और अपने अंतिम प्रयास में 113 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, जिसे वह पूरा नहीं कर सकीं।

भारत की सौम्या सुनील दलवी ने 177 किग्रा (76 किग्रा प्लस 101 किग्रा) भार उठाकर रजत पदक जीता, जबकि नाइजीरिया की रूथ असौक्वो न्योंग ने कुल 167 किग्रा (72 किग्रा प्लस 95 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के संशोधित भार वर्गों के तहत अपने पसंदीदा 49 किग्रा वर्ग को बंद कर दिए जाने के बाद चानू अब 48 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्ध कर रही हैं। वहीं पुरुषों के 56 किग्रा युवा वर्ग में, भारत के ध्र्मज्योति देवघरिया ने 224 किग्रा (97 किग्रा स्नैच प्लस 127 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके कुल और सी एंड जे भारोत्तोलन भी युवा राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड थे।

# फातिमा सना की अगुवाई वाली पाक टीम में अनकैप्ड ऐमन फातिमा



**● आगामी विश्व कप की तैयारी के तहत पाक की यही टीम 16 सितम्बर से द.अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे मैच खेलेगी**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने 30 सितंबर से शुरु होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में 20 वर्षीय युवा बल्लेबाज ऐमन फ़ातिमा को शामिल किया है। आगामी विश्वकप की तैयारी के तहत यही टीम 16 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू एकदिवसीय मैच भी खेलेगी। यह पहली बार होगा जब सना किसी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी टीम की कप्तानी करेंगी।

उन्होंने इस साल की शुरुआत में लाहौर में हुए विश्व कप क्वालिफायर में भी पाकिस्तान की कप्तानी की थी। ऐमन फातिमा ने इस महीने की शुरुआत में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पदार्पण किया था, लेकिन उन्हें तीन मैचों में केवल दो बार बल्लेबाजी का अवसर मिला था और उन्होंने 23 और 4 रन बनाए थे। 15 सदस्यीय मुख्य टीम और पांच रिजर्व खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले 29 अगस्त से शुरु होने वाले 14 दिनों के शिविर में हिस्सा लेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 सितंबर को लाहौर पहुंचेगी। पाकिस्तान अपने विश्वकप अभियान की शुरुआत दो अक्तूबर को बंगलादेश के खिलाफ करेगा और उसके बाद पांच अक्तूबर को भारत से भिड़ेगा। पाकिस्तान अपने सभी सात लीग मैच कोलंबो में खेलेगा और अगर वह नॉकआउट में पहुंचता है तो सेमीफाइनल भी कोलंबो में ही खेलेगा। दूसरा सेमीफाइनल नवी मुंबई में होगा। फाइनल दो नवंबर को कोलंबो या नवी मुंबई में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाक नॉकआउट में पहुंचता है या नहीं।

# बोन्जी ने मेदवेदेव को हराकर किया उलटफेर

**यूएस ओपन**

**● फ्रांस की खिलाड़ी बोन्जी ने 5 सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को हराकर सभी को चौंका दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी ने यूएस ओपन में उलटफेर करते हुए 2021 के चैंपियन डेनियल मेदवेदेव को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है।

रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने पांच सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को 6-3, 7-5, 6-7(5), 0-6, 6-4 से हराकर सभी को चौंका दिया। फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने कुछ हफ्ते पहले विंबलडन में भी मेदवेदेव को हराया था। उन्होंने एक बार फिर रूसी खिलाड़ी को पहले ही दौर में हराकर ग्रैंड स्लैम से बाहर कर दिया। बोन्जी ने पांच सेटों की मैराथन जीत के बाद सांस फूलने की हालत में स्वीकार करते हुए कहा कि मैंने ऐसा पहले कभी अनुभव नहीं किया था। यह परिदृश्य अद्भुत था तीसरे सेट में मैच पॉइंट, चौथे सेट में थकावट, फिर पांचवें सेट में पूरी ताकत। मेरे लिए, यह मेरी अब तक की सबसे अच्छी जीत है।

## आइवा को हराकर पाओलिनी दूसरे दौर में

**न्यूयॉक, वार्ता।** सातवीं वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओ. लिनी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर डेस्टेनी आइवा को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में उपविजेता रहीं पाओलिनी ने डेस्टेनी आइवा पर एक घंटे 28 मिनट में 6-2, 7-6(4) से जीत हासिल की। पाओलिनी ने शुरुआत में ही घबराहट दिखाई और 168वीं रैंकिंग वाली आइवा के खिलाफ अपना पहला सर्विस गेम गंवा दिया। 25 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दबाव में अपने मजबूत फ़ोरहैंड और आत्मविश्वास से भरे ऐस के साथ कुछ समय के लिए आशाजनक प्रदर्शन किया, लेकिन बेसलाइन पर उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी ने पाओलिनी को तुरंत वापसी करने का मौका दिया।



गजब : एमडीडीए में रिश्वत के मामले में डेढ़ साल की सजा काट चुके

# विवादित एई को बना दिया एचआरडीए का जिम्मेदार

## एचआरडीए में अधिशासी अभियंता का मात्र एक पद, उस पर भी बैठा दिया विवादित अधिकारी

अख्तर मलिक

**रुड़की।** हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण में विवादित सहायक अभियंता को सांठ गांठ कर अधिशासी अभियंता की कुर्सी पर बैठा दिया। जबकि, उनके रिश्वत के मामले में पकड़े जाने जांच अभी विचाराधीन है। इतना ही नहीं जो विधिवत सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं वह अभी अपने हक का मात्र इंतजार कर रहे हैं।

रुड़की निवासी अनंत कुमार ने इस मामले में शासन को शिकायत कर करवाई की मांग की है। शिकायत में उन्होंने कहा था कि वर्ष 2016 में टीपी नोटियाल नाम के अवर अभियंता को सतर्कता विभाग ने रिश्वत के प्रकरण में गिरफ्तार किया था। रंगेहाथ नकद राशि पकड़े जाने के मामले में वह एमडीडीए में रहते हुए डेढ़ साल जेल भी गए थे। ये प्रकरण सतर्कता विभाग में आज भी विचाराधीन है। बावजूद इसके पहले तो शासन ने उन्हें अवर अभियंता से तदर्थ सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति दे दी। हालांकि तदर्थ एक वेकल्पिक व्यवस्था होती है, जिसके रहते संबंधित अधिकारी सहायक अभियंता की न ही सूची में शामिल होता है और न ही वो सहायक अभियंता के लाभाश का हकदार होता है। इसके बाद भी एच आर दी ए जैसे महत्वपूर्ण विभाग में आने के बाद टीपी नोटियाल को तदर्थ सहायक अभियंता से सीधे अधिशासी अभियंता की जिम्मेदारी से नवाज दिया जाता है। इतना ही नहीं ऐसे विवादित अधिकारी को विभाग के महत्वपूर्ण कार्य जैसे निविदा आमंत्रित करना, निविदा खोलना, तकनीकी फीड जांच, मास्टर प्लान जैसे कार्य दे दिए जाते हैं। जबकि जिस अधिकारी का मामला सतर्कता कोर्ट में विचाराधीन है वह अधिकारी ऐसे कार्यों के योग्य ही नहीं होता है।

**❖ वर्ष 2016 से मामला आज भी विचाराधीन, इसलिए बनाए गए थे तदर्थ सहायक अभियंता, पात्र करते रहे इंतजार**

**तो फिर बन जाएंगे अवर अभियंता..** अधिशासी अभियंता की जो जांच सतर्कता विभाग में विचाराधीन है। यदि उक्त मामले में यदि वह दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें वापस अवर अभियंता के पद पर भेज दिया जायेगा। यदि वह दोष मुक्त रहते हैं तब जाकर सहायक अभियंता रह सकते हैं। ऐसे में क्या इन अधिकारी को लाभ देना उचित था या नहीं।

**सहायक अभियंता थे मौजूद..** जिस समय विवादित तदर्थ सहायक अभियंता को लाभ देकर अधिशासी अभियंता बनाया गया। उस समय एच आर डी ए के पास पदोन्नति से आए सहायक अभियंता उमा पति भट्ट उपलब्ध थे, जो अधिशासी अभियंता की कुर्सी के नियमानुसार हकदार थे। लेकिन अफसरों ने नियमों को धट्टा बताकर अपने चहेते विवादित अधिकारी को ही अधिशासी अधिकारी बना डाला।

**अब दोबारा नियुक्ति की तैयारी..** हैरत की बात ये है कि उक्त अधिकारी का कार्यकाल इसी माह समाप्त होने वाला है। सूत्रों की माने तो अब गुपचुप तरीके से उक्त विवादित अधिकारी का कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। जबकि पात्र अधिकारी अभी भी इंतजार की लाइन में खडे हैं।

# मंदिर में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी डॉ सम्राट सिंह पुत्र श्री स्वतंत्र वीर सिंह निवासी शाकुंभरी एनक्लेव कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार के द्वारा लिखित सूचना दी की दिनांक 23.8.2025 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हनुमान मंदिर शाकंकुभरी एनक्लेव से शिवलिंग व पीतल के दिए ,थाली ,शेषनाग तथा दान राशि को चोरी कर लिया गया है। जिसके संबंध में कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 302/25 धारा 305 डी बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक सूरत शर्मा के सुपुर्द की गई। थाना क्षेत्र में चोरी की घटना के खुलासे को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशानुसार ने क्षेत्राधिकारी रूडकी' जनपद हरिद्वार के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर सुरागरसी पतारसी/ चौकिंग व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी से संबंधित माल मय मुलजिमान को गिरफ्तार किया गया। पकडे गये अभियुक्तगणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त' 1-समीर पुत्र मतीन अहमद निवासी भारत नगर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 2-नाजिम पुत्र मोहम्मद शब्बीर निवासी उपरोक्त 3-सैफ अली उर्फ छोटा पुत्र इकरार पकड लिया है।

# चमनलाल में साप्ताहिक वैल्यू एडेड कोर्स का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** चमनलाल महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स "भारतीय संविधान और नागरिक जागरूकता" कोर्स का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान विभिन्न महाविद्यालय के विद्वान अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान एवं नागरिक चेतना से संबंधित विविध विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा वैल्यू एडेड कोर्स "भारतीय संविधान और नागरिक जागरूकता" को लेकर 18 अगस्त से शुरू हुए कोर्स के पहले दिन राजकीय महाविद्यालय कामद (टिहरी गढ़वाल) के प्रवीण आचार्य ने "भारतीय संविधान और नागरिक जागरूकता" पर व्याख्यान दिया। दूसरे दिन पी.जी. कॉलेज धनौरी की डॉ. कल्पना भट्ट ने "संसद और विधानमंडल की भूमिका" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तीसरे दिन पी.जी. कॉलेज धनौरी के ही डॉ. अरविंद कुमार ने "भारतीय संविधान एवं परीक्षा दृष्टि" विषय पर व्याख्यान दिया। चौथे दिन राजकीय महाविद्यालय मंगलौर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तीर्थ प्रकाश ने "नागरिकों के लिए संवैधानिक उपाय" पर विस्तार से चर्चा की। पांचवें दिन पं. ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश के प्रो. डी.पी. चौधरी ने "अनुच्छेद 370 का एक अवलोकन" विषय पर विद्यार्थियों को अवगत कराया। छठे दिन



रानी धर्मकुंवर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दल्लावाला के डॉ. संतोष कुमार शाह ने "न्यायपालिका और विधि का शासन" पर व्याख्यान दिया। समारोह के अंतिम दिन राजकीय महाविद्यालय चकराता के डॉ. अनुज कुमार ने "स्थानीय स्वशासन और पंचायती राज" विषय पर विचार रखे। उनके साथ हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर के डॉ. मनोज कुमार ने "पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका" विषय पर व्याख्यान दिया। समापन दिवस पर विद्यार्थियों के लिए "भारतीय संविधान और नागरिक जागरूकता" विषयक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। मूल्यांकन उपरांत घोषित किया गया कि शीर्ष पाँच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1 सितम्बर को महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर प्रबंध समिति अध्यक्ष . रामकुमार शर्मा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. निशु कुमार भाटी, प्राचार्य डॉ सुशील उपाध्याय महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पंडित रामकुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय, प्रबंध समिति के सचिव अरुण हरित, कोषाध्यक्ष अतुल हरित, डॉ. धर्मेंद्र कुमार सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# बेलकी मसाही व मसाही कलां में सुबोध राकेश ने सुनीं ग्रामीणों की समस्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के बेलकी मसाही और मसाही कलां में भाजपा नेता सुबोध राकेश ने जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों की समस्या सुनीं। इस इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया कहा कि गांव की सड़क नाले के हालात बद से बदतर हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क सही से नहीं आने पर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भाजपा नेता सुबोध राकेश ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की प्रत्येक समस्या का समाधान करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सुरेंद्र राकेश



को हमेशा घाड क्षेत्र की चिंता थी। उन्होंने घाड क्षेत्र को और बेहतर बनाने के लिए तमाम विकास कार्य किए। उनके सपने के अनुरूप वह घाड क्षेत्र को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस मौके पर चाँद मल, रामकला, मुकेश, संदीप, उमंन, कुसुमपाल, मांगेराम, निरंजन पाल, किरण पाल, रविन्द्र, महिपाल, रंजन पाल,सोनित सम्राट, डॉ. राजकुमार सैनी,संदीप, एड.हितेश, प्रमोद, तेजपाल, मलखान, मुलकीराज,जय सिंह, नरेश, भूपेंद्र, सबोध, गीताराम, रामकुमार, पूना, नवनीत, जयदीप, विकास, आदेश, शेखर, अमित आदि मौजूद रहे।

# मेहंदी डोरी की रस्म के साथ साबिर पाक के सालाना उर्स आगाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** महेंदी डोरी की रस्म के अदा करने के साथ साबिर पाक के 757 वें सालाना उर्स आगाज रविवार से हो गया है।उर्स में शामिल होने के लिए जायरीनों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा।



रविवार शाम को चांद दिखाई देने के बाद रात 10 बजे दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी कुद्दुसी ,शाह यावर एजाज साबरी अकीदतमंदों के साथ दरगाह साबिर पाक से अल्लाहु अकबर की सदाओं के साथ अपने कदीमी (पुराने) घर शाह खालिक मियां के यहां पहुंचे।यहां से अपने सिर पर मेहंदी, डोरी की थाल, संदल और प्रसाद लेकर कव्वालियों के साथ दरगाह साबिर पाक पहुंचे। इसके बाद सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी कुद्दुसी ने दरगाह साबिर पाक में मेहंदी डोरी और संदल पेश कर देश में अमनो अमान की दुआ की।उसके बाद शाह अली एजाज साबरी, शाह यावर अली ऐजाज साबरी ने मेहंदी डोरी अकीदमन्दों को प्रसाद के तौर पर बांटी।पानीपत दरगाह के सज्जादानशीन सैयद हाफिज मैराज साबरी ने भी अपने मुरीदों के साथ मेहंदी डोरी की रस्म में शिरकत की। इस दौरान कव्वालों ने अपने कलाम पेश किए।इस मौके पर शाह खालिक मियां, पानीपत दरगाह के सज्जादानशीन सैयद हाफिज मैराज साबरी ,शाह सुहैल मियां, शाह गाजी ,शाह असद साबरी ,सफीक साबरी, मुनव्वर अली साबरी , यासिर ऐजाज ,नैय्यर अजीम फरीदी, सूफी राशिद साबरी ,सूफी इसरार साबरी ,नोमी मियां ,सलीम उदयपुरी ,हैदर हबीब ,आदिल हबीब , बाबा मिस्सी शाह,इस्तिकार अमन साबरी, रहीम साबरी, आदि अकीदतमंद मौजूद रहें।

# युवक पर धारदार हथियारों से हमला, तीन आरोपी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** भगवानपुर क्षेत्र में हुए विवाद में युवक पर चाकू, कैंची व धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने हमला करने वाले 03 आरोपियों को दबोच लिया है।

जानकारी के अनुसार वादी कँवरपाल पुत्र कालूराम निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो थाना भगवानपुर द्वारा थाना भगवानपुर पर तहरीर दी गई कि प्रतिवादीगण ने उसके पुत्र गौरव को कमरे में बंद कर जान से मारने की नीयत से चाकू व कैंची से उसके शरीर व गर्दन पर वार किया। वादी व अन्य व्यक्तियों द्वारा छूड़ाने का प्रयास करने पर अभियुक्तागण ने लाठी-डण्डों व धारदार हथियारों से हमला कर गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0 -283/25 प्रभावी धाराओं में पंजीकृत किया गया। कोतवाली भगवानपुर द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम बनाकर दबिश दी गई तथा तीन आरोपियों को दबोचा गया। नाम पता आरोपी'1.विजयपाल पुत्र बुच्चा निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार, उम्र 32 वर्ष 2.मुन्ना पुत्र बुच्चा निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार 3.अरुण पुत्र नाथीराम निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो, थाना भगवानपुर है। आरोपियों को पकडने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 मुकेशदत्त नौटियाल, अपर उ0नि0 प्रदीप चौहान, हे0का0 शूरवीर तोमर, का0 चन्द्रविकास व का0 योगेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की मेरे पुत्र फुरकान का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने फुरकान को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद फुरकान के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं है होगी।

**कुरबान पुत्र तासिन नि. सुलतानपुर आदमपुर, लकसर जिला हरिद्वार।**

## पुलिस ने एक वारंटी को दबोचा

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया लक्सर पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओं की तामिल के लिए पुलिस टीम गठित कि गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर कीसूचना पर छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम सत्यम कुमार पुत्र करणपाल निवासी महाराजपुर कला थाना कोतवाली लक्सर है। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल अनिल वर्मा राजेंद्र बिष्ट शामिल रहे।

# उत्तराखंड मुक्त विवि रुड़की क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के तहत आज रुड़की क्षेत्र के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों के बीच मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के बारे में चर्चा की गई और उन्हें अधिक से अधिक प्रवेश लेकर विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.रामकुमार चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश,परीक्षा एवं परिणाम के आधार पर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है।उन्होंने मुक्त विश्वविद्यालय के कोर्स का लाभ उठाने की छात्रों से अपील की। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बृजेश बनकोटी ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के महत्व और लाभों बताते हुये नकहा कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कोई भी छात्र ,कही से भी और अपने समय के अनुसार अध्ययन कर सकता हैं, जो उनके लिए अत्यंत फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने जनसंचार माध्यमों का बेहतर प्रयोग कर छात्रों की पढ़ाई को और अधिक आसान कर दिया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर सोमेश कुमार ने भी मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी । कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विकास कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में मोहनी देवी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ.योगेन्द्र सिंहल, डॉ.आर. पी.सिंह, डॉ. रेनू, डॉ.संगीता चौहान, डॉ.अमित कुमार, डॉ.सिमोना राणा, डॉ.जमुना देवी, डॉ.गरिमा सिंह सहित 400 से अधिक छात्र छात्राएं शामिल हुए।

# भगवानपुर तहसील प्रशासन ने हल्लू माजरा में सुनी जन समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** ग्राम हल्लू माजरा तहसील भगवानपुर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम में अन्य विभागों के साथ उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। जिसमें कल 9 समस्याएं आए हैं तथा तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। शेष सभी शिकायत संबंधित विभागों को प्रेषित कर दी गई है जिसमें एक सप्ताह के अंदर-अंदर निस्तारण करने के आदेश दिए गए हैं। शिकायतें लोक निर्माण विभाग पेयजल राजस्व विभाग खाद्य विभाग से संबंधित है जिसमें फसलों का मुआवजा देना पानी की पाइपलाइन टूटी होना तथा पुलिया बंद होने के कारण फसलों में जल पानी भरा हुआ है उसको खुलवाने की मांग की गई है। दो विरासत एवं एक पेंशन का मौके पर अर्थात तीन शिकायत निस्तारण कर दिया गया है सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत सिंचाई विभाग से स्वाति गुप्ता खाद्य पूर्ति विभाग से नागेंद्र कुमार के जन्मदिन को फंड से नलकूप खंड से अक्षय शर्मा एवं इकबाल अहमद शिक्षा विभाग से तथा राजस्व विभाग से कानून को ओमप्रकाश क्षेत्रीय पटवारी सुलक्षणा नेगी ग्राम वासी ग्राम प्रधान शिकायत करता उपस्थित रहे।

## नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** रैन बसेरे में एक पांच साल की बच्ची के साथ एक दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बिहार के गोपालगंज थावे निवासी एक महिला अपनी पांच साल की बच्ची के साथ करीब 10 दिन पहले दरगाह साबिर पाक में जियारत करने के लिए आई थी।वह दरगाह क्षेत्र में एक गेस्ट हाऊस में ठहरी हुई थी।गेस्ट हाऊस का समय पूरा होने के कारण वह अपनी बच्ची को लेकर रैन बसेरे में ठहर गई। करीब साढ़े पांच बजे वह बिस्तर छोड़कर शौच के लिए चली गई।जब वह वापस आई तो उसने देखा कि पास में सोने वाला एक व्यक्ति उसकी बेटी के साथ गलत हरकत कर रहा है।और उसकी बेटी रोते हुए चिल्ला रही थी।शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आरोपी मौका पाकर वहां से फरार हो गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। बच्ची को पुलिस ने उपचार के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपी को कलियर पीपल चौक से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जगदीश निवासी जयनगर विधानसभा के पीछे स्वेबपुर बेंगलुरु कर्नाटक बताया।

# लंबित मांगों को लेकर शिक्षक संघ का रुडकी, मंगलौर व लक्सर में प्रदर्शन

## समस्याओं के निस्तारण के लिए रुड़की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, लक्सर एसडीएम व मंगलौर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** राजकीय शिक्षक संघ हरिद्वार ने आज अपनी लम्बित मांगों के समाधान हेतु आंदोलन की घोषणा की। संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखंड, देहरादून एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

इस ज्ञापन में प्रमुख मांगों के साथ यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया कि प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया को निरस्त किया जाए और इसे पूर्व की भाँति पदोन्नति के माध्यम से भरा जाए। इसके अतिरिक्त संघ की अन्य प्रमुख मांगों में स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, चयन वेतनमान, ग्रेड वेतनमान एवं अन्य वित्तीय लाभों का अनुमोदन शामिल हैं। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उपस्थित पदाधिकारी और सदस्य इस अवसर पर संघ के कई पदाधिकारी एवं शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से रविन्द्र ममगाई, लाल सिंह, शिव सिंह रावत, जसमेन्द्र सागर, कृष्णा यादव, ललित मोहन जोशी, अर्चना सैनी, यामिनी नागर, अलका, श्वेता नौटियाल, मंजू सिंह, भूपेन्द्र सिंह, अनिल धीमान, सुशील चौधरी,




निरूपमा वर्मा, शैलेन्द्र गौड, सतेन्द्र कुमार, परवेज आलम, संतोषी विष्ट, मान सिंह, रविन्द्र बिजल्वाण, नरेन्द्र शर्मा, मंजीत सिंह, योगेश कुमार, ममता लखेडा, संतोषी रावत, श्रद्धा शर्मा, शालिनी सिंघल, रोशनलाल, मंजू चंदोला, विवेक सैनी, एवं लोकेश कुमार शामिल रहे। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक है। उन्होंने सरकार से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की और कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और उग्र होगा।

**वहीं खानपुर राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड** ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया और मांगे नहीं मानने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई है। शिक्षक संघ के नेता मास्टर मांगे राम मौर्य ने कहा कि आज ब्लॉक मुख्यालय खानपुर में अपनी मुख्य मांगों को मनवाने के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया। खानपुर शिक्षक संघ के मास्टर यशपाल सिंह ने कहा कि आज तो हम एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। 27 अगस्त 2025 को हरिद्वार जिला मुख्यालय पर बहुत बड़ा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती अर्चना चौधरी ब्लॉक मंत्री श्री यशपाल सिंह ब्लाक कार्यकारिणी के सदस्य द्वारा अपने अपने विचार रखे गए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के मौके पर अरविंद कुमार, मुकेश सैनी ,चरण सिंह, चंद्र प्रकाश, नीलम सिंह, बबलू राम आदि शिक्षक शिक्षाएं वहां पर उपस्थित रहे।

**इसके अलावा खंड कार्यालय मंगलौर के** प्रांगण में राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आवाहन पर अपनी घोषित न्याय उचित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम ब्लॉक राजकीय शिक्षक संघ नारसन अध्यक्ष राजकुमार सैनी एवं मंत्री ब्लॉक राजकीय शिक्षक संघ नारसन सपना रानी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर धरना स्थल पर ब्लाक खंड शिक्षा अधिकारी नारसन मिराज अहमद एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नारसन जे डी आर्य को ज्ञापन देकर अपना विरोध व्यक्त किया।

धरना स्थल पर पवन राना, जितेंद्र पवार, प्रीति सैनी, सपना रानी, कमलकांत बरुआ, सुशील पाल ने अपने ओजस्वी भाषण से संबोधित कर अपना ध्यान आकर्षित किया। सभा का संचालन सुरेश रौथान एवं सुशील पाल ने संयुक्त रूप से किया। धरना स्थल पर अरुण खरे, पवन राना, प्रीति सैनी, रितु चौहान, सुशील चौधरी, रविंद्र चौहान,, कमलकांत बरुआ, आलोक द्विवेदी, कुलदीप सैनी, प्रेम प्रकाश जोशी, सत्यवीर पांचाल, अनिल कुमार आदि शिक्षक गण उपस्थित होकर धरने कोसफल बनाया।

# अमेरिका को दो-टूक

लगता है कि अमेरिका से व्यापार को लेकर भारत का धैर्य भी टूटता जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के शहर मॉस्को से सीधे यह कहकर अमेरिका को चुनौती दे डाली है कि वह किसी के दबाव में आकर किसी के साथ भी व्यापार नहीं करेंगे और अपने स्वतंत्र निर्णय लेने की स्थिति को किसी भी हालत में नहीं छोड़ेंगे। भारतीय विदेश मंत्री ने यह बात उस समय कही जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने विश्वसनीय सहयोगी सर्जियो को भारत में अमेरिका का राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया मामलों के लिए विशेष दूत में नामित किया है।

समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार को लेकर किस तरह की नीति पर चल रहे हैं। वह व्यापार को भी धमकियों के सहारे चलाना चाहते हैं। वह खुलकर दूसरे देशों के मामले में सीधे हस्तक्षेप कर रहे हैं कि वह किससे व्यापार करें और किससे नहीं। भारत के मामले में तो वह ज्यादा ही मुखर होकर बयानबाजी कर रहे हैं और सीधे भारत को चेता. वन दे रहे हैं कि अगर उसने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, तो वह उसको सहन नहीं करेगा। अपनी इस धमकियों को अमल. ीजामा पहनाते हुए उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी लगा दिया है। हालांकि पर्दे के पीछे अभी भी बातचीत चल रही है, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जिस अंदाज में अपनी बात को रखा है, उससे भी यही लगता है कि व्यापार को लेकर अमेरिका के साथ कोई सहमति बनती दिखाई नहीं दे रही है। अब तो भारत ने अमेरिका से डाक सेवा भी निलंबित कर दी है। हालांकि कई पश्चिमी देशों ने यह कदम उठाया है लेकिन भारत द्वारा उठाए गए कदम का अपना एक अलग महत्व है। असल में डोनाल्ड ट्रम्प अपनी ही धनक में किसी की सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत एक रणनीतिकार देश अमेरिका के लिए रहा है। ट्रम्प उस महत्व को ही कम करते दिखाई दे रहे हैं और पाकिस्तान को बढ़ावा देते दिखाई दे रहे हैं।

ट्रम्प का यह कहना भी हास्यास्पद है कि भारत रूस से जो व्यापार करता है विशेषकर तेल का, उससे वह भारी पैसे कमाता है। साथ ही रूस को भी आर्थिक रूप से मजबूत करता है। इस पर हमारे विदेश मंत्री ने साफ कह दिया है कि भारत किसी भी देश को इस बात के लिए मजबूर नहीं करता है कि वह भारत से तेल खरीदें, किसे खरीदना है किसे नहीं यह उनकी अपनी मर्जी। अमेरिका को समझना होगा कि रूस भारत का बेहद पुराना और परखा हुआ मित्र देश है। वह उसको एक झटके में नहीं छोड़ते। छोड़ना भी नहीं चाहिए। यह देखकर तो और भी नहीं, जिस तरह अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के साथ मौजूदा व्यवहार कर रहे हैं, उससे उनकी विश्वसनीयता ही कम होती है आखिर सभी को अच्छी तरह मालूम है कि कोई भी संबंध भरोसे पर टिके होते हैं। अगर भरोसा ही दरक जाए, तो फिर संबंधों को पटरी पर लाना मुश्किल होता है। जहां तक बात रूस–यूक्रेन संघर्ष की है, तो इसके लिए भारत किसी भी रूप से जिम्मेदार नहीं है। बल्कि अगर निष्पक्षता के साथ कहा जाए तो यूरोप देश ही उसके लिए अधिक जिम्मेदार है और यूं भी आज की दुनिया में सभी को अपने हितों के अनुरूप आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है।

## जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं लोग



आज दिल्ली वाले उनकी जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं, क्योंकि पिछले सात महीनों में भाजपा ने दिल्ली का बुरा हाल कर दिया है, राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठे केस में फंसाकर जब केंद्र ने मुझे जेल भेजा, तो मैंने जेल से 160 दिन सरकार चलाई, कम से कम जेल वाली सरकार के वक्त बिजली नहीं जाती थी, पानी आता था, अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में फ्री दवाईयां मिलती थीं, फ्री टेस्ट होते थे, एक बारिश में दिल्ली का इतना बुरा हाल नहीं होता था, प्राइवेट स्कूलों को मनमानी और गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं थी, अगर किसी पर झूठा केस लगाकर उसे जेल में डाला जाए और बाद में वो दोषमुक्त हो जाए, तो उस पर झूठा केस लगाने वाले मंत्री को कितने साल की जेल होनी चाहिए।

**–अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू कर दिया है



**पवन सिंह**

हिमालय ने अपने हिसाब–किताब की फाइल खोल दी है। उसने अपना हिस्सा वापस लेना शुरू कर दिया है और दुनिया में अब तक ऐसी कोई भी वैज्ञानिक व आध्यात्मिक ताकत नहीं है, जो इसे रोक ले। हिमालय को पर्यटन और स्प्रीचुवल टूरिज्म के नाम पर रौंदने की कीमत आप सब को चुकानी होगी। इसके लिए खुद को तैयार कर लीजिए। याद रखिए नेचर यानी कि नदियों और पहाड़ों ने भी अपने नाम की रजिस्ट्री करा रखी है और उसका खसरा–खतौनी नेचर की तहसील में सुरक्षित है। अब इसी नेचर की तहसील ने अपनी जमीन का ब्यौरा निकाल लिया है।

किसी भी मानव की कल्पनाओं व धंधे के उद्देश्य से जनित। कपोल–कल्पित पात्रों चरित्रों किस्सों कहानियों में यह ताकत नहीं है, जो इसे रोक लें। अब आप को वह सारी जगह खाली करनी होगी और तथाकथित विकास का पागलपन रोकना होगा। यदि ऐसा नहीं किया तो नेचर आपको, आपके विकास सहित, हजारों फीट नीचे दफन कर देगी। कटते जंगलों ने मैदानी इलाकों का भी चेहरा बदलना शुरू कर दिया है। परिणामस्वरूप वर्षा चक्र गहरे प्रभावित हुआ है। इसकी कीमत बहुत बड़ी होगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब पड़ोसी चीन अपने सबसे विस्तृत रेगिस्तान गोबा को हरित कर रहा है और पेड़ों को काटने की बजाए उन्हें प्रत्यारोपित कर रहा है, वहीं सत्ता–उद्योगपतियों–अफसरों और लकड़ी माफियाओं की चौकड़ी ने भयावह कटान व प्राकृतिक संसाधनों की लूट मचा रखी है। कोई सुनने वाला नहीं है। चारों ओर प्राकृतिक संसाधनों की डरावनी और वहशी लूट मची हुई है। लोगों को धर्म के नाम पर पागल करके प्राकृतिक नेअमतों की ऐसी अमंगलकारी लूट भारतीय इतिहास में पहले कभी नहीं हुई।

खैर, नदियां भी अपना रास्ता बनाना जानती हैं और ये संवेदनशील धरती, जिसे आपने अपने तथाकथित लालच के लिए लगभग तबाह कर डाला, अब उसकी बारी है। इसलिए वह सब देखने व सहने के लिए तैयार रहिए, जिसकी आपने कभी कल्पना नहीं की थी। आपका कोई भी कुल देवता, कोई पीर, कोई मूसा, कोई बाबा–बूबी, कोई महाराज, कोई सद्गुरु अब नहीं बचा पाएगा। सूखा, बाढ़, लैंड स्लाइडिंग, भूमि धसकना और बड़े व भयावह भूकंपों के लिए खुद को तैयार कर लीजिए।

हिमाचल प्रदेश में मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, और चंबा को बाढ़ और भूस्खलन ने जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। इनमें से कुछ इलाके जैसे कान घाटी कुल्लू और सिहुंता चंबा में बादल फटने और भूस्खलन के कारण घर, सड़कें और खेती की जमीनें ध्वस्त हुई हैं। सैकड़ों लोग मारे गए हैं और यह क्रम अब साल दर साल बढ़ेगा। उत्तराखंड भी तबाही के मुहाने पर है, लेकिन संसाधनों की लूट और बड़ी–बड़ी योजनाएं बनाकर अंधी कमाई के लालच ने तबाही के नए अध्याय लिख डाले हैं।

भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने उत्तराखंड के चार जिलों टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली को भूस्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील माना है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग का मानना है कि चमोली जिले के चमोली सब डिवीजन, रुद्रप्रयाग जिले के रुद्रप्रयाग व ऊखीमठ सब डिवीजन, टिहरी जिले के घनसाली, नरेंद्रनगर एवं धनोल्टी सब डिवीजन और उत्तरकाशी जिले के डुण्डा एवं चिन्यालीसौड़ सब डिवीजनों में इस साल ही नहीं आने वाले वर्षों में भी भूस्खलन की भयावह घटनाएं हो सकती हैं।

पहाड़ों के धंसने की यह घटनाएं समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में हो सकती हैं। जंगलों की बेतहाशा कटान व अन्य गतिविधियों ने मानवीय जीवन के लिए गंभीर खतरे पैदा कर दिया हैं। इनमें क्लाइमेट फैक्टर, एंथ्रोपोजेनिक एक्टिविटी, एक्सेसिव रेनफॉल, नेचुरल एक्टिविटी और एनवायरमेंटल डिग्रेडेशन जैसे कारक हैं। वर्ष, 1988 से 2024 के बीच समूचे उत्तराखंड में भूस्खलन की लगभग 15,000 से अधिक घटनाएं हुईं, जिसमें अरबों रुपये का नुकसान हुआ और सैकड़ों लोग मारे गए। वर्ष 2018 में जहां 496 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हैं वहीं 2019 में 291 भूस्खलन हुए। वर्ष, 2020 में 973 भूस्खलन, 2021 में 354 वर्ष, 2022 में 245 भूस्खलन, वर्ष 2023 में लगभग 1323 भूस्खलन की घटनाएं हुईं। वर्ष, 2024 में लगभग 1813 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हुईं। फिलहाल सरकारी आंकड़ों पर ही गौर करते हैं। इसके अनुसार 17 अगस्त, 2025 को कठुआ जिले में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के अनुसार 30 जुलाई, 2025 तक, भारत में कुल हाइड्रो–मौसमी आपदाओं बाढ़ और भूस्खलन सहित में 1600 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि हिमालय प्रदेश में 20 अगस्त से 25 अगस्त, 2025 के बीच करीब 400 सड़कें बंद रहीं। जम्मू–कश्मीर में भी 24–25 अगस्त, 2025 को विगत 100 सालों का वर्षा का रिकॉर्ड टूटा है। कठुआ जिले में जम्मू–पठानकोट राजमार्ग पर लंगोटे मोड़ का पुल टूट गया। जिस राजस्थान में वर्षा कम हुआ करती थी वहां अब अफरा–तफरी का माहौल है। कोटा, सवाई माधोपुर, टोंक और बूंदी में बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। हालात यह हो चले कि कोटा में वायु सेना का हेलिकाप्टर एमआइ–17 तैनात करना पड़ा। सीकर, कोटपुतली–बहरोड़, सिरोही, बूंदी, भीलवाड़ा, जयपुर, दौसा, नागौर, डीडवाना–कुचामन व टोंक में स्कूल तक बंद करने की चेता. वनी जारी करनी पड़ी। मैं पिछले कई दिनों से अपने कुछ पर्यावरणविदों व भू–विज्ञानी मित्रों से यह सवाल कर रहा हूं कि लाखों पेड़ जो हसदेव जंगल सहित अन्य जंगलों के काटे गए हैं क्या उनका दुष्प्रभाव शुरू हो चुका है? सवाल नंबर दो। यह काटे गए विशालकाय जंगल जो वर्षाजल से भरे बादलों को अपने आंचल और वनांगन में बरसाने को मजबूर कर देते थे, वहीं बादल अब पहाड़ी इलाकों की ओर ज्यादा घनीभूत तो नहीं हो रहे? हालांकि सभी ने कहा कि दुष्प्रभाव तो आरंभ हो गए हैं, लेकिन पुख्ता तौर पर अध्ययन के बाद ही स्पष्ट राय बना पाना संभव होगा।

फिलहाल हिमालई क्षेत्रों में इस साल बादल फटने की घटनाएं दोगुनी हो गई हैं। पिछले वर्ष जहां 40–50 घटनाएं दर्ज हुई थीं, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 80 तक पहुंच गई है। मैं अंतिम पंक्तियां लिखना तो नहीं चाहता था, लेकिन फिर भी लिख रहा हूं। आज 60–65 साल की आयु वाले तो 15–20 सालों में मर कर जा चुके होंगे लेकिन आने वाली पीढ़ी के लिए आप सब साक्षात भयावह मौत परोस कर जाएंगे। इसमें आपके बेटे, नाती–पोते–बेटी, बेटियां –बहुएं। शामिल होंगी। नेचर की डिक्शनरी में क्षमा शब्द है ही नहीं। यह पंक्तियां मैंने अपने लिए भी लिखी हैं, क्योंकि चौकड़ी जो खता कर रही है सदियां उसकी सजा पाएंगी।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस्राइल: मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

**इस्राईल की सैन्य कार्रवाइयों में फलस्तीन के रफाह और बेत हनून जैसे शहर बुरी तरह तबाह हो चुके हैं। इस समय केवल गजा पट्टी में ही पांच लाख से अधिक लोग भुखमरी, अभाव और मौत जैसी भयावह परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। गजा की लगभग एक तिहाई आबादी अर्थात लगभग 6 लाख 41 हजार लोग मानवीय संकट जैसे भयानक हालात का सामना कर सकते हैं। अनुमान है कि इन विषम परिस्थितियों में जून 2026 तक पांच साल से कम उम्र के 1.32 लाख बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है। गजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सात अक्टूबर 2023 से लेकर अब तक यहां 62,192 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि भुखमरी और कुपोषण से गजा में अब तक 271 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 112 बच्चे शामिल हैं।**



**तनवीर जाफरी**

बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व की इस्राईल सरकार ने अगस्त 2025 की प्रारंभ में फलस्तीन के गजा शहर पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की योजना को मंजूरी देने तथा इस्राईल की सुरक्षा कैबिनेट द्वारा गत 8 अगस्त को इस योजना को अनुमोदित करने के बाद गजा में नए सिरे से सैन्य अभियान शुरू कर दिया है।

गिडियन्स चैरियट्स II नाम की इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए इस्राईल ने लगभग 60,000 रिजर्व सैनिकों को बुलाया है जबकि 20,000 सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाई गई है। इस कार्रवाई को गजा शहर पर हमले के पहले चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस्राईली योजना के अनुसार इस कार्रवाई में उत्तरी गजा से हजारों फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर विस्थापित किया जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ इस्राईल की सेना (आईडीएफ) गजा सिटी के बाहरी इलाकों में प्रवेश कर चुकी है। हालांकि इस्राईल सरकार द्वारा इस कार्रवाई का मकसद हमास को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त करना, उसके नेताओं को गजा से निर्वासित करना, हमास द्वारा बंधक बनाए गए शेष लोगों को मुक्त कराना तथा गजा पट्टी को पूरी तरह से हथियार–मुक्त बनाना बताया जा रहा है, परन्तु विश्व इसे गजा पर कब्जे के इस्राईली दुष्प्रयास के रूप में देख रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिक. ार प्रमुख ने इस कार्रवाई को अवैध कब्जा बताते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग की है जबकि एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इसे अपमानजनक बताते हुए कहा है कि यह कार्रवाई गजा पर इस्राईली सैन्य कब्जे को मजबूत करेगी। इस्राईल के सहयोगी देश अमेरिका व ब्रिटेन सहित अन्य देशों ने भी इस्राईल की इस कार्रवाई को अवैध बताते हुए इस पर गहरी चिंता जताई है परन्तु इस्राईल की नेतन्याहू सरकार पूरे विश्व की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए गजा पर सैन्य नियंत्रण कर अपने इस अवैध कब्जे के मिशन पर आगे बढ़ती जा रही है। इस योजना के अंतर्गत इस्राईल, गजा पर प्रमुख सुरक्षा नियंत्रण रखेगा, जिसमें सीमाओं, हवाई क्षेत्र और समुद्री पहुंच शामिल है। उधर इस्राईल की सेना में भी इस योजना पर एक राय नहीं है। आईडीएफ के ही कई वरिष्ठ अधिकारी इस योजना का विरोध कर रहे हैं। उनका मत है कि यह योजना जहां पहले से ही युद्ध से जूझ रहे आईडीएफ के सैनिकों को थकाने वाली साबित हो सकती है वहीं इससे इस्राईल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग थलग भी पड़ सकता है। केवल नेतन्याहू ही इस कार्रवाई को जरूरी समझ रहे हैं। दरअसल इस्राईल में नेतन्याहू की इस घातक समझ को अतिवादियों के मध्य राजनीतिक लाभ हासिल करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी तरफ फिलिस्तीनियों में इस योजना को गजा पर पूरी तरह से कब्जा करने और फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यूएन रिपोर्ट्स में इसे मानवीय आपदा बताया रहा है, क्योंकि इससे न केवल बड़ी संख्या में विस्थापन बढ़ेगा बल्कि इसमें काफी लोगों की मौत भी हो सकती है और यह गजा के बुनियादी ढांचे की तबाही भी बढ़ा सकता है। हमास ने तो तो इसे नरसंहार बताते हुए कहा है कि इससे युद्ध और भी लंबा चलेगा। जबकि फलस्तीन इसे इस्राईल की विस्तारवादी नीति के रूप में वर्णित कर रहा है जो वेस्ट बैंक में नए बस्तियों से जुड़ी हुई है। गौरतलब है कि गजा सिटी में लगभग 5 लाख से अधिक फलस्तीनी रहते हैं जो हमास के विरुद्ध की जा रही इस्राईली सैन्य कार्रवाई के परिणाम स्वरूप पहले से ही भुखमरी और विस्थापन जैसे मानवीय संकट से जूझ रहे हैं। अब तो इस इलाके में अकाल के हालात बन चुके हैं परन्तु इन्हीं हालात के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री इस्राईल कात्ज ने यह धमकी भी दे दी है कि यदि हमास ने हथियार छोड़ने और सभी बंधकों की रिहाई की शर्त नहीं मानी तो पूरे गजा शहर को शतबाहश कर दिया जाएगा। गजा पर सैन्य नियंत्रण को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही आलोचना और देश के भीतर ही इस योजना के भारी विरोध के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री द्वारा गजा शहर को तबाह कर देने जैसे गैर जिम्मेदाराना बयान देने का सीधा सा अर्थ है कि गजा को लेकर इस्राईल सरकार की मंशा ठीक नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आम जीवन सरल बनाने में मदद कीजिए



**अशोक मधुप**

सरकारों का काम आदमी के जीवन को सरल बनाना है।तकनीक के माध्यम से उसे ऐसी सुविधांए देना है कि वह परेशान न हो, किंतु भारत में हो इसके विपरीत रहा है। उन्हें अलग अलग काम के लिए थोड़ी थोड़ी बात के लिए परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन को दुरूह किया जा रहा है।

आज सबसे बड़ी परेशानी हैं बैंको में जाकर खाते की केवाईसी कराने की। बैंकों की केवाईसी के नाम पर बैंक खाताधारक को परेशान किया जा रहा है। हालत यह है कि केवाईसी करानी है, इसकी उसे सूचना भी नही मिलती। उसे उसके लिए बैंक की ओर से मैसेज भी नहीं आता। मेल आनी चाहिए। किंतु ऐसा हो नहीं रहा। वैसे प्रत्येक ट्रांजेक्शन के मैसेज आते रहते हैं। केबाईसी कराना है, इसका पता तब चलता है जब खातेधारक के चौक का भुगतान रोक दिया जाता है। वह पेमेंट नहीं कर पाता। भुगतान रोकने के कारण चौक जारी करने वाले पर संबधित बैक या सस्थाएं चार सौ से आठ सौ रुपये तक का जुर्माना लगा देती है। मैंने पिछले साल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी को अपनी मेडिक्लेम पोलिसी के लिए चैक दिया। चैक बैंक गया तो भुगतान रुक गया।



मैं बैंक गया। बैंक प्रबंधक ने खाता देखकर कहा कि खाता आपका जारी है। चैक का भुगतान कैसे रुका पता नहीं। उनके एक स्टाफ ने देखकर बताया कि खाता बंद किया हुआ है। बैंक प्रबंधक ने कहा कि अब सब कंप्यूटराइज है। हमें पता नहीं चलता और खुद जाता है। बैंक स्टाफ के पता है या नहीं। इससे खाताधारक को क्या लेना। मेरे से तो इंशोरेंस कंपनी ने चैक डिस ओनर होने के छह सौ रूपये अतिरिक्त वसूल लिए। मुझे तो फालतू का छह सौ रूपये का दंड़ पड़ गया।

अभी लाकर आपरेट करने बैंक जाना पड़ा तो बैंक स्टाफ ने कहा कि इसकी केवाईसी कराईए। हमने कहा कि अभी खाते की तो कराई है। उनका कहना था कि बैंक लॉकर की भी करानी है। लाकर बैंक के खाते से जुड़ा है, यह बताने पर भी बैंक कर्मी नहीं माने। यदि आपके पास चार पांच बैंक खाते हैं तो प्रत्येक दो साल से केवाईसी कराने जरूर जाना होगा।

अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराईए। आज जहां चारों ओर धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले। अभी परिवहन विभाग का मैसेज आया है कि आधार आथोराइजेशन माध्यम से अपने ड्राइविंग लाइसैंस पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराइए।

समझ नहीं आ रहा कि क्या क्या कराएं। हम पर यह सब करना नहीं आता। इसका मतलब यह की रोज जनसेवा केंद्र पर जाइए। लाइन में लगिए और पैसा भी दीजिए। लगता है कि कहीं यह जनसेवा केंद्र की आय बढ़ाने के लिए तो नहीं किया जा रहा। अभी पिछले दिनों आदेश आया कि अपना आधार कार्ड प्रत्येक दस साल में अपडेट कराना है। मैं छोटे शहर में रहता हूं। यहां कि आबादी दो लाख के करीब है। पूरे शहर में आधार कार्ड अपडेट कराने का एक ही सैंटर है। मुख्य डाकघर। उसमें आधार कार्ड बनवाने वालों की सवेरे आठ बजे से लाइन लग जाती है। हम 75 साल से ऊपर के पति पत्नी कैसे उस लाइन में लगें , यह कोई सोचने और बताने वाला नहीं है। दूसरे केंद्र का दरवाजा खुलने पर इस तरह धक्का–मुक्की होती है कि हम लाइन में लगे तो हाथ–पांव तुड़ाकर जरूर अस्पताल जांएगे।

केद्र सरकार रिजर्व बैंक को आदेश करना चाहिए कि बैंक अपने यहां अतिरिक्त स्टाफ रखे। उसक कार्य सिर्फ खातेधारकों से समय लेकर उनके खातों की केवाईसी कराना हो। सरकार जिस तरह वोट बनवाती है। वोटर का वेरिफिकेशन कराती है। उसी तह से केवाईसी कराई जाए। इसके बैंक खाता धारकों को सुविधा होगी। केवाईसी कराने के लिए रखे जाने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा। यही काम राज्य की बिजली कंपनी कर सकती हैं। विभागीय मीटर रीडर माह में एक बार रीडिंग लेने उपभोक्ता के घर जाते हैं। वे ही उपभोक्ता से केवाईसी के पेपर लेलें। मीटर रीडर को उपभोक्ता जानते हैं उन्हें पेपर देते किसी उपभोक्ता को परेशानी भी नहीं होगी।

मीटर रीडर आफिस आकर इस कार्य में लगे स्टाफ को पेपर देकर केवाईसी कराएं। हो यह रहा है कि संबधित विभाग बैंक बिजली अपना कार्य उपभोक्ता पर डाल उसके जीवन को कठिन बना रहे हैं, जबकि उन्हें अपने ग्राहकों को सुविधाएं देनी चाहिए थीं। ऐसा ही आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। हां इसके लिए उपभोक्ता से थोड़ा बहुत चार्ज लिया जा सकता है। अभी एक मैसेज आया कि आपका इन्कमटैक्स का रिटर्न स्वीकार कर लिया गया है। मैंने अभी रिटर्न भरा नहीं, सो यह मैसेज बेटे को भेज दिया कि शायद उसने रिटर्न भरा हो। उसका जबाब आया कि पापा इस मैसेज के लिंक पर क्लिक मत करना। यह गलत लगता है।

आज सबसे बड़ी समस्या है कि सही और गलत का कैसे तै हो। किसी न किसी तरह धोखे में लेकर रोज हजारों व्यक्ति रोज ठगे जा रहे हैं। इससे कैसे बचा जाए? ऐसे हालात में जीवन दुरूह होता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों को आम आदमी का जीवन को सरल बनाने के लिए काम करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इंसानियत के नाते बाढ़ का दिया अलर्ट: भारत

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक से बातचीत बंद थी, जम्मू की तवी नदी में अचानक आई बाढ़

**नई दिल्ली।** भारत ने जम्मू- कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम पूरी तरह से मानवीय सहायता के मकसद से उठाया गया है। इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को बाढ़ की जानकारी दी है। यह पहला मौका है जब इस तरह की जानकारी हाई कमीशन के जरिए साझा की गई। आमतौर पर, सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ से जुड़ी चेतावनी दोनों देशों के वाटर कमिश्नर के बीच शेयर की जाती थी।

इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों में बातचीत लगभग बंद है। आज पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को संभावित बाढ़ की जानकारी दी है। जियो न्यूज और द न्यूज इंटरनेशनल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने 24 अगस्त की सुबह जम्मू की तवी नदी में बाढ़ की आशंका को लेकर इस्लामाबाद को आगाह किया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 में पाकिस्तान के साथ हुई सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इसके तहत सिंधु वाटर सिस्टम की 3 पूर्वी नदियों का पानी भारत इस्तेमाल



**पाक मीडिया रिपोर्ट्स में दावा: भारत ने सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ की जानकारी दी**

कर सकता है और बाकी 3 पश्चिमी नदियों के पानी पर पाकिस्तान को अधिकार दिया गया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई।

## रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत

**भारतीय राजदूत ने कहा: जहां सस्ता तेल मिलेगा, वहीं से लेंगे, ट्रम्प के टैरिफ को बेबुनियाद बताया**

**मास्को।** रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां तेल वहीं से खरीदेंगी जहां उन्हें सबसे अच्छा सौदा मिलेगा।

उन्होंने भारत पर अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ को बेबुनियाद बताया। विनय कुमार ने कहा कि ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जो 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। इससे पहले ट्रम्प जुलाई में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे आने वाले दिनों में भारतीय सामान के आयात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। भारत में रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने 20 अगस्त को बताया था कि भारत को रूस के कच्चे तेल पर करीब 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है।

भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डालर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर ने भारत पर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। इससे पहले ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था।



नोएडा। एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो के लिए पोज देती मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की प्रतिभागी।

## पाकिस्तान 1971 के जनसंहार के लिए माफी मांगे: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 में हुए जनसंहार के लिए माफी मांगने को कहा है। दरअसल, पाक उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश के साथ 1971 का विवाद हल हो चुका है। हालांकि, बांग्लादेश ने पाकिस्तान के दावे को खारिज कर दिया। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने साफ कहा कि पुराने मुद्दों को सुलझाकर ही दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं। दरअसल, 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना पर हजारों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ रेप, हत्या और आगजनी का आरोप लगा था। इसे लेकर इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान 2 बार बांग्लादेश से माफी मांग चुका है। डार ने बांग्लादेश से संबंध बेहतर करने के लिए इस्लाम की दुहाई भी दी। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा: इस्लाम भी हमें अपने दिलों को पाक (शुद्ध) करने के लिए कहता है। इशाक डार 23 और 24 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर थे। उन्होंने ढाका में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश सलाहकार से मुलाकात की।

## संक्षिप्त समाचार

### हूतियों ने पहली बार इज़रायल पर क्लस्टर मिसाइल से हमला किया

**तेल अवीव।** यमन के हूतियों ने इस सप्ताह पहली बार इजरायल पर क्लस्टर वारहेड वाली बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इजरायली संवाददाता समिति कान ने बताया कि शुक्रवार रात इज़राइल पर दागी गई मिसाइल हवा में ही टूट गई। कान की रिपोर्ट के अनुसार, इज़रायली वायु रक्षा प्रणालियां इस प्रकार की मिसाइलों को रोकने में सक्षम हैं। हूती मिसाइल को रोकने के मामले की जांच की जा रही है। विदित हो कि उत्तरी यमन और यमन के लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूतियों ने 2023 के अंत में फलस्तीन के समर्थन की घोषणा की थी।

### यूक्रेनी ड्रोन हमलों से रूसी परमाणु संयंत्र में लगी आग

**मॉस्को।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों से रूस के एक परमाणु संयंत्र और अन्य ऊर्जा संयंत्रों में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने बताया कि कल तड़के एक यूक्रेनी ड्रोन का मलबा कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र के एक ट्रांसफार्मर पर गिरा, जिससे आग लग गई और संयंत्र को क्षति पहुंची है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, साथ ही बताया गया कि आग पर काबू पा लिया गया है। संयंत्र तथा आसपास के क्षेत्र में विकिरण का स्तर अपरिवर्तित बना हुआ है।

### रूस के पुलकोवो हवाई अड्डे से 10 उड़ानें की रद्द

**मास्को।** रूस के उत्तर-पश्चिमी शहर सेंट पीटर्सबर्ग स्थित पुलकोवो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण 90 उड़ानें रद्द कीं और कई अन्य विमानों ने देरी से उड़ान भरी या फिर उनके मार्ग में परिवर्तिन किया गया। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने रविवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि हवाई अड्डे पर लगभग 20 घंटे तक प्रतिबंधों के बीच परिचालन हुआ।

### अफगानिस्तान सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, चार घायल

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एहसानुल्लाह कामगर ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर को कोहिस्तान ज़िले के पुल-ए-शोपे इलाके में हुई।

## किसानों को व्यापार युद्ध की कीमत नहीं चुकानी चाहिए: चीन

**दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया**

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में चीनी राजदूत ज़ी फेंग ने हाल ही में कहा कि दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण कृषि उत्पादक और उपभोक्ता होने के नाते, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका की कृषि में अपनी-अपनी खूबियां हैं और वे एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

ज़ी फेंग ने वाशिंगटन डी-सी- में अमेरिका-चीन सोयाबीन उद्योग साझेदारों के स्वागत समारोह में यह टिप्पणी करते हुए कहा कि चीन और अमेरिका मिलकर वैश्विक खाद्यान्न का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं और कुल खाद्यान्न का एक-चौथाई उपभोग करते हैं। चीन को श्रम-प्रधान कृषि उत्पादों में तुलनात्मक लाभ प्राप्त है, जबकि अमेरिका मशीनीकृत, बड़े पैमाने पर उत्पादन के माध्यम से भूमि-प्रधान कृषि वस्तुओं में विशेषज्ञता रखता है, इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकी सोयाबीन निर्यात परिषद और खाद्य पदार्थों, देशी उत्पादों और पशु उप-उत्पादों के आयात और निर्यात के लिए चीन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था, जिसमें दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया। जी ने कहा कि कृषि आदान-प्रदान और सहयोग ने न केवल दोनों देशों के उपभोक्ताओं के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध कराए हैं, बल्कि अमेरिकी किसानों की जेब में भी अधिक पैसा डाला है।

## एससीओ में शामिल होने के लिए कई देशों की रुचि बढ़ी: चीन

**मास्को।** रूस में चीनी राज.दूत झांग हानहुई ने कहा है कि कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का भविष्य में विस्तार हो सकता है क्योंकि अधिक से अधिक देश इसमें शामिल होने में रुचि दिखा रहे हैं। झांग ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को दिए साक्षात्कार में कहा कि वर्तमान में, अधिक से अधिक देश इस संगठन में शामिल होने या इसके साथ सहयोग मजबूत करने में रुचि दिखा रहे हैं। यह एससीओ अवधारणा के बारे में उनकी गहरी समझ और इसके विकास की संभावनाओं में उनके विश्वास की पूरी तरह पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि एससीओ का विस्तार, इस संगठन की समग्र शक्ति और क्षेत्रीय प्रभाव को मजबूत करता है लेकिन यह कभी भी एक उद्देश्यपूर्ण कार्य नहीं होकर विकास का एक स्वाभाविक परिणाम रहा है।

## भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर

### भारत और फिजी की आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार, दोनों देशों के बीच बातचीत के बाद बोले मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका, हैदराबाद हाउस में भारत और फिजी के बीच हुए समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने। प्रधानमंत्री मोदी और उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका प्रधानमंत्री मोदी की बुधवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता हुई।

इस दौरान पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन को फिजी के लिए खतरा बताते हुए कहा कि हम आपदा प्रतिक्रिया से निपटने में उसकी मदद करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों से बंटे हुए हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। इस दौरान फिजी के नेता भी उनके साथ थे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 33 वर्षों के बाद, 2014 में, किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने फिजी का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि यह मेरा सौभाग्य था। उस समय, हमने फारेन फार



**पीएम मोदी व उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए**

इंडिया पैसिफिक आइलैंड कोऑपरेशन-एफआईपीआईसी का गठन किया था। इस पहल ने न केवल भारत-फिजी संबंधों को बल्कि पूरे प्रशांत क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को भी मजबूत किया। प्रधानमंत्री राबुका की इस यात्रा के साथ, हम अपने संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ रहे हैं। भारत और फिजी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिजी के समकक्ष सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता के बाद अपने रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों की दूरी पर हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत और फिजी एक स्वतंत्र, समावेशी, खुले, सुरक्षित और समृद्ध भारत-प्रशांत का समर्थन करते हैं। राबुका तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में फ़िजी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ बढ़ाने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में, भारत फ़िजी के साथ अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मोदी और राबुका के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक बनाने के लिए सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



## दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट टला

### ग्राउंड सिस्टम में खराबी पता चली, अब कल सुबह 3 बजे होगी लॉन्चिंग

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट ग्राउंड सिस्टम में आई खराबी के कारण टाल दिया गया है।

ग्राउंड सिस्टम में खराबी का मतलब है कि राकेट लान्च करने के लिए जमीन पर मौजूद उपकरणों, मशीनों या सिस्टम में कोई तकनीकी समस्या आ गई है। इसे आज यानी, 25 अगस्त को बोका चिका से सुबह 5 बजे लान्च किया जाना था। अब भारतीय समय के अनुसार मंगलवार सुबह 5 बजे इसे लान्च किया जाएगा। इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था।

**इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था**

इस टेस्ट में राकेट को जमीन पर रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लान्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट के दौरान राकेट के ऊपरी हिस्से में अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। राकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। वहीं सुपर हेवी बूस्टर को लान्च साइट पर वापस नहीं लाया जाएगा। इसकी अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई जाएगी। ऐसा जरूरी डेटा जुटाने के लिए क्या जाएगा। स्टेज सेपरेशन के बाद बूस्टर एक कंट्रोल्ड दिशा में फ्लिप करेगा और फिर बूस्टबैक बर्न शुरू करेगा। इसमें कम प्रोपेलेंट रिजर्व रखने की जरूरत होती है, जिससे चढ़ाई के दौरान ज्यादा प्रोपेलेंट इस्तेमाल हो सकता है और आर्बिट में ज्यादा पेलोड ले जाया जा सकता है।

## सना पर इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या छह हुई

**काहिरा।** यमन की राजधानी सना पर सोमवार को हुए इज़रायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। हूथी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने सोशल मीडिया पर कहा कि अंतिम आंकड़ों के अनुसार, इजरायली आक्रमण में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमनी सूत्र ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इज़रायल ने यमनी राजधानी और उसके बाहरी इलाकों पर रविवार को हवाई हमले किए थे। इन हवाई हमलों में सना में राष्ट्रपति भवन के पास एक सैन्य शिविर, एक बिजली संयंत्र और एक तेल कंपनी के प्रतिष्ठान को निशाना बनाया गया।

## चीनी टेलीग्राम चैनल पर महिलाओं की प्राइवेट तस्वीरें लीक

**चैनल पर एक लाख से ज्यादा मेंबर्स, स्कैंडल के खिलाफ कैंपेन को सरकार ने दबाया**

**बीजिंग।** चीन में महिलाओं की प्राइवेसी से जुड़ा बड़ा स्कैंडल सामने आया है। टेलीग्राम पर चल रहे एक सीक्रेट चैनल मास्क पार्क ट्रीहोल फोरम में हजारों महिलाओं की इंटिमेट फोटो और वीडियो शेयर किए जा रहे थे।

सीएनएन की खबर के मुता.बिक, चैनल के 1 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर थे। चीन में सिर्फ वीपीएन के जरिए चैनल को एक्सेस किया जा सकता था। पीड़ितों में शामिल महिला एमएसडी (20) ने बताया- उनके एक्स-बॉयफ्रेंड ने उनकी निजी तस्वीरें लीक कर दीं। एमएसडी के मुताबिक-उसे इसकी जानकारी तब मिली जब एक अनजान शख्स ने सबूत भेजकर बताया कि उसकी (एमएसडी) सोशल मीडिया डिटेल्स और वीडियो इस चैनल पर घूम रहे हैं। जब उसने एक्स-बॉयफ्रेंड से पूछा तो उसने 3 लोगों को तस्वीरें भेजने की बात मानी, लेकिन असल में लीक कहीं ज्यादा बड़ा था। पीड़ित ने कहा कि यह घिनौना है...जैसे हमें बार-बार वर्बल रेप किया जा रहा हो, हैरानी की बात है कि ये लोग अपनी ही फैमिली के बारे में भी फैंटेसी कर रहे हैं। इस चैनल पर महिलाओं की तस्वीरों के साथ-साथ नाबा.लिगों, अपराधियों की रिश्तेदार महिलाओं की भी तस्वीरें डाली गई थीं एमएसडी ने कहा कि पिछले महीने सोशल मीडिया पर इस बात खुलासा किया था। तब मामले ने तूल पकड़ा।

## गाजा में हॉस्पिटल पर इजरायल का मिसाइल हमला, 15 की मौत

**गाजा।** गाजा के हेल्थ मंत्रालय के मुताबिक, सोमवार को दक्षिणी गाजा में नासर हास्पिटल की चौथी मंजिल पर इजरायली मिसाइल हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन पत्रकार शामिल हैं। मरने वालों में अल जजीरा और रायटर्स के पत्रकार थे। हेल्थ मंत्रालय ने बताया कि यह हमला एक 'डबल-टैप' हमला था, जिसमें लगातार दो मिसाइल हमले हुए। इससे रेस्क्यू का काम और ज्यादा खतरनाक हो गया। इजरायली सेना ने इस हमले पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि, इजरायल ने पहले अस्पतालों पर हमलों को यह कहकर जायज ठहराया है कि वहां हमास के आतंकवादी कमांड और कंट्रोल सेंटर चला रहे थे। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) के मुताबिक, इजरायल-हमास संघर्ष अब तक कुल 192 पत्रकार मारे गए हैं। जबकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 200 से ज्यादा पत्रकारों के मारे जाने की कही गई है। इस जंग के मुकाबले अब तक रूस-यूक्रेन वार में सिर्फ 18 पत्रकारों की मौत हुई है।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108